राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 40
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
गुरुवार 25 अगस्त 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपनी परिषद की बैठक में विभिन्न नागरिक और कर्मचारी केंद्रित प्रस्तावों को मंजूरी दी
पेज 5 बिजनौर पेशी पर ले जाया जा रहा एक लाख इनामी आदित्य राणा शाहजहांपुर से फरार
पेज 7 'परमाणु बम का बटन दबाने में देर नहीं करूंगी' ब्रिटिश पीएम की उम्मीदवार बोलीं

## दिव्यांग स्कूल के 2 छात्रों की फूड पॉइजनिंग से मौत

### नासिक के सरकारी रेसिडेंशियल स्कूल में खिचड़ी खाने के बाद बिगड़ी तबीयत, 6 अस्पताल में

नासिक। नासिक में बुधवार को फूड पॉइजनिंग से दो दिव्यांग बच्चों की मौत हो गई। मामला इगतपुरी शहर में स्थित मतिमंद गवर्नमेंट रेसिडेंशियल स्कूल का है। 6 अन्य स्टूडेंट्स भी विषाक्त भोजन खाने से बीमार हैं, इनमें दो की हालत गंभीर है। दोनों का इलाज नासिक के जिला अस्पताल में चल रहा है।

वहीं 4 स्टूडेंट्स इगतपुरी के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्टूडेंटस को दी गई खिचड़ी के नमूने लिए गए हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नासिक के एसपी ने बताया कि मतिमंद गवर्नमेंट रेसिडेंसियल स्कूल में मंगलवार की रात खिचड़ी खाने के बाद 8 स्टूडेंट्स अचानक उल्टियां करने लगे। इसके बाद इन्हें इगतपुरी के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दो बच्चों की मौत हो गई। दो की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें नासिक जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इस स्कूल में 120 स्टूडेंट्स रहते हैं।



#### ड्यूटी से गायब थें मेडिकल ऑफिसर

घटना के बाद जब स्टूडेंट्स को अस्पताल लाया गया, तब यहां के मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रदीप इंगोले और डॉ. स्वरूपा देवरे ड्यूटी से गायब थें। इस पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई। इगतपुरी ग्रामीण अस्पताल के डॉ. एम बी देशमुख ने इन बच्चों का इलाज किया।

## 42 जगहों पर सीबीआई-ईडी की रेड

### बिहार में आरजेडी फाइनेंसर समेत 6 नेताओं पर सीबीआई छापा, टीम के हाथ लगे 200 सेल डीड के पेपर

पटना/ नई दिल्ल। सीबीआई और ईडी की टीम ने बुधवार को देशभर में 42 ठिकानों पर छापेमारी की। सीबीआइ की टीम ने बिहार में ही राजद के 6 नेताओं समेत 25 ठिकानों पर छापा मारा। इनमें RJD के 2 राज्यसभा सांसदों के अलावा पूर्व विधायक, पूर्व एमएलसी, पार्टी के फाइनेंसर अबु दोजाना और लालू के OSD रहे भोला यादव शामिल हैं। भोला बिहार में बालू माफिया के नाम से भी प्रसिद्ध हैं।



एक टीम गुरुग्राम के अर्बन क्यूब 71 मॉल भी पहुंची है। सीबीआई सूत्रों का कहना है कि मॉल लालू प्रसाद यादव के बेटे और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का है। इसे दोजाना की कंपनी बना रही है। इधर, विधानसभा में तेजस्वी ने कहा- मॉल मेरा नहीं है। उसका उद्घाटन भाजपा सांसद ने किया था।

#### इन नेताओं के घर छापेमारी

सीबीआई ने आरजेडी के छह नेताओं के घर छापा मारा। इनमें MLC सुनील सिंह, राज्यसभा सांसद अशफाक करीम, राज्यसभा सांसद फैयाज अहमद, पूर्व MLC अबु दोजाना, पूर्व MLC सुबोध राय और लालू के करीबी और बालू माफिया सुभाष यादव शामिल हैं। सीबीआई की टीम सुबह 8 बजे इन नेताओं के घर पहुंची थी। लैंड फॉर जॉब के केस में 5 सेल डीड का जिक्र था। आज 25 लोकेशनों पर हुई छापेमारी के दौरान सीबीआई ने अभी दावा किया है कि उनकी टीम के हाथ 200 सेल डीड के पेपर मिले हैं। जांच एजेंसी इसे अपने हाथ लगे बड़ा सबूत मान रही है। पीआरओ के अनुसार छापेमारी की कार्रवाई अब खत्म हो गई है।

#### सीबीआई ने 3 महीने पहले दर्ज की थी एफआईआर

**दरअसल यह घोटाला यूपीए-1 सरकार में लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। आरोप है कि जब लालू यादव रेल मंत्री थे तो जॉब लगवाने के बदले जमीन और प्लॉट लिए गए थे। इस मामले में सीबीआई ने लालू यादव के करीबी भोला यादव को गिरफ्तार किया था। साल 2004 से 2009 में जब लालू यादव रेल मंत्री थे तब भोला यादव उनके ओएसडी थे। सीबीआई ने 18 मई 2022 को एफआईआर दर्ज की थी। इसमें लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव समेत अन्य लोगों के नाम है। सीबीआई ने इसी साल राबड़ी आवास पर छापेमारी की थी। इसमें तेजस्वी यादव के कमरे से कई दस्तावेज सामने आने की बात कही गई थी।**

#### लालू की फैमिली छापे पर भड़की

लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सीबीआई की कार्रवाई पर भाजपा का नाम लिए बगैर कहा- ये बलात्कारी पार्टी है।
फ्लोर टेस्ट के पहले ही नीचता पर आ गई है। अपने पोसुआ को डराने के लिए भेजा है।

## ओडिशा में प्राइवेट स्कूल ने 34 बच्चों को बंधक बनाया

### 5 घंटे तक भूखा-प्यासा रखा, वॉशरूम भी नहीं जाने दिया; मैनेजमेंट पर हुई एफआईआर

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के एक निजी स्कूल ने फीस न चुका पाने की सजा बच्चों को दी। भुवनेश्वर के प्राइवेट एपीजे स्कूल ने करीब 34 बच्चों को बंधक बनाकर रखा। मामला 22 अगस्त का है। पेरेंट्स की शिकायत के बाद घटना सामने आई। इसके बाद मंगलवार को भुवनेश्वर पुलिस ने स्कूल के CEO, वाइस प्रिंसिपल और मैनेजमेंट के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।



#### डिप्रेशन में आए बच्चे को देखकर घटना का पता चला

एपीजे स्कूल में 5वीं में पढ़ने वाले बच्चे के पिता ने बताया कि सोमवार को जब उनका बेटा घर लौटा तो वह डिप्रेशन में था। पूछने पर उसने कहा कि एग्जाम के बाद उसे बाकी बच्चों के साथ बंद कर दिया गया। वहां पंखा भी नहीं चल रहा था। न बच्चों को टिफिन लाने दिया और न ही वॉशरूम जाने दिया। पैरेंट ने यह भी कहा कि वे स्कूल से महज 100 मीटर दूर थे। स्कूल मैंनेजमेंट उन्हें फोन कर सकता था। हालांकि मैंने शाम को ही स्कूल फीस भर दी थी। लेकिन इस तरह के आपराधिक मामले को ऐसे ही नहीं छोड़ा जा सकता।

#### इतने टॉर्चर के बाद नोटिस भी बच्चों के हाथ भिजवाया

स्कूल मैनेजमेंट में 5 घंटे बीत जाने पर बच्चों को कमरे से बाहर निकाला और उनके हाथों में फीस जमा करने का नोटिस थमा दिया। कुछ पैरेंट्स ने यह भी कहा कि इतना प्रताड़ित करने के बावजूद बच्चों के हाथ नोटिस भिजवाने की क्या जरूरत थी। एक स्टूडेंट की मां ने कहा कि स्कूल में 900 बच्चे हैं, लेकिन हैरानी है कि स्कूल ने सिर्फ 30 बच्चों से इस तरह की मनमानी की। लॉकडाउन में भी स्कूल ने ट्यूशन फीस में कमी नहीं की थी बल्कि इस सेशन में इसे 15-20 प्रतिशत बढ़ा दिया है।

## कांग्रेस का यूट्यूब चैनल डिलीट हुआ

### पार्टी बोली- तकनीकी खराबी या हैकिंग, इसकी जांच हो

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी का यूट्यूब चैनल डिलीट हो गया है। पार्टी ने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी। कांग्रेस ने कहा- हमारा यूट्यूब चैनल इंडियन नेशनल कांग्रेस डिलीट हो गया है। हम इसे रीस्टोर करने की कोशिश कर रहे हैं। यूट्यूब-गूगल की टीम से बातचीत जारी है। जांच की जा रही है कि यह कैसे हुआ ?

पार्टी के मुताबिक अकाउंट डिलीट होने के पीछे इस बात की जांच की जा रही है कि इसके पीछे कोई तकनीकी गड़बड़ी है या किसी ने हैक किया है। बताया जा रहा है कि पार्टी ने अपने चैनल को फिर रीस्टोर करने की मांग की है। इसके लिए कांग्रेस ने यूट्यूब और गूगल दोनों से संपर्क किया है।

कांग्रेस का यूट्यूब अकाउंट ऐसे समय में डिलीट हुआ है, जब पार्टी अगले महीने सात सितंबर से भारत जोड़ो अभियान शुरू करने जा रही है। कांग्रेस के इस अभियान से पहले यूट्यूब अकाउंट का डिलीट होना कई सारे सवाल भी खड़ा करता है। इधर, कांग्रेस नेता जयवीर शेरगिल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। देश में अब तक सिर्फ नेताओं, बड़ी हस्तियों के ट्विटर अकाउंट के हैक होने की खबरें आती रही हैं, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी नेशनल पार्टी का पूरा यूट्यूब अकाउंट ही डिलीट हुआ हो। हालांकि अकाउंट किस वजह से डिलीट हुआ, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। यहीं कारण है कि कांग्रेस ने जांच के आदेश के दिए हैं। पार्टी की तरफ से कहा गया है कि जल्द ही इस समस्या को दूर कर लिया जाएगा। बता दें कि कांग्रेस के यूट्यूब चैनल में 20 लाख सब्सक्राइबर हैं।

## पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी पर विवाद के बाद हैदराबाद में अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात, कई संस्थान भी बंद

हैदराबाद। भारतीय जनता पार्टी के निलंबित विधायक राजा सिंह की पैगंबर मोहम्मद को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ रातभर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद बुधवार को सुबह शहर के कुछ हिस्सों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। कुछ शैक्षणिक संस्थान भी किसी अप्रिय घटना की आशंका के कारण बंद रहे। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन के विधायक सैयद अहमद पाशा कादरी ने बुधवार को तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष पी. श्रीनिवास रेड्डी को पत्र लिखा और पैगंबर मोहम्मद के बारे में कथित रूप से टिप्पणी करने को लेकर सदन में भाजपा के नेता टी. राजा सिंह के खिलाफ निष्कासन की प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध किया। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है।

#### बीजेपी ने किया पलटवार

भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि टीआरएस मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के परिवार पर लगे कुछ आरोपों से ध्यान हटाने के लिए सांप्रदायिक दंगे भड़काने की कोशिश कर रही है जबकि सत्तारूढ़ पार्टी ने ध्रुवीकरण की राजनीति के लिए भाजपा की आलोचना की। सिंह की रिहाई से नाराज लोग मंगलवार देर रात सड़कों पर उतर आए, जिसके बाद चारमीनार इलाके सहित शहर के कई हिस्सों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।



#### वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ा विवाद

विधायक ने स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी और धर्म विशेष की आलोचना करते हुए सोमवार को एक वीडियो जारी किया था। वीडियो में सिंह धर्म के खिलाफ कथित तौर पर कुछ टिप्पणी करते दिख रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने उन्हें मामले में गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, बाद में एक स्थानीय अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी।

#### बड़ी संख्या में मुस्लिम युवकों ने किया प्रदर्शन

सहायक पुलिस आयुक्त (चारमीनार) जी. बिक्षम रेड्डी ने बुधवार को कहा कि जहां भी आवश्यकता थी वहां अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। रात को प्रदर्शन किया गया था। हालांकि स्थिति अब शांतिपूर्ण बनी हुई है। एआईएमआईएम के विधायक पुराने शहर के कई हिस्सों में पहुंचे जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम युवकों ने काले झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित विवादित टिप्पणी पर हंगामे के बाद भाजपा ने सिंह को पार्टी से निलंबित कर दिया था।

## महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर भिड़े शिंदे-उद्धव गुट के विधायक

### मानसून सत्र के दौरान हुआ हंगामा, विपक्ष ने लगाए '50 खोके एकदम ओके' के नारे

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा में मानसून सत्र का आज पांचवां दिन है। सत्र की शुरुआत सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हंगामे से हुई। उद्धव गुट और शिंदे गुट के विधायक आपस में भिड़ गए। दोनों गुटों ने एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की भी की। विधानसभा की सीढ़ियों पर विपक्ष ने सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ नारे लगाए।

उद्धव गुट के विधायकों ने शिंदे गुट के लिए '50 खोके... एकदम ओके' का नारा लगाया। इस नारे की आड़ में शिंदे गुट पर 50 करोड़ लेकर बिक जाने का आरोप लगाया गया। महंगाई और किसानों के मुद्दे उठाने और सरकार से जवाब मांगने के लिए एनसीपी विधायक गाजर लेकर पहुंचे। गाजर को लेकर भी दोनों गुटों के बीच छीनाझपटी शुरू हो गई। दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं ने आगे आकर विधायकों को शांत कराया। इसके बाद ही सदन की कार्रवाई शुरू हो पाई।



#### भाजपा विधायक ने की धर्मांतरण विरोधी कानून बनाने की मांग

भाजपा विधायक नितेश राणे ने आज सदन में कहा कि राज्य के अहमदनगर में धर्म परिवर्तन के नाम पर नाबालिग लड़की पर अत्याचार हुआ है। ऐसी घटनाएं राज्य में बढ़ रही हैं। राणे ने कहा कि हिंदू लड़कियों को फंसाने के लिए लड़कों को बाकायदा रेट कार्ड दिया गया है, जिसके तहत इन लड़कों को पैसे मिलते हैं।

राणे का कहना है कि हिंदू लड़कियों को राज्य में टारगेट किया जा रहा है और इसीलिए अन्य राज्यों की तरह महाराष्ट्र में भी धर्मांतरण विरोधी कानून बनाया जाना चाहिए।

## 'अंगदान के मामले में भारत पीछे, जागरुकता का अभाव मुख्य कारण'

नयी दिल्ली। भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देशों में से एक होने के बावजूद अंगदान के मामले में भारत रूढ़ियों और कानूनी जटिलताओं आदि के कारण अन्य विकासशील देशों से बहुत पीछे है।

अंगदान को प्रोत्साहित करने के काम में ढाई दशक से लगी गैर सरकारी संस्था दधीचि देह दान समिति के अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, अंगदान के मामले में भारत के पीछे रहने के पीछे प्रमुख कारण जन जागरुकता की कमी, धार्मिक वर्जनाएं और जटिल कानून और उदासीन सरकारी ढांचा हो सकता है।

अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष में दधीचि ने अंगदान के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए अन्य संगठनों के साथ मिल कर राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए तीन सितंबर दिल्ली में एक सम्मेलन आयोजित किया है, जिसमें उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती जैसी हस्तियों के अलावा गैर सरकारी संगठनों और विभिन्न क्षेत्रों की ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। संगठन की विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, मीनाक्षी लेखी और भारती प्रवीण पंवार के साथ राजनीति और प्रशासन क्षेत्र के बहुत से लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## दिल्ली सरकार तैयार करवा रही है 11 नए अस्पताल

नयी। दिल्ली सरकार राजधानी की हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 11 नए अस्पताल तैयार करवा रही है जिससे अस्पतालों में 10,000 से ज्यादा बिस्तरों की बढोतरी होगी। उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को पीडब्ल्यूडी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ इस बाबत बैठक कर निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सिरसपुर, ज्वालापुरी, मादीपुर, हस्तसाल(विकासपुरी) में बन रहे अस्पतालों के साथ-साथ 6838 आईसीयू बेड्स की क्षमता के साथ बनाए जा रहे सात नए सेमी-पर्मानेंट अस्पतालों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जाँच की। श्री सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्त्व में दिल्ली सरकार दिल्ली में हर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार में आने के पहले दिन से ही दिल्ली के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय बनाना और दिल्ली के हर नागरिक को शानदार स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाना हमारी प्राथमिकता रही है।

## ईडी ऐड

### सीएम हेमंत सोरेन के करीबी के घर तिजोरी में रखी थीं, दो पुलिसकर्मी सस्पेंड


## झारखंड में ईडी के छापे के दौरान मिली दो एके-47

रांची। झारखंड के खनन घोटाले में बुधवार को 16 ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा। श्रह्लहेमंत सोरेन के करीबी प्रेम प्रकाश के रांची स्थित ठिकानों पर रेड मारी गई। प्रेम प्रकाश के घर तिजोरी से 2 एके-47 राइफल बरामद की गई। 60 कारतूस भी मिले।

इसकी तस्वीरें सामने आई हैं।

रांची के अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार का दावा है कि दोनों एके -47 और कारतूस जिला पुलिस के जवानों के हैं। देर शाम दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया।

प्रेम प्रकाश के पुराने दफ्तर में भी छानबीन की गई। यह ऑफिस पिछले कुछ दिनों से बंद है। प्रेम प्रकाश के 11 ठिकानों पर रेड हुई। झारखंड की राजनीति में प्रेम प्रकाश की मजबूत पैठ मानी जाती है। इससे पहले भी ईडी ने प्रेम को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, कुछ घंटे सवाल करने के बाद ईडी ने उसे छोड़ दिया था।



#### प्रेम प्रकाश के कई करीबी सीए के घर पर भी छापेमारी

इस कार्रवाई के बारे में स्थानीय पुलिस को भनक तक नहीं लगने दी गई।

ईडी रांची में सीए एमके झा, यस एंड कंपनी की चार्टर्ड अकाउंटेंट अनीता कुमारी के घर भी कागजात खंगाला। लालपुर के जतिन चंद्रा रोड स्थित सिंह अपार्टमेंट में अनीता कुमारी का 1-ए नंबर में फ्लैट है, इसमें भी छापेमारी की गई। एक टीम ने प्रेम प्रकाश के सासाराम स्थित घर पर भी तलाशी ली है।

#### अंडा सप्लाई करने वाले से पावर ब्रोकर बना प्रेम प्रकाश

कभी मिड डे मील में अंडा सप्लाई का काम करने वाला प्रेम प्रकाश 8 साल में झारखंड की सत्ता का पावर ब्रोकर बन गया। IAS-IPS अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग से लेकर कई ठेकों को मैनेज करने में प्रेम प्रकाश का बड़ा रोल रहा है। 8 साल पहले 2015-16 में राज्य सरकार द्वारा रेडी टु ईट फूड की व्यवस्था की गई।

इसी मिड डे मील में अंडे की सप्लाई का काम प्रेम प्रकाश को मिला था। इसके रास्ते ये धीरे-धीरे अपनी पैठ बनाता चला गया। बरियातू थाने के पीछे एक अपार्टमेंट के पेंट हाउस में आयोजित उसकी पार्टी में सत्ता से जुड़े तमाम नेता, अधिकारी शामिल होते थे।

#### अवैध माइनिंग केस में चल रही है कार्रवाई

यह रेड अवैध माइनिंग को लेकर की जा रही है। इस मामले में एजेंसी ने पहले ही कई जिलों के DMO को बुलाकर पूछताछ की है। साथ ही सीएम के प्रेस एडवाइजर समेत विधायक प्रतिनिधि से भी पूछताछ की है। सीएम के विधायक प्रतिनिधि फिलहाल ईडी की रिमांड पर हैं।

## देश में 24 घंटे में कोरोना के 10,649 नए मामलों की पुष्टि

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 10,649 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर चार करोड़ 43 लाख अड़सठ हजार 195 तक पहुंच गयी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 210.58 करोड़ टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से 32 और लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर पांच लाख 27 हजार 452 तक पहुंच गई है। देश में कोरोना सक्रिय मामलों की संख्या 96442 हो गयी है। सक्रिय मामलों की दर 0.22 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 2.62 प्रतिशत हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 10,677 लोग कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से मुक्त हुए है इसी के साथ इस बीमारी से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 4,37,44,301 हो गयी है।

देश में रिकवरी दर 98.59 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में 4,07,096 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 88.35 करोड़ से अधिक कोविड परीक्षण किए हैं।

देश में 37 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में पिछले 24 घंटे में 15 राज्यों में कोरोना सक्रिय मामले बढ़े हैं और बाकी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में इनकी संख्या में घटी है।

पंजाब में 280 कोरोना सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 16737 हो गयी है और इससे निजात पाने वालों की संख्या 747101 हो गयी है।

इस महामारी से तीन और मरीजों की जान जाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 17886 हो गया है।

## शार्ट न्यूज

### कटील को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से हटाना पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर

तुमकुर। कर्नाटक के आबकारी मंत्री के. गोपालाया ने कहा कि प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील को पद से हटाने का मामला केन्द्र के आलाकमान पर निर्भर है। श्री गापालाया ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि श्री कटील को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने के लिए सोशल मीडिया पर चल रहे मुद्दे पर वरिष्ठ नेताओं को अंतिम फैसला लेना होगा। उन्होंने कहा कि यह पार्टी का आंतरिक मामला है। वैसे भी तीन साल बाद इस पद पर और किसी को मौका देना पार्टी का नियम है। इस फैसला केन्द्र के वरिष्ठ नेताओं को लेना हैं। हम राज्य में इस बारे में निर्णय नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि हम सभी केंद्र के फैसले पर निर्भर हैं।

### तृणमूल ने त्रिपुरा प्रदेश अध्यक्ष को किया बर्खास्त

अगरतला। तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को त्रिपुरा प्रदेश अध्यक्ष सुबल भौमिक को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। प्रदेश अध्यक्ष को पार्टी में शामिल होने के एक वर्ष के अंदर ही आज अचानक बर्खास्त कर दिया गया। पार्टी ने एक बयान में कहा, सुबल भौमिक को तत्काल प्रभाव से त्रिपुरा तृणमूल कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष के रूप में उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया है। राज्य के प्रभारी राजीव बनर्जी और राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति तक पार्टी के कामकाज को देखेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक श्री भौमिक भारतीय जनता पार्टी में वापसी की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें हालांकि अभी इस संबंध में अंतिम आदेश नहीं प्राप्त हुआ है।

### कश्मीर पर टिप्पणी को लेकर पूर्व मंत्री के खिलाफ मामल दर्ज

पथनमथिट्टा (केरल)। केरल के पूर्व मंत्री के टी जलील के खिलाफ जम्मू-कश्मीर को 'भारतीय कब्जे वाले' के रूप में वर्णित करने और कश्मीर को पाकिस्तान के साथ 'आजाद कश्मीर' कहने के लिए पुलिस ने मामला दर्ज किया है। विश्वस्त सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मंगलवार को तिरुवल्ला प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कोर्ट के एक आदेश के बाद यह कार्रवाई की। विधायक जलील ने बाद में अपना बयान देते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी का गलत अर्थ निकाला गया। दिल्ली के एक थाना में उनके खिलाफ दायर एक शिकायत में आरोप लगाया गया कि उनके बयान से सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ और भारत की अखंडता एवं संप्रभुता पर सवाल उठाया गया। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने श्री जमील पर जम्मू-कश्मीर का वर्णन करने के लिए पाकिस्तानी भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से श्री जमील के बयान पर अपना रुख स्पष्ट करने की भी मांग की।

### सिक्किम में 7,793 को मिली सरकारी नौकरी

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री पी एस तमांग ने बुधवार को कहा कि सिक्किम में सरकारी पदों पर सीधी भर्ती करने के लिए एक पद्धति शुरू की गई है और रोजगार कार्ड धारक 7,793 युवाओं को नौकरी प्रदान की गई है। श्री तमांग विधानसभा में भाजपा विधायक डी आर थापा के एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि 77,912 रोजगार कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें से 7,793 लोगों को सरकारी नौकरी और 34,097 लोगों को अस्थायी नौकरी दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने बेरोजगारी के मुद्दे पर कहा कि राज्य में इस मुद्दे का समाधान करने के लिए हमें साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

### जयपुर डिस्कॉम में छह आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति

जयपुर। राजस्थान में जयपुर डिस्कॉम में निगम के मृतक कर्मचारियों के छह आश्रितों को अनुकम्पात्मक आधार पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रदान की गई है। जयपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना ने बताया कि सभी आश्रितों को अपने पदस्थापित स्थान पर आदेश जारी होने की तिथि से एक माह में कार्यग्रहण करने के निर्देश दिए गए है। श्री सक्सेना ने बताया कि निगम के मृतक कर्मचारियों के आश्रितों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुए दो को वाणिज्यिक सहायक द्वितीय के पद पर एवं चार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दी गई है। निगम द्वारा बुधवार को जारी आदेश के अनुसार सभी को दो वर्ष की परीवीक्षाकाल अवधि पर अस्थाई नियुक्ति दी गई है। परीवीक्षाकाल अवधि के दौरान इनको नियत मासिक पारिश्रमिक देय होगा तथा परीवीक्षाकालावधि सफलतापूर्वक पूरी करने पर इन्हे नियमित वेतनमान अनुज्ञात किया जाएगा।

### लम्पी स्किन बीमारी की रोकथाम के लिए कोरोना की तरह प्रयास करने की जरुरत

भीलवाड़ा। वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण संस्था पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने कहा है कि राज्य सरकार को गोवंश में फैल रहे लंपी स्किन बीमारी को गंभीरता से लेकर इसकी रोकथाम के लिए कोरोना की तरह प्रयास करने चाहिए। श्री जाजू ने आज यहां अपने बयान में पशुओं में लम्पी वायरस के बढ़ते खतरे को मद्देनजर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि राज्य के कई जिलों में बड़ी संख्या में पशुओं का लम्पी वायरस से ग्रसित होने से यह महामारी का रूप ले सकती है। ऐसे में इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के समय में पशुओं का एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाना और ले जाना भी बंद किया जाना चाहिए ताकि इस बीमारी को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि बीमारी से ग्रस्त पशुओं को होमआईसोलेट करना पड़ रहा है वहीं मृत्यु के बाद दूर स्थान पर गड्ढा खोदकर दफनाना पड़ रहा है।


### गहलोत ने राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जम्बूरी के आयोजन के लिए 24.70 करोड़ रूपए की मंजूरी दी

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पाली जिले के रोहट में अगले वर्ष चार जनवरी से आयोजित होने वाले स्काउट एवं गाइड के सबसे बड़े कार्यक्रम राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जम्बूरी के आयोजन के लिए 24 करोड़ 70 लाख रूपए के वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दी है। श्री गहलोत ने इसमें राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को 10 करोड़ रूपए की राशि हस्तांतरित करने की भी स्वीकृति दी है। यह कार्यक्रम आगामी चार से दस जनवरी तक रोहट में आयोजित होगा। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की मेजबानी में होने वाली 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में 1500 विदेशी सहित देशभर से 35 हजार से अधिक स्काउट एवं गाइड हिस्सा लेंगे। राजस्थान को 66 साल बाद राष्ट्रीय जंबूरी की मेजबानी मिली है। इस सात दिवसीय जम्बूरी में स्टेट द्वार, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, एडवेंचर वैली, ग्लोबल विलेज डवलपमेंट, इंटीग्रेशन गेम्स, मार्च पास्ट, कलर पार्टी, लोक नृत्य, शारीरिक प्रदर्शन, राज्य दिवस प्रदर्शनी, बैंड प्रदर्शन, रॉक क्लाइंबिंग, पैरासेलिंग एवं वाटर एक्टिविटीज जैसी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

### धौलपुर, करोली एवं सवाईमाधोपुर ज़िलों में बाढ़ से हालात बिगडे

भरतपुर। राजस्थान में सक्रिय नये वेदर सिस्टम के आफत बनकर बरसने से भरतपुर सम्भाग के तीन जिलों धौलपुर, करोली एवं सवाईमाधोपुर जिलो में बाढ़ से हालात हर पल बिगड़ रहे हैं। संभाग के इन जिलों में स्थानीय प्रशासन के अलावा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया हैं। सेना और एनडीआरएफ (नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स) की टीमें लगातार लोगों को बचाने में जुटी हैं लेकिन अब भी अनेक लोगों को मदद का इंतजार है। धौलपुर में चंबल नदी 26 साल का रिकॉर्ड तोड़ने के करीब है। यहां नदी का लेवल 142 मीटर के ऊपर पहुंच गया है जो कि खतरे के निशान से करीब 12 मीटर अधिक है। नदी के बुधवार शाम तक खतरे के निशान से 15 मीटर ऊपर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है जो 1996 के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब है। करौली एवं धौलपुर में दूर-दराज के गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। भारी मात्रा में पानी की आवक से स्थानीय नदी नाले उफान पर है गांव टापू बन गए हैं और ट्रैफिक बंद हो गया है। धौलपुर में 80 गांवों में अलर्ट जारी किया गया है तो करौली के गांवों से भी लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है।

# कैंसर से डरने की जरूरत नहीं, बहुत लोगों ने इसे हराया है : मोदी



मोहाली। पीएम नरेंद्र मोदी ने पंजाब के मोहाली में होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया है। फरीदाबाद में 2,600 बेड के अमृता अस्पताल के उद्घाटन के बाद पीएम नरेंद्र मोदी सीधे पंजाब पहुंचे और अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर पंजाब के सीएम भगवंत मान भी मौजूद थे। इस अस्पताल में 300 बेड की सुविधा मौजूद है। इसके अलावा कैंसर के इलाज के लिए जरूरी सभी तकनीकी सुविधाएं भी यहां दी गई हैं। टाटा मेमोरियल सेंटर की ओर से 660 करोड़ रुपये की फंडिंग से इसे तैयार किया गया है।

यह अस्पताल पंजाब के अलावा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और उत्तराखंड के लोगों को बड़ी सुविधा देगा। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें कैंसर से घबराने की जरूरत नहीं है।

मैं ऐसे बहुत से लोगों को जानता हूं, जिन्होंने इसे मात दी है। उन्होंने कहा कि कैंसर से लड़ाई में जिन भी चीजों की जरूरत होगी, वह सरकार की ओर से मुहैया कराई जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी कोशिश है कि देश के हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश में 400 से भी कम मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन तब से अब तक 8 सालों में ही देश भर में 200 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार हेल्थ सेक्टर में 6 चीजों पर फोकस कर रही है। ये हैं प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, गांवों में भी सुविधाएं, हर जिले में मेडिकल कॉलेज और पैरामेडिकल्स की संख्या में इजाफा करना।

### बेटे ने चाकू से गोदकर की मां की बेरहमी से हत्या

**सिरसा।** हरियाणा के नाथूसरी चौपटा थाना अंतर्गत गांव रामपुरा ढिल्लों में मंगलवार दोपहर बाद को बेटे ने चाकू से गोदकर अपनी विधवा मां की बेरहमी से हत्या कर दी। बताया जाता है कि बेटा अपनी मां के चरित्र पर शक करता था। सूचना मिलने पर नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी राजाराम, जमाल पुलिस चौकी प्रभारी रामकुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल में भेज दिया। बेटे पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजा राम डूडी पुलिस थाना प्रभारी नाथूसरी चौपटा के अनुसार रामपुरा ढिल्लों निवासी करीब 55 वर्षीय परमेश्वरी देवी उर्फ गुड्डी पत्नी रामकुमार पर उसके बेटे रतन सिंह ने मंगलवार दोपहर को घर में ही चाकुओं से हमला कर दिया। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो परमेश्वरी देवी की मौत हो चुकी थी।

# उत्तराखंड की महिलाओं को मिलने वाले 30 प्रतिशत आरक्षण पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने बुधवार को जारी अपने महत्वपूर्ण आदेश में उत्तराखंड मूल की महिलाओं को सरकारी सेवा में मिलने वाले 30 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय के इस आदेश से सरकार सकते में है।

उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा की 12 महिला उम्मीदवारों की ओर से उत्तराखंड सरकार के इस आदेश को चुनौती दी गयी थी। पवित्रा चौहान और अन्य की ओर से इसी साल एक याचिका दायर कर कहा गया कि उत्तराखंड सरकार ने 24 जुलाई, 2006 को एक शासनादेश जारी कर उत्तराखंड मूल की महिलाओं के लिये सरकारी सेवा में क्षैतिज आरक्षण 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया।

याचिकाकर्ताओं की ओर से आगे कहा गया कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से 224 पदों के पिछले साल अगस्त में विज्ञप्ति जारी की गयी। तीन अप्रैल, 2022 को परीक्षा संपन्न हुई और 26 मई 2022 को परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया लेकिन आयोग ने कट ऑफ जारी कर उन्हें मुख्य परीक्षा से बाहर कर दिया।

याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी कहा गया प्रदेश सरकार का यह निर्णय गलत है और उनके साथ भेदभाव हुआ है। देश का संविधान ही अधिवास के आधार पर आरक्षण प्रदान करने की अनुमति देता है। राज्य सरकार का यह कदम असंवैधानिक है और संविधान की धारा 14, 16 व 19 और 21 का उल्लंघन है।

प्रारंभिक परीक्षा में सभी याचिकाकर्ताओं ने आयोग की ओर से निर्धारित कट ऑफ से अधिक अंक हासिल किये हैं।

### सीबीआई विशेष अदालत ने अनुब्रत को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा

कोलकाता/ आसनसोल। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने तृणमूण कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल को बुधवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। नेता को सात सितंबर को अदालत में पेश किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि श्री मंडल को सीमा पार कथित गौ तस्करी मामले में आज सुबह पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल में सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। तृणमूल कांग्रेस बीरभूम जिला इकाई के अध्यक्ष मंडल को 11 अगस्त को सीबीआई के सीमा पार से चल रहे पशु तस्करी घोटाले में कथित रूप से सहयोग न करने के आरोप में उनके गांव निचुपट्टी स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया था। शहर के निजाम पैलेस में सीबीआई के 10 समन भेजने पर भी उसे नजरअंदाज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था। आसनसोल की विशेष अदालत द्वारा 62 वर्षीय राजनेता को संघीय जांच एजेंसी के तहत रिमांड पर लेने के बाद वह पहले ही क्रमश: 10 और चार दिन के दो सप्ताह की सीबीआई हिरासत पूरी कर चके हैं।

# कांग्रेस नेता जयवीर शेरगिल ने राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से दिया इस्तीफा



### पार्टी के फैसलों पर उठाए सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता जयवीर शेरगिल ने बुधवार को राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया। जयवीर शेरगिल भारत के सर्वोच्च न्यायालय में पेशे से वकील हैं। सोनिया गांधी को लिखे अपने इस्तीफे में शेरगिल ने कहा है कि पार्टी में स्वार्थी हितों से प्रभावित होकर फैसले लिए जा रहे हैं। उन्होंने लिखा, मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि अब फैसले जनता और देश के हितों में नहीं लिए जाते हैं, बल्कि यह उन लोगों के स्वार्थी हितों से प्रभावित हैं जो चाटुकारिता में लिप्त हैं और लगातार जमीनी हकीकत की अनदेखी कर रहे हैं।

शेरगिल ने कहा, मैंने कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे का प्राथमिक कारण यह है कि कांग्रेस में निर्णय अब जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए नहीं किया जा रहा है। यह विशुद्ध रूप से एक मंडली से प्रभावित हो रहा है जो केवल चाटुकारिता में लिप्त है। जयवीर शेरगिल ने कहा, कांग्रेस पार्टी का निर्णय अब जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाता। मैं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से एक साल से अधिक समय से समय मांग रहा हूं, लेकिन उनके दफ्तर में हमारा वेलकम नहीं है।

उन्होंने कहा, पिछले 8 सालों में मैंने कांग्रेस से कुछ नहीं लिया बल्कि पार्टी में के लिए सबकुछ किया। आज जब मुझे लोगों के सामने झुकने के लिए मजबूर किया जा रहा है क्योंकि वे शीर्ष नेतृत्व के करीब हैं; तो यह मुझे मंजूर नहीं।

कथित तौर पर उन्हें पिछले कुछ महीनों से प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की अनुमति नहीं दी जा रही थी। शेरगिल का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब पार्टी के दिग्गज गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा उन्हें सौंपी गई भूमिका से इस्तीफा दे चुके हैं।

# तेजस्वी यादव के मॉल पर सीबीआई का छापा

### जॉब स्कैम में बढ़ सकती है बिहार के डिप्टी सीएम की मुश्किल

एजेंसी

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा में आज नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव सरकार फ्लोर टेस्ट में उतरने वाली है। इस बीच सीबीआई ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले की जांच तेज कर दी है। इस मामले में आरजेडी के एमएलसी सुनील सिंह समेत 4 नेताओं के ठिकानों पर बिहार में छापेमारी की है। यही नहीं इस जांच का दायरा गुरुग्राम तक पहुंच गया है और तेजस्वी यादव के मॉल पर छापेमारी की गई है। क्यूब्स 71 मॉल पर छापेमारी के लिए सीबीआई की टीम पहुंची है और पड़ताल की गई है। सीबीआई के सूत्रों का कहना है कि इस मॉल के निर्माण में



जॉब घोटाले से मिली रकम का इस्तेमाल किया गया है। कहा जा रहा है कि यह मॉल तेजस्वी यादव और उनके एक सहयोगी का है।

लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले की सीबीआई जांच कर रही है। बुधवार सुबह ही सीबीआई ने पटना में आरजेडी के एमएलसी सुनील सिंह और सांसद फैयाज अहमद के घर पर भी छापेमारी हुई है। इस मामले में सीबीआई ने पटना, कटिहार और मधुबनी के अलावा दिल्ली में कई ठिकानों पर छापेमारी की है। इसके अलावा हरियाणा के गुरुग्राम में तेजस्वी यादव के मॉल पर रेड डाली गई है। कुल मिलाकर 25 ठिकानों पर केंद्रीय एजेंसी ने छापा मारा है। इसे लेकर सियासत भी तेज हो गई है और आरजेडी ने इसे भाजपा की खीझ बताया है।

#### तेजस्वी बोले- सदन में दूंगा जवाब, राबड़ी ने कहा हम नहीं डरते

बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी का कहना है कि हम इस तरह के छापों से डरते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाफ ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। इसके अलावा तेजस्वी यादव ने सदन में ही इन छापों को लेकर जवाब देने की बात कही है। उन्होंने मीडिया से कहा कि आप लोग भी सदन में रहना। हम वहीं पर इन सभी बातों का जवाब देंगे। इसके अलावा आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा कि इसे ईडी, आईटी या सीबीआई का छापा कहना गलत है। यह भाजपा की ही रेड है। ये सभी एजेंसियां भाजपा के तहत ही काम करती हैं। इनके दफ्तर भाजपा की स्क्रिप्ट पर ही काम करते हैं।

# ट्रक लूटने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, चार सदस्य गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड की उधमसिंह नगर पुलिस ने बुधावर को ट्रक लूटने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा फरार अपराधियों की तलाश जारी है।

उधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टीएस मंजूनाथ ने रूद्रपुर में इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 18 अगस्त को रूद्रपुर-काशीपुर रोड से हरियाणा का एक ट्रक चोरी हो गया था।

ट्रक मालिक राम मेहरा निवासी ग्राम नौरथ, थाना इंद्री, करनाल, हरियाणा ने रूद्रपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया गया कि घटना के दिन वह और उसका बेटा ट्रक में सोये हुए थे।

इसी दौरान रात में कुछ बदमाशों ने उनका ट्रक चोरी कर लिया और उनके हाथ-पांव बांधकर बाजपुर दोराहा पर फेंक गये। रूद्रपुर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। चोरों को पकड़ने के लिये आठ टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने सबसे पहले दोराहा और आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया।

पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि इस घटना में अंतर्राज्यीय गिरोह शामिल है और वह ट्रक को हापुड़ ले गया है।

# विकसित राष्ट्र बनाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का विकसित होना जरूरी: मोदी

मोहाली (पंजाब)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश की स्वास्थ्य सेवाओं का भी विकसित होना जरूरी है और सरकार इसके लिए एक नहीं छह-छह मोर्चों पर काम कर रही है।

मोदी ने कहा कि देशवासियों को आधुनिक अस्पताल और इलाज की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और वे शीघ्र स्वस्थ होंगे तो उनकी ऊर्जा सही दिशा में लगेगी। प्रधानमंत्री यहां होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित और मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने स्वाधीनता दिवस संबोधन में देश को आजादी के अमृतकाल के अंत, 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना दिखाया है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने गत आठ वर्षों में देश में समग्र स्वास्थ्य सेवा सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा है। उन्होंने कहा, अच्छी स्वास्थ्य सेवा सुविधा प्रणाली का मतलब सिर्फ चारदीवारें बनाना नहीं होना है, हेल्थकेयर सिस्टम तभी मजबूत माना जाता है जब वह हर तरह से समाधान दे और देश का हर कदम पर साथ दे।

### हिमाचल प्रदेश के लोगों को कल केजरीवाल की दूसरी गारंटी देगी 'आप'

**चंडीगढ़/शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान को तेज करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) गुरुवार को राज्य के लोगों के लिए आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की दूसरी गारंटी की घोषणा करेगी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया हिमाचल प्रदेश के ऊना के कपिला फार्म की रैली में गारंटी का एलान करेंगे। पार्टी प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि आप हिमाचल के निवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए काम करना चाहती है।

# त्रिपुरा एडीसी के विपक्षी नेता ने छोड़ा भाजपा, टीआईपीआरए में शामिल

अगरतला। त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के दौरे से तीन दिन पहले राज्य के जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (एडीसी) में विपक्ष के नेता के रूप में हंगशा कुमार त्रिपुरा ने भाजपा छोड़ दी है और तिप्राहा स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन (टीआईपीआरए) में शामिल हो गए।

शाही वंशज प्रद्योत किशोर देववर्मन का तप्राहा स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन एडीसी चलाता है।

श्री हंगशा ने मंगलवार को धलाई जिले के करमचेरा और चौमानू आदिवासी आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों के 6000 अनुयायियों के साथ श्री प्रद्योत की पार्टी में शामिल हो गये। उन्होंने भाजपा पर 'सांप्रदायिक राजनीति' में लिप्त होने का आरोप लगाया।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्य में 'ऊपर से नीचे' तक 'बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार' ने विकास की गति को नीचे खींच लिया है। उन्होंने कहा, सब का साथ, सब का विकास (सबका साथ, सभी के लिए विकास) के नाम पर, भाजपा लोगों को झांसा दे रही है। वे ईमानदारी से केवल अपने नेताओं, विधायकों और मंत्रियों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं।

हंगशा ने कहा,उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादों के साथ त्रिपुरा के निर्दोष लोगों को गुमराह किया और सब कुछ दु:स्वप्न में बदल गया। प्रगति के बजाय, कई संकेतकों में त्रिपुरा गिरावट के चरण में है।

उन्होंने भाजपा नेताओं पर अपने 'व्यक्तिगत एजेंडे' को आगे बढ़ाने के लिए 'एक दूसरे के खिलाफ साजिश' करने का आरोप लगाया।

# मोटर वाहन निरीक्षक, एजेंट रिश्वत लेते गिरफ्तार

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के दौरान मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) जालंधर नरेश कलेर और एक निजी एजेंट रामपाल उर्फ राधे को वाहनों के लिए फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने के लिए संदिग्ध दस्तावेजों तथा 12.50 लाख रुपये रिश्वत राशि के साथ गिरफ्तार किया है।

राज्य सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि कुछ क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) कार्यालयों में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने के बाद ब्यूरो ने आज राज्य के सात जिलों अमृतसर, गुरदासपुर, फिरोजपुर, फरीदकोट, मनसा, जालंधर और होशियारपुर में छापेमारी की और एमवीआई कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि चेकिंग के दौरान विजिलेंस ब्यूरो एमवीआई की टीम ने संबंधित आरटीए कार्यालयों से वाहनों को फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने के संदिग्ध रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले विजिलेंस ब्यूरो आरटीए कार्यालय ने संगरूर में वाहन फिटनेस प्रमाणपत्र घोटाले का भंडाफोड़ किया था, जिसमें दो अधिकारियों और एक एजेंट को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में विजिलेंस ब्यूरो थाना पटियाला में आरटीए, एमवीआई, क्लर्क और निजी एजेंटों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

प्रवक्ता ने कहा कि एम.वी.आई. जालंधर के कार्यालय में कार्यरत एक एजेंट को गिरफ्तार कर लिया गया है। विजिलेंस ने पूछताछ में उसके पास से 12.50 लाख रुपये की रिश्वत की राशि बरामद की है। इस संबंध में विजिलेंस ब्यूरो के जालंधर थाने में एफआईआर संख्या 14 दिनांक 23-8-2022 आईपीसी, नरेश कलेर, एमवीआई, जालंधर और उनके कार्यालय से काम करने वाले 10 निजी एजेंटों के खिलाफ अधिनियम की धारा 120 बी और 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 7-ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार सभी वाणिज्यिक वाहनों को सड़कों पर चलने के लिए आरटीए कार्यालय से फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि यह सामने आया है कि विभिन्न जिलों में अधिकारी एजेंटों और बिचौलियों की मिलीभगत से प्रति वाहन भारी रिश्वत के बदले वाहनों के मॉडल के आधार पर वाहनों के भौतिक सत्यापन के बिना फिटनेस प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। इस प्रकार, कुछ आरटीए और एमवीआई स्वयं निरीक्षण किए बिना दस्तावेजों के आधार पर केवल भौतिक निरीक्षण के माध्यम से वाहनों को पारित कर रहे थे, जिन्हें मौके पर निरीक्षण के लिए निर्दिष्ट स्थान पर लाया जाना चाहिए।

### कोटा में ठेला लगाने के विवाद में चचेरे भाई का हत्या

कोटा। राजस्थान में कोटा के विज्ञान नगर थाना क्षेत्र में आज ठेला लगाने की बात पर फ्रूट का ठेला लगाने वाले दो चचेरे भाइयों के हुए विवाद में चाकू से हमला कर एक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चाकू का वार ठेला चालक सुफेल के दिल पर लगा जिससे अधिक रक्तस्राव होने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव की कोशिश में तीन अन्य लोगों के भी चाकू लगा है जिसका एमबीएस अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाया गया। मृतक सुफेल श्रीपुरा का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार महावीर नगर निवासी आरोपी रशीद एवं श्रीपुरा निवासी मृतक सुफेल आपस मे चाचा-ताऊ के लड़के है। दोनों के तान-तीन फल के ठेले लगते है। ठेला लगाने की बात को लेकर सुफेल का अपनी मौसी के लड़के रशीद से दो-तीन दिन पहले झगड़ा हुआ था।

### धौलपुर जिले में बाढ़ से हालात बिगड़े

धौलपुर। राजस्थान में चंबल नदी में कोटा बैराज और काली सिंध नदी से छोड़ा गया पानी धौलपुर जिले के 80 गांवों के लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। चंबल नदी के किनारों पर बसे कई गांव जलमग्न हो गए हैं। नदी में लगातार छोड़े जा रहे पानी से 26 सालों का रिकॉर्ड टूट सकता है। नदी में साल 1996 में पानी का लेवल 145 मीटर तक पहुंचा था। ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बन जाने के बाद ऊंचाई पर स्थित धौलपुर शहर का मुक्तिधाम भी पानी में डूबा हुआ है। बाढ़ के हालात को संभालने के लिए एसडीआरएफ की चार कंपनियां तैनात की गई है। इसके साथ ही सेना ने भी मोर्चा संभाल लिया है। मध्यप्रदेश और राजस्थान को जोड़ने वाला चंबल नदी पर बना पुराना पुल भी पानी में डूब चुका है। चंबल नदी में लगातार बढ़ते जलस्तर ने प्रशासनिक अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। उधर पुलिसकर्मी नदी के किनारे बसे गांवों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में लगे हैं। पिछले 12 घंटे से लगातार बचाव अभियान चलाकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा गया है। चंबल नदी में लगातार हो रही पानी की आवक के नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 12 मीटर ऊपर पहुंच चुका है। नदी के शाम तक खतरे के निशान से 15 मीटर ऊपर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। वर्तमान में चंबल नदी का जलस्तर 143 मीटर पहुंच चुका है। प्रशासन के मुताबिक आगामी 24 घंटे धौलपुर जिले के लिए भारी हो सकते हैं। सिंचाई विभाग के एक्सईन रामअवतार मीणा ने बताया कि वर्ष 1996 में चंबल नदी का जलस्तर 145 मीटर तक पहुंचा था और जिले में बाढ़ आई थी। पिछले साल भी चंबल नदी में कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने पर जलस्तर 144.70 मीटर तक पहुंच गया था। उन्होंने बताया कि करौली जिले में मंडरायल और धौलपुर के पाली गांव तक चंबल नदी का जलस्तर 144 मीटर तक पहुंच गया है। ऐसे में इस बार 1996 का रिकॉर्ड भी टूट

## शार्ट न्यूज

### केजरीवाल इलेक्ट्रिक बसों का ले रहे हैं झूठा श्रेय : रामवीर सिंह बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को याद दिलाया है कि बुधवार को राजधानी की सड़कों पर जो 97 इलेक्ट्रिक बसें लाई गई हैं, वे केंद्र सरकार ने दिल्ली को दी हैं। इससे पहले भी दिल्ली की सड़कों पर लाई गई इलेक्ट्रिक बसें केंद्र की मोदी सरकार की ही देन हैं। बिधूड़ी ने आश्चर्य व्यक्त किया है कि मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक बसों को दिल्ली में लाने का क्रेडिट लेते हुए जरा भी शर्म महसूस नहीं की और अपनी पीठ थपथपाते नजर आए। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद करना चाहिए कि उन्होंने हमेशा की तरह दिल्ली का ध्यान रखते हुए ये बसें दी हैं। बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार की गलत नीतियों के कारण दिल्ली आज पूरे विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी होने का कलंक झेल रही है। ऐसे में इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली के लिए संजीवनी साबित होंगी। यह केंद्र सरकार की दिल्ली के प्रति चिंता को ही दर्शाता है कि इन इलेक्ट्रिक बसों से जहां प्रदूषण से लड़ाई में मदद मिलेगी, वहीं दिल्ली के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को भी इन बसों से सुगम बनाया जा सकेगा। दिल्ली में आज डीटीसी की सबसे कम 3760 बसें सड़कों पर हैं जबकि 2015 में जब आप सरकार सत्ता में आई थी तो इन बसों की संख्या 6500 से अधिक थी। पिछले आठ सालों में बसें न आने के कारण ये सभी 3760 बसें ओवरएज हो चुकी हैं और आए दिन उनमें आग लगने की खबरें आ रही हैं। बिधूड़ी ने कहा कि केंद्र सरकार ने राजनीति से ऊपर उठकर दिल्ली के विकास के लिए बढ़चढ़ कर काम किया है। बदरपुर में 885 एकड़ जमीन पर विश्व का सबसे बड़ा इको पार्क बन रहा है जो दिल्ली की लाइफ लाइन बनने जा रहा है। इसके अलावा दिल्ली को प्रदूषण से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने कई योजनाएं दी हैं जिनमें पेरिफेरियल रोड बनाकर ट्रकों की एंट्री पर अंकुश, 12 डायवरसिटी पार्क, यमुना के किनारों का सौंदर्यीकरण और औद्योगिक क्षेत्रों में सर्विस सेक्टर को बढ़ावा देना शामिल है। इसके अलावा विकास योजनाओं में दिल्ली से मेरठ, दिल्ली से मुंबई और दिल्ली से सहारनपुर तक के हाईवे और धौलाकुआं, वसंत कुंज और नरेला में फ्लाईओवरों का निर्माण बड़ी परियोजनाएं दिल्ली को केंद्र सरकार की ही देन हैं।

### दिल्ली में भाजपा आम आदमी पार्टी के 35 विधायकों को 20-20 करोड़ रुपये ऑफर कर रही है, उनके पास 700 करोड़ रुपए कैश कहां से आया : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा किदिल्ली में भाजपा आम आदमी पार्टी के 35 विधायकों को 20-20 करोड़ रुपये ऑफर कर रही है। उनके पास 700 करोड़ रुपए कैश कहां से आया।? शिवसेना के सिंबल पर जीतने वाले भाजपा विधायक जब आज वो महाराष्ट्र असेंबली में पहुंचे तो वहां पर नारे लगे 50 खोखा- 50 खोखा। दिल्ली में 35 विधायकों के 20-20 करोड़ के हिसाब से 700 करोड़ और महाराष्ट्र के 1850 करोड़ मिलाकर 2550 करोड़ कैश होता है। भाजपा से देश जानना चाहता है कि उनके पास हर राज्य में विधायकों को खरीदने के लिए इतना सारा करोड़ों रुपये का काला धन कहां से आया? भाजपा के दफ्तरों में जहां यह कैश रखा जाता होगा, वह सीबीआई और ईडी के रडार पर कब आएंगे? उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ऑपरेशन लोटस एक तय रणनीति है। इसके तहत विपक्ष के विधायकों को डरा धमकाकर, खरीदकर सरकारों को गिराया जाता है। भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता भी कह रहे हैं कि अब अरविंद केजरीवाल की सरकार गिरने वाली है। वहीं आम आदमी पार्टी के विधायकों का भाजपा को जवाब है कि बंद करो देश से धोखा, नहीं चलेगा 20 खोखा।? आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज हमने दिल्ली के चार चुने हुए विधायक जनता के सामने पेश किए। उसमें कुछ विधायक साथी तो 3-3 बार चुने हुए विधायक है। संजीव झा, सोमनाथ भारती, तीसरी बार उनकी क्षेत्र की जनता ने चुनकर उन्हें भेजा है।

### रोडरेज में कार सवार ने अधिवक्ता से की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर अल्फा-1 कॉमर्शियल बेल्ट स्थित गोल चक्कर के समीप रोडरेज की घटना में कार सवार युवक ने अधिवक्ता के साथ मारपीट की। आरोपी ने डंडे से अधिवक्ता की कार के शीशे भी तोड़ दिए थे। उस पर फायरिंग करने का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वह पहले भी हत्या और मारपीट के मामले में जेल जा चुका है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के नवादा गांव का रहने वाला सोनू भड़ाना जिला न्यायालय में अधिवक्ता है। वह मंगलवार की शाम कार में सवार होकर अपने घर जा रहा था। सेक्टर अल्फा-1 गोल चक्कर के समीप सामने से आ रही एक गाड़ी ने उसकी कार में टक्कर मार दी। अधिवक्ता के विरोध करने पर गाड़ी में सवार युवक ने नीचे उतर कर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। आरोपी ने गाड़ी से डंडा निकाला और अधिवक्ता की कार के सारे शीशे तोड़ दिए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने फायरिंग भी की जिसकी सूचना पीड़ित ने तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपी सोहित निवासी बोड़ाकी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि सोहित वर्ष 2018 में भी हत्या और मारपीट के मामले में जेल जा चुका है।

### सूरजपुर से 12 सट्टेबाज गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। पुलिस ने सूरजपुर कस्बे के अंबेडकर मोहल्ले में सार्वजनिक स्थान पर बैठकर सट्टा लगाने वाले 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फ्लेक्स पर छपे चिड़िया और कबूतर पर रुपये लगाकर सट्टा खेल रहे थे। आरोपियों की पहचान छोटेलाल, तुलसी, सुनील, गौतम, कुलजीत, अशोक, रूपराम, रामवीर, राजेंद्र, जगपाल, लीलू और रघु के रूप में हुई है। उनके पास 2830 रुपये और अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा सट्टा लगवाया जाता था। एक सटोरिए को 10 रुपये जमा करने होते थे। सटोरिया किसी एक पक्षी पर सट्टा लगाता था। यदि पक्षी निकल आता था तो उसे 10 के बजाय 100 मिलते थे। हारने पर कुछ नहीं मिलता था।

### बिजली बिल जमा कराने का झांसा देकर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी से 40 हजार रुपये ठगे

नोएडा। साइबर अपराधी ने बिजली बिल जमा करने के नाम पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी से 40 हजार रुपये ठग लिए। जालसाज ने उनसे मोबाइल पर एक ऐप डाउनलोड कराया और यूपीआई के जरिये रुपये उड़ा दिए। उन्होंने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी निवासी सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आशीष कुमार ने पुलिस को शिकायत दी है कि वह भारत सरकार के योजना एवं कार्यान्वयन मंत्रालय से डायरेक्टर जनरल के पद से रिटायर्ड हैं। उनके मोबाइल पर एक नंबर से मैसेज आया था। मैसेज में लिखा था कि उनका बिजली का बकाया बिल जमा नहीं है। यदि बिल को जल्द नहीं जमा गया तो बिजली निगम की तरफ से कनेक्शन काट दिया जाएगा। संबंधित मैसेज पर एक मोबाइल नंबर भी था। उन्होंने संबंधित नंबर पर कॉल की।

### हादसे में साइकिल सवार की मौत

नोएडा। सेक्टर-62 गोलचक्कर के पास अज्ञात वाहन चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। लोगों ने उसको अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेक्टर-58 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार प्रयागराज निवासी 35 वर्षीय प्रवीन सेक्टर-62 में किराये के मकान में रहते थे। वह सोमवार को अपनी साइकिल पर सवार होकर सेक्टर-63 जा रहे थे। जब वह सेक्टर-62 गोलचक्कर के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रहे वाहन चालक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में प्रवीन गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उनको पास के अस्पताल में पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# केजरीवाल सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ जंग को दी मजबूती, दिल्ली की सड़कों पर उतारी 97 इलेक्ट्रिक बसें

## धीरे-धीरे हम प्रदूषण पैदा करने वाली बसों को हटाते जा रहे हैं और इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारते जा रहे हैं : अरविंद केजरीवाल

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ जंग को मजबूती देने हुए दिल्ली की सड़कों पर आज 97 और इलेक्ट्रिक लो-फ्लोर बसें उतारी है। राजघाट डिपो से इन बसों को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि धीरे-धीरे हम प्रदूषण पैदा करने वाली बसों को हटाते जा रहे हैं और इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारते जा रहे हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य में हमने दिल्ली में एक विश्वस्तरीय मॉडल दिया है। अब ट्रांसपोर्ट सेक्टर में दिल्ली को पूरी दुनिया का मॉडल बनाएंगे। हम दूसरे देशों के मॉडर्न ट्रांसपोर्ट सिस्टम को अपनाएंगे और दिल्ली को सबसे बढ़िया ट्रांसपोर्ट मॉडल के रूप में प्रस्तुत करेंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में अभी 153 इलेक्ट्रिक बसें चल रही थीं। आज बेड़े में 97 और ई-बसों के शामिल होने के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नवंबर 2023 तक 1500 और ई-बसें आ जाएंगी और बेड़े में 1800 ई-बसें होने के साथ ही दिल्ली, देश का इकलौता शहर हो जाएगा, जहां सबसे अधिक इलेक्ट्रिक बसें होंगी। 2025 के अंत तक परिवहन विभाग में कुल बसों की संख्या 10,380 हो जाएगी, जिसमें करीब 80 फीसद (8180) इलेक्ट्रिक बसें होंगी। इस अवसर पर परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### एक इलेक्ट्रिक बस करीब 42 मिनट में होगी चार्ज

मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने आज राजघाट बस डिपो-2 से 97



लो फ्लोर इलेक्ट्रिक एसी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन बसों के डीटीसी के बेड़े में शामिल होने से दिल्ली सरकार द्वारा प्रदूषण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और मजबूती मिलेगी। बसों को हरी झंडी दिखाने के उपरांत परिवहन मंत्री के साथ सीएम अरविंद केजरीवाल ने बस डिपो में स्थापित चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मुख्यमंत्री को चार्जिंग स्टेशन के बारे में बताया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने बस में नोजल लगाकर देखा कि कैसे चार्ज होता है। वहीं, विशेषज्ञों ने बताया कि एक बस की बैटरी अगर जीरो फीसद है और उसे 100 फीसद तक चार्ज करना है तो लगभग 42 मिनट का समय लगता है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सड़कों पर उतर रहीं बसों का निरीक्षण भी किया और एक बस में जाकर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। यह सभी बसें एयरकंडीशंड हैं। इनका किराया भी काफी कम है।

### 1500 और इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर दिया जा रहा है और यह बसें अगले साल के अंत तक आ जाएंगी : अरविंद केजरीवाल

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज सभी दिल्लीवासियों के लिए बहुत ही खुशी का दिन है। अभी दिल्ली की सड़कों पर 153 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं।

पिछले कुछ महीनों में समय-समय पर जब बसें आई, हमने उन बसों को सड़कों पर उतारा। आज 97 लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें और दिल्ली की सड़कों पर उतर रही हैं। इन सभी बसों को मिलाकर अब दिल्ली की सड़कों पर लगभग 250 बसें चलेंगी। इसके अलावा, सितंबर के महीने में 50 और बसें आ रही हैं। इस प्रकार, 30 सितंबर तक 300 लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की सड़कों पर होंगी। यह बहुत खुशी की बात है कि धीरे-धीरे हम प्रदूषण पैदा करने वाली बसों को हटाते जा रहे हैं और मॉडर्न इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारते जा रहे हैं। इसके साथ ही, 1500 और इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर दिया जा रहा है और यह बसें अगले साल के अंत तक आ जाएंगी। हमें उम्मीद है कि नवंबर 2023 के अंत तक दिल्ली में कुल 1800 इलेक्ट्रिक बसें हो जाएंगी। इसके बाद बहुत तेजी से इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली की सड़कों पर लाया जाएगा।

# खादी ग्रामोद्योग आयोग ने बताए रोजगार के टिप्स, सौ से अधिक महिला पुरुषों ने लिया भाग

**संवाददाता/गौरवशाली भारत**

नाँगल चौधरी। खादी ग्रामोद्योग आयोग अम्बाला छावनी हरियाणा (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अन्तर्गत बुधवार को एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला महेंद्रगढ़ के विधानसभा क्षेत्र खण्ड नाँगल चौधरी स्थित जाटसभा में लगाया गया। जिसमें अधिकतम नवयुवक व नवयुवतियों को (पीएमईजीपी) कार्यक्रम के अन्तर्गत उद्योग लगाने की जानकारी दी गई।

इस शिविर में बताया गया कि, ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग लगाने हेतू अधिकतम 35 प्रतिशत अनुदान व शहर में 25 फिसदी अनुदान दिया जाता है। जो निजी उद्योग प्रारंभ करना चाहते हैं। इस शिविर में सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल करने और खादी ग्रामोद्योग का लाभ प्राप्त



करने के लिए करीब सौ से अधिक महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया।

भारत सरकार की योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और खादी ग्रामोद्योग आयोग पीएमईजीपी पर जागरूकता शिविर का सफल आयोजन राज्य कार्यालय केवीआईसी अंबाला द्वारा किया गया। जाट सभा नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ में उक्त शिविर में बतौर मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश चंद सैनी शिविर में शामिल हुए। उन्होंने महिलाओं व नौजवानों को उक्त स्कीम का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए आव्हान किया। खादी ग्रामोद्योग आयोग के सहायक निदेशक अजय राठौर ने एकदिवसीय शिविर में शिरकत करने वाले और जानकारी प्राप्तकर्ताओं व अतिथियों को पीएमईजीपी योजना की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही लगाए गए एकदिवसीय विशेष शिविर के अवसर पर जाट सभा के कोषाध्यक्ष रामनिवास सरपंच ने सभी अतिथि महानुभावों को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। यह कार्यक्रम नांगल चौधरी स्थित सोसायटी फॉर एजुकेशन एंड वेलफेयर सेवा की देखरेख में आयोजित किया गया। इस मौके पर शाखा भारत विकास परिषद सचिव सत्यवीर स्वामी, अध्यापक रविंद्र चौधरी, छवी कांत, गगनदीप, सुमन, पुनीत कुमार, विक्रम आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपनी परिषद की बैठक में विभिन्न नागरिक और कर्मचारी केंद्रित प्रस्तावों को मंजूरी दी

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद की आज हुई, परिषद की बैठक की अध्यक्षता पालिका परिषद के अध्यक्ष - श्री भूपिंदर सिंह भल्ला ने की। इस बैठक में विधायक एवं सदस्य - एनडीएमसी, श्री वीरेंद्र सिंह कादियान, अन्य सदस्य - श्री कुलजीत सिंह चहल, श्रीमती विशाखा सैलानी, श्री गिरीश सचदेवा और सचिव - श्री विक्रम सिंह मलिक ने भाग लिया। बैठक के समक्ष रखे गए कार्यसूची विषयों में विभिन्न नागरिक और कर्मचारी केंद्रित प्रस्तावों पर विचार किया गया और उन्हें मंजूरी भी दी गयी।

आज की पालिका परिषद ने बैठक में अपने समक्ष रखी कार्यसूची के विषयों में से निम्नलिखित नागरिक और कर्मचारी केंद्रित प्रस्तावों पर विचार किया और उन्हें मंजूरी दीहै- जून 2006 से विभिन्न मुकदमों के कारण लंबित थी।

दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने 16 जून, 2022 को गोल मार्केट का निरीक्षण किया और एनडीएमसी के अधिकारियों को इस विरासती भवन के जीर्णोद्धार के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के लिए जल्द से जल्द कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिये ।

माननीय उपराज्यपाल जी ने यह भी निर्देश दिया था कि आसपास के क्षेत्र के सुधार के लिए समानांतर कार्य को भी शुरू किया जा सकता है। परिषद द्वारा तय की जाने वाली संग्रहालय की थीम/विषय को समय के साथ बाद में तय किया जाएगा। इस परियोजना में गोल मार्केट का पुनर्वास और संरक्षण और आसपास के क्षेत्र का पुनर्विकास, सर्विस ब्लॉक और गोल मार्केट भवन के बीच सिविल वर्क, सर्विस ब्लॉक और सबवे का निर्माण शामिल है।

इस परियोजना में भवन का उन्नयन, आंतरिक कार्य, प्लम्बींग कार्य, विद्युत, प्रकाश ), प्रौद्योगिकी और मल्टीमीडिया कार्य, अग्निशमन कार्य आदि भी शामिल होंगें। इस परियोजना की मुख्य विशेषताओं में केंद्रीय कोर्ट यार्ड में कांच के गुंबद की छत की संरचना, पहली मंजिल के स्तर की पुनर्रचना, फॉल्स सीलिंग सहित छत की संरचना, सेंट्रल एयर कंडीशनिंग, सजावटी फिटिंग और सबवे और लिफ्ट को भी शामिल किया गया।

पालिका परिषद तीन कामकाजी महिला छात्रावास जैसे मंदिर मार्ग पर स्वाति गर्ल्स हॉस्टल, भगवान दास रोड पर आकांक्षा-अराधना और ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग पर इंदिरा निकेतन चला रही है - एनडीएमसी को कामकाजी महिलाओं के छात्रावास के लिए जमीन की जरूरत है, लेकिन एनडीएमसी क्षेत्र में जगह की भारी कमी है, इन परिस्थितियों को देखते हुए और ऐसी सुविधाओं की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए, यह निर्णय लिया गया है कि मौजूदा कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों में ही संभावना तलाशी जाये कि क्षमता बढ़ाने के लिए एनडीएमसी क्षेत्र में नए कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों के निर्माण की कहाँ संभावना है ।

## नॉलेज पार्क क्षेत्र में अवैध हुक्का बार पकड़ा

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस टीम ने नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में चल रहे एक और हुक्का बार पर मंगलवार रात छापा मारा। पुलिस ने बार के मैनेजर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से हुक्के, चिलम और फ्लेवर युक्त नशीला पदार्थ आदि सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में हुक्का बार मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में द हट कैफे नाम से हुक्का बार चलने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने हुक्का बार में छापा मारा। छापेमारी के दौरान कैफे में हुक्का बार चलता हुआ पाया गया। पुलिस ने मौके से पांच हुक्के, पांच चिलम, 10 पाइप, एक छोटा इंडक्शन, आठ फ्लेवर के पैकेट आदि सामान बरामद किया। पुलिस ने मौके से बार के मैनेजर मनीष निवासी भजनपुरा दिल्ली और युवक विपिन सेक्टर चाई फोर को गिरफ्तार किया है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने बार के मालिक निर्भय भाटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।




# विद्यालय में जिला विधिक प्राधिकरण ने लगाया कानूनी जागरूकता शिविर

**कपिल शर्मा /गौरवशाली भारत**

नांगल चौधरी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चेयरमैन रजनीश बसंल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंजली जैन के आदेशानुसार कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर की अध्यक्षता रा.व.मा. विद्यालय के प्राचार्य विकास जयदीप ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि कानून का रक्षा कवच हमारे जीवन को सुखमय और शांतिमय बनाकर हमारी सृजनात्मक एवं रचनात्मक शक्तियों



को बढ़ाता है। कानून की जानकारी से हम अपने लिए आगे बढ़ने के ज्यादा अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेश जोशी ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि, मुफ्त कानूनी सहायता किस व्यक्ति को ओर कैसे मिल सकती है। उन्होंने इस बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बच्चों को उनके कानूनी अधिकार और कानून में उनकी रक्षा किस प्रकार की जाए और बाल विवाह अधिनियम जैसे कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जिक्र किया। धर्मेश जोशी ने कहा कि कोई भी नागरिक कानून सम्बन्धी जानकारी लेने के लिए 01282-250322 नम्बर पर सम्पर्क कर सकता है। इस अवसर पर प्रवक्ता डा. महिपाल ने उपस्थित छात्रो को बाल विवाह न करने की शपथ दिलवाई। लिगल सैल इंचार्ज प्रवक्ता जसवंत ने भी बच्चों को चार्ट के माध्यम से अधिकार व कर्तव्य के बारे मे बताया। उन्होंने कहा कि अधिकार व कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू है। जब हम अपने अधिकारो का उपयोग करते है तब कर्तव्यों को भी ध्यान मे रखना चाहिए। इस कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभी विद्यार्थीगण और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# बालिका विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक समारोह का भव्य आयोजन

## विभिन्न विद्यालय की 52 टीमों ने दिखाई प्रतिभा, प्रतिस्पर्धा में कक्षा जुनियर/सीनियर समेत 220 प्रतिभागियों ने लिया भाग







**कपिल शर्मा/गौरवशाली भारत**

नाँगल चौधरी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गाँव की 52 स्कूलों के 220 बच्चों ने भाग लिया। इसमें रा.क.व.मा.वि. नांगल चौधरी, आरोही मॉडल स्कूल मण्ढाणा, रा.उ.वि. मुलौदी, रा.व.मा.वि. नायन, रा.व.मा.वि सिरोही बहाली, रा.व.मा. विद्यालय नांगल चौधरी और नाँगल दर्गु से रा0व0मा.विद्यालय के शिक्षक निर्णायक मंडल सदस्य शामिल हुए।

### क्रमांक संख्या / नाम व पद / विद्यालय का नाम

1. बृजेश कुमार एनसीसी अधिकारी / रा0व0मा0वि0 नांगल चौधरी
2. कुसुम लता प्रवक्ता संगीत /आरोही मॉडल स्कूल मण्ढाणा
3. शालिनी प्रवक्ता गृह विज्ञान / रा0क0व0मा0वि0 नांगल चौधरी
4. शालिनी प्रवक्ता हिन्दी / रा.व.मा.वि. नाँगल दर्गु
5. जसवन्त मुख्याध्यापक / रा.उ.वि. मुलौदी
6. रामभरोस प्रवक्ता भूगोल / रा0व0मा0वि0 नायन
7. मुकेश प्रवक्ता संस्कृत / आरोही मॉडल स्कूल मण्ढ़ाणा
8. दिपा महावर प्रवक्ता जीव विज्ञान / रा.व.मा.वि. सिरोही बहाली
9. इन्द्रपाल अध्यापक / बी.आर.सी. नाँगल चौधरी खण्ड शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देशानुसार राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक समारोह प्राचार्य विक्रम सिंह रोहिल्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप एडिशनल चार्ज बीईओ ओम प्रकाश यादव समेत विशिष्ट अतिथि स्वरूप प्रधानाचार्य अजय कुमार, नगेन्द्र यादव सहित स्कूल स्टॉफ़ समारोह में अतिथि स्वरूप शामिल हुए।

इस सांस्कृतिक समारोह में तीन कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें एकल लोक नृत्य, समूह लोक नृत्य और रागिनी को शामिल किया गया। कक्षा 5वीं से 8वीं प्रतिभागियों की संख्या 118 रही। वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं के प्रतिभागियों की संख्या 102 बताई गई। गर्ल्स स्कूल समेत 52 स्कूल के कुल 220 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। यह कार्यक्रम सुबह करीब साढ़े दस बजे प्रारंभ हुआ और विलंब तक करीब शाम साढ़े पाँच बजे सम्पन्न हुआ। इस दौरान मंच संचालन आर्ट पीजीटी राजकुमार द्वारा किया गया वहीं कार्यक्रम की व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने में शिक्षक हरीश शर्मा, नरेश कुमार का सहयोग रहा।

इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल सदस्यों द्वारा जुनियर/सीनियर कक्षाओं के प्रतिभागियों की तीनों प्रतिभा का अंतरिम परिणाम घोषित करते हुए विभिन्न विद्यालय की टीम को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान दिया गया।

एकल लोक नृत्य जुनियर स्तरीय समूह कक्षा 5 से 8

### परिणाम / प्रतियोगिता / नाम / विद्यालय

प्रथम / एकल लोक नृत्य / राधिका / रा.क.व.मा.विद्यालय नाँगल चौधरी
द्वितीय / इशु / एकल लोक नृत्य / के.जी.बी. विद्यालय नियामतपुर
तृतीय / अंशिका / एकल लोक नृत्य / रा.क.व.मा. विद्यालय शहबाज़पुर

रागिनी जुनियर स्तरीय समूह कक्षा 5 से 8

### परिणाम / प्रतियोगिता / नाम / विद्यालय

प्रथम / रागिनी / उर्मिला / रा.क.व.मा.विद्यालय नाँगल चौधरी
द्वितीय / महबूब / रागिनी / रा.क.व.मा.विद्यालय सिरोही बहाली
तृतीय / मनीष / रागिनी / के.जी.बी. विद्यालय नियामतपुर

समूह लोक नृत्य जुनियर स्तरीय समूह कक्षा 5 से 8

### परिणाम / प्रतियोगिता / नाम / विद्यालय

प्रथम /समूह लोक नृत्य / टीम - बी / रा.क.व.मा. विद्यालय नाँगल चौधरी
द्वितीय / समूह लोक नृत्य / टीम - ए / के.जी.बी. विद्यालय नियामतपुर
तृतीय / समूह लोक नृत्य / टीम - जी / रा.व.मा.विद्यालय नाँगल दर्गु

रागिनी सीनियर स्तरीय समूह कक्षा 9 से 12

### परिणाम / प्रतियोगिता / नाम / विद्यालय

प्रथम / रागिनी / कोड - ई / गवर्नमेंट मार्डर्न संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल धौलेड़ा
द्वितीय / रागिनी / कोड - एफ / आरोही मार्डन स्कूल मंढाणा
तृतीय / रागिनी / कोड - सी / रा.क.व.मा. विद्यालय नाँगल चौधरी

एकल लोक नृत्य सीनियर स्तरीय समूह कक्षा 9 से 12

### परिणाम / प्रतियोगिता / नाम / विद्यालय

प्रथम / एकल लोक नृत्य / कोड - आई / रा.क.व.मा. विद्यालय नाँगल चौधरी द्वितीय / एकल लोक नृत्य / कोड - एफ / गवर्नमेंट मार्डन संस्कृति सिनियर सेकंडरी स्कूल धौलेड़ा
तृतीय / एकल लोक नृत्य / कोड - ए / रा.व.मा. विद्यालय मंढाणा

समूह लोक नृत्य सीनियर स्तरीय समूह कक्षा 9 से 12

### परिणाम / प्रतियोगिता / नाम / विद्यालय

प्रथम / समूह लोक नृत्य / कोड - डी / रा.क.व.मा. विद्यालय नाँगल चौधरी द्वितीय /समूह लोक नृत्य / कोड - एफ / रा.व.मा. विद्यालय नाँगल दर्गु तृतीय /समूह लोक नृत्य / कोड - सी / आरोही मार्डर्न स्कूल मंढाणा इस विशेष अवसर पर सभी स्कूल इंचार्ज सहित स्कूल स्टॉफ़ में पीजीटी फाइन आर्ट राजकुमार, प्राध्यापक राधेश्याम, यशपाल सिंह, डीपीई रमेश सोनी, अशोक कुमार, ईएसएचएम सुरेंद्र सिंह, प्राध्यापक मुख्तियार सिंह, करतार सिंह, देवेन्द्र वर्मा, कृष्ण कुमार, रविन्द्र चौधरी, गणित अध्यापक सूरेश कुमार, प्रीतम, लिपिक जसवंत, पीजीटी इंग्लिश शारदा यादव, पीजीटी इंग्लिश अनूप, पीजीटी हिन्दी निवेदिता, अध्यापिका सरिता यादव, सुनिता, शीला यादव, सुषमा, शालिनी प्रधान, दया शर्मा, मनीषा, दिव्या, पीसीए गरिमा चौधरी, योगिता, मोनिका, मंजू, एनएसएस इंचार्ज सीमा यादव सहित सभी स्कूल के छात्र - छात्राओं समेत ब्लॉक स्तरीय सर्व राजकीय विद्यालय स्टॉफ़ उपस्थित रहे।

नई दिल्ली
गुरुवार 25 अगस्त 2022
Www.gauravshalibharat.com

## संपादकीय

### यूपी में जल्द ही भाजपा को 'नयी चुनौती' देने की तैयारी में जुटा है विपक्ष

सभी दलों के आलाकमान द्वारा जातीय समीकरण के साथ ही उम्मीदवारों की ताकत को भी थाह लेने में लगे हैं। समाजवादी पार्टी की तरफ से कहा गया है कि सितंबर के अंत तक सभी जिला प्रभारी प्रत्येक सीट पर तीन-तीन उम्मीदवारों का पैनल प्रदेश मुख्यालय भेजेंगे।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधान सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की मिली हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर उस समय फोड़ा है जब महीने-दो महीने के भीतर नगर निकाय चुनाव की घोषणा होने वाली है। लगता है कि अखिलेश यादव चुनाव आयोग पर हार का ठीकरा फोड़कर एक साथ कई टॉरगेट साधना चाहते हैं। एक तरफ वह राज्य निर्वाचन आयोग को सचेत कर रहे हैं कि वह केन्द्रीय चुनाव आयोग की तरह अपनी सीमाएं नहीं लांघे तो दूसरी तरफ ऐसे आरोप लगाकर सपा प्रमुख अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को निराशा से भी उभारना चाहते हैं।

उत्तर प्रदेश में नगर निगम चुनाव नवंबर में होने की संभावना व्यक्त की जा रही हैं। अगले महीने के अंत तक आचार संहिता भी लग सकती है। सड़क पर नगर निगम चुनाव के संभावित उम्मीदवारों के बैनर-पोस्टर नजर आने लगे तो राजनैतिक दलों द्वारा भी निकाय चुनाव के लिए रणनीति बनाई जा रही है। जहां बीजेपी हर छोटे-बड़े चुनाव को गंभीरता से लेते हुए नगर निकाय चुनाव में भी पूरी ताकत के साथ उतरने की तैयारी में है, वहीं समाजवादी पार्टी की ओर से बनाए गए नगर निगम प्रभारी संबंधित क्षेत्र में डेरा डालकर अपनी रणनीति को अमली जामा पहनाने में लगे हैं। कांग्रेस में नगर निकाय चुनाव को लेकर कोई खास गहमागहमी नहीं है, लेकिन कुछ पुराने कांग्रेसी नेता व्यक्तिगत तौर पर पंजे के सहारे छोटे सदन में जाने के लिए जरूर उतावले नजर आ रहे हैं। बसपा नगर निकाय चुनाव को लेकर कभी गंभीर नहीं रही है, वह यह मानकर चलती है कि यह शहरी वोटरों का चुनाव है और बसपा की शहरी क्षेत्र में पकड़ काफी ढीली है। वहीं आम आदमी पार्टी जैसे कुछ और राजनैतिक दल भी नगर निकाय चुनाव के लिए जोर-आजमाईश में लगे हुए हैं।

सभी दलों के आलाकमान द्वारा जातीय समीकरण के साथ ही उम्मीदवारों की ताकत को भी थाह लेने में लगे हैं। समाजवादी पार्टी की तरफ से कहा गया है कि सितंबर के अंत तक सभी जिला प्रभारी प्रत्येक सीट पर तीन-तीन उम्मीदवारों का पैनल प्रदेश मुख्यालय भेजेंगे। जिसके बाद अध्यक्ष एक नाम तय करेंगे। नगर निगम चुनाव में धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पार्टी ने पुख्ता रणनीति बनाई है। पार्टी के विधायकों को अलग-अलग निगमों का प्रभारी बनाया गया है। अलग-अलग जिले के विधायकों को अलग-अलग नगर निगम की जिम्मेदारी देकर स्थानीय गुटबंदी को खत्म करने और जिताऊ उम्मीदवार चयन की रणनीति तैयार की गई है।

समाजवादी पार्टी की रणनीति है कि वार्ड का आरक्षण तय होते ही वहां टीमें उतार दी जाएं। वार्ड में आबादी के हिसाब से 50 से 60 परिवार पर एक-एक प्रभारी बनाया जाएगा। सितंबर में हर सप्ताह वार्डवार बैठक करने की तैयारी है। वाराणसी के प्रभारी बनाए गए डॉ. मनोज पांडेय ने बताया कि नगर निगम की तैयारी शुरू कर दी गई है। जल्द ही निगम चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और स्थानीय नेताओं के साथ बैठक कर अगली रणनीति बनाई जाएगी। सभी नगर निकाय क्षेत्रों के प्रभारी स्थानीय नेताओं से संपर्क कर चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं।

उत्तर प्रदेश के शहरों में ग्रास रूट की राजनीति यानी शहरी निकाय चुनाव में इस बार नए दलों की भी आमद होगी। बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी के साथ ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी उत्तर प्रदेश के नगर निगम के चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारेगी। महाराष्ट्र में शिवसेना व कांग्रेस के साथ गठबंधन में सरकार बनाने वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने अब उत्तर प्रदेश का रुख किया है। उत्तर प्रदेश नगर निगम के चुनाव से उत्तर प्रदेश में अपनी पारी का आगाज करने के साथ ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अपने संगठन का भी विस्तार करेगी।

### भारत की अंतरराष्ट्रीय स्वतंत्र विदेश नीति, वैश्विक नेतृत्व की क्षमता का विकास

भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाया हैद्य विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी बहुत ज्यादा रहा है। भारत की गुटनिरपेक्ष विदेश नीति भारतीय हित के लिए बेहतर परिणाम लाने वाली होगी। ईश्वर ना चाहे कि विश्व युद्ध हो पर यदि वैश्विक युद्ध छेड़ा गया तो भारत एकमात्र राष्ट्रों का जिस की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष थक गई होगी और संभव है कि भारत विश्व का गुटनिरपेक्ष नेता होगा। भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है। इसमें दो मत नहीं कि इसमें वर्तमान एवं पूर्व के प्रधानमंत्रियों को भी बड़ा योगदान रहा है। प्रथम जवाहरलाल नेहरू की पंचशील के सिद्धांत की नीति और उनके भविष्य की कल्पना ने भारत को विकास की नई दिशा में अग्रसर किया है। पिछले 8 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया हैद्य भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैद्य कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है। स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की है। वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी है। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा हैद्य वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा है। उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई हैद्य भारत की विशाल जनसंख्या को आर्थिक सफलता के मजबूत स्तंभ कहा जा सकता है। भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या का उपयोग कर उत्पादन को कई गुना बढ़ाया हैद्य आज की स्थिति में भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखा जा सकता है और इसे तथाकथित भावी विश्व शक्ति चीन का सबसे ताकतवर प्रतिनिधि तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का भावी सदस्य के रूप में भी देखा जा रहा हैद्य भारत में समय के अनुसार अपनी नीतियों तथा विकास के प्रति मानको में परिवर्तन कर निरंतर आर्थिक विकास की दर को प्राप्त करते हुए अधिकांश विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की हैद्य वास्तव में वर्तमान समय में भारत के ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिससे विश्व के सभी देश किसी न किसी रूप से जुड़कर प्रभावित भी हुए हैं। 1974 उल्लेखनीय रहा है क्योंकि भारत ने पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण किया गया इसका विरोध विश्व के तमाम विकसित देशों ने बहुत जोरदार ढंग से किया भारत को काफी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा था। वर्ष 2008 में हमारे देश और अमेरिका रूस फ्रांस ब्रिटेन तथा चीन को छोड़कर पी5 के सभी सदस्य देशों के मध्य हुए असैन्य परमाणु समझौता से यह स्पष्ट हो गया था कि अब वैश्विक पटल पर भारत की अनदेखी नहीं की जा सकती है। 2009 में भारत के प्रधानमंत्री का अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने कार्यालय में राजकीय अतिथि के रूप में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री का स्वागत करके कहा कि भारत अब एक परमाणु शक्ति संपन्न देश बन चुका है।

# शुरू हो गया है कोल्ड वार-2, नई विश्व व्यवस्था को कौन देगा आकार ?

**अभिनय आकाश**

इतिहास के सबसे लंबे युद्ध की अगर बात की जाए तो शीत युद्ध का नाम आता है। हम इसे कूटनीति युद्ध कह सकते है। इसमें अप्रत्यक्ष रूप से लड़ाई लड़ी जाती है। अमेरिका और सोवियत संघ के बीच 80 और 90 के दशक से पहले भी कई दशकों तक कोल्ड वॉर चला।

युद्ध की क्या परिभाषा हो सकती है ? इंसान को इंसान से बेपनाह नफरत सिखाने की पाठशाला। मानवता को दुत्कारने का खुला निरंकुश मंच। कितना अच्छा होता कि काश दुनिया के तमाम बड़े झगड़े प्रेम से सुलझाए जा सकते। तब दुनिया को बेमतलब खून खराबे की जरूरत नहीं होती। फिर बात वहीं आ जाती है कि ऐसा होता तो क्या होता। मगर ऐसा हो रहा है कि रूस और यूक्रेन का झगड़ा उस मुकाम पर पहुंच चुका है जहां से शांति की बातें बकवास लगती है। ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका के टशन में जापान ने भी दस्तक दे दी है। इतिहास के सबसे लंबे युद्ध की अगर बात की जाए तो शीत युद्ध का नाम आता है। हम इसे कूटनीति युद्ध कह सकते है। इसमें अप्रत्यक्ष रूप से लड़ाई लड़ी जाती है। अमेरिका और सोवियत संघ के बीच 80 और 90 के दशक से पहले भी कई दशकों तक कोल्ड वॉर चला। अस्सी के दशक और आज के हालात पूरी तरह अलग हैं। तब विश्व पूरी तरह दो धड़ों में बंटा था और अमेरिका-रूस के इर्द-गिर्द दुनिया घूम रही थी। तब चीन की इतनी ताकत नहीं थी तब और अब में कई देशों के समीकरण भी पूरी तरह से बदल चुके हैं।

साल 1945 का वो दौर जब भीषण त्रास्दी लिए द्वितीय विश्व युद्ध समाप्ति की ओर बढ़ रहा था। क्रिमिया शहर में तीन देशों के नेता फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट, विन्सटन चर्चिल, जोसेफ स्टालिन एकट्ठा होते हैं। मकसद- यूरोप का पुनर्गठन। याल्टा सम्मेलन जिसे 4 से 11 फरवरी 1 9 45 तक आयोजित किया गया और तीनों नेताओं ने इसमें शिरकत की। सम्मेलन का उद्देश्य एक युद्ध-युद्ध शांति को आकार देना था जो न केवल एक सामूहिक सुरक्षा आदेश का प्रतिनिधित्व करता था बल्कि नाजी यूरोप के मुक्त लोगों को आत्मनिर्भरता देने की योजना थी। बैठक मुख्य रूप से युद्ध-टूटे यूरोप के राष्ट्रों की पुनः स्थापना पर चर्चा करने के लिए थी। लेकिन इसने विश्व को अमेरिका और सोवियत जैसे दो धड़ों में विभाजित कर दिया। जर्मनी चार हिस्सों में बंट गया। इन पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का कब्जा था। चार सालों के बाद विभाजन की ये खिंची रेखाएं और गहरी होती गई। कई खेमें बंट गए। संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के अनुच्छेद 15 में क्षेत्रीय संगठनों के प्रावधानों के अधीन उत्तर अटलांटिक संधि पर 12 देशों ने हस्ताक्षर किए थे। ये देश थे- फ्रांस, बेल्जियम, लक्जमर्ग, ब्रिटेन, नीदरलैंड, कनाडा, डेनमार्क, आइसलैण्ड, इटली, नार्वे, पुर्तगाल और संयुक्त राज्य अमेरिका। अमेरिका ने सोवियत के खिलाफ इतना बड़ा गठबंधन बना लिया तो ऐसे में वो क्या कर रहा था। उसने 1955 में वारसा पैक्ट की स्थापना की। ये कॉम्युनिस्ट देशों का साझा सुरक्षा संगठन था। यह समझौता अल्बेनिया (1968 तक), बुल्गारिया, चेकोस्लोवाकिया, पूर्वी जर्मनी, हंगरी, पोलैंड, रोमानिया और सोवियत संघ के बीच हुआ।

साल 1961 के बाद 40 से भी ज्यादा देश अमेरिका के खेमे में चला गया वहीं 15 देश सोवियत के साथ हो लिया। साल दर साल खेमेबंदी बढ़ती गई। एक दूसरे के प्रभाव क्षेत्रों को प्रतिबंधित करना। अमेरिका और



सोवियत ने सीधा लड़ाई तो नहीं लड़ी लेकिन दोनों के बीच प्रॉक्सी वॉर चलता ही रहा। 1950 का कोरियन वॉर, 1955 का वीयतनाम वॉर, 1960 का कॉन्गो संकट, 1967 का कॉम्बोडिया सिविल वॉर, 1977 का सोवियत अफगान वॉर। इन युद्धों का एक ही मकसद होता था शासन में परिवर्तन लाना और कठपुतली नेताओं को गद्दी पर बिठाना। ये सारी चीजों सोवियत संघ और अमेरिका की तरफ से एक दूसरे के बीच चल रहे शह और मात के खेल के लिए चली गई। सोवियत संघ के विघटन के साथ ही 1991 में शीत युद्ध का अंत हो गया। लेकिन तीन दशक बाद इतिहास फिर से दोहराव की दहलीज पर खड़ा नजर आ रहा है। वर्तमान दौर में विश्व के हालातों पर एक नजर डालते हैं। यूक्रेन युद्ध का दंश झेल रहा है, यूरोप बंटा हुआ नजर आ रहा है। लगभग यही आलम पूरे विश्व का नजर आ रहा है। जो कोल्ड वॉर के दौर के लौटने के संकेत दे रहा है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल की इसे जीत कौन रहा है ?

### यूक्रेन का युद्ध नई विश्व व्यवस्था को आकार दे रहा है?

यूक्रेन के साथ यूरोप के अमेरिका, कनाडा और उसके सहयोगी समेत कई सारे देश मौजूद हैं। जबकि रूस के साथ बेलारूस, चीन, नार्थ कोरिया, ईरान और अन्य देश हैं। प्रत्येक खेमा दूसरे के आगे निकलने की कोशिश कर रहा है। दोनों देशों के नेता विभिन्न देशों की यात्रा कर रहे हैं और नए देश को अपने धड़े में शामिल करने की कोशिश में लगे हैं। मई के महीने में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन क्वाड समिट में हिस्सा लेने के लिए टोक्यो पहुंचे। इसी महीने रूस के विदेश मंत्री लावरोव जीसीसी समिट में हिस्सा लेने के लिए रियाद के दौरे पर गए। जुलाई के महीने में बाइडेन ने सऊदी अरब और इजरायल का दौरा किया तो एक हफ्ते बाद ही पुतिन नई आर्थिक साझेदारी का इरादा लिए ईरान पहुंच गए। एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ वाली यात्राओं की फेहरिस्त काफी लंबी है। जुलाई-अगस्त में रूस के विदेश मंत्री सरगेई लावरोव वियतनाम और म्यांमार में थे। वहीं यूएस सिक्रेटरी ऑफ स्टेट एंटनी ब्लिंकन कंबोडिया और फिलिपींस का दौरा कर रहे थे। जिसके बाद दोनों देशों के नेताओं की जोरआजमाइश अफ्रीकी देशों के बीच दिखी। लावरोव चार अफ्रीकी देशों इजिप्ट, इथोपिया, यूगांडा, रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो को साधने की कोशिश में लगे थे। इधर ठीक एक दिन बाद ही ब्लिंकन साउथ अफ्रीका, रवांडा, डिमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो पहुंच गए। यूरोपीय देशों के नेताओं के ये दौरे नए शक्ति परीक्षण की बानगी नहीं तो और क्या है।

इसलिए इसे कोल्ड वॉर 2.0 कहा जा रहा है। ये भी साफ है कि अमेरिका इसे जीतने तो कतई नहीं जा रहा है। अमेरिकी की चमक फीकी पड़ती जा रही है। कई देश अमेरिका के साथ होने में हिचकिचा रहे हैं तो कई सीधे-सीधे इनकार करते नजर आ रहे हैं। ये देश बाइडेन के दबाव अभियान का विरोध कर रहे हैं और इसे मानने से इनकार भी करते दिख रहे हैं। शुरुआत सबसे पहले अरब देश से करते हैं।

सऊदी अरब- पिछले दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन अपनी पहली सऊदी अरब यात्रा पर गए थे। सऊदी अरब, मीडिल ईस्ट का वो देश है जो हमेशा से अमेरिका की विदेश नीति का अहम हिस्सा रहा है। लेकिन बाइडेन की ये यात्रा पूरी तरह से नाकाम साबित हुई। बाइडेन ने पहले तो फिस्ट बम्प के साथ उनका अभिभावदन किया और फिर वो वन-टू-वन मीटिंग में वो एमबीएस के सामने दबाव में नजर आए। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान जिन्हें लोग एमबीएस के नाम से भी जानते हैं। उन्होंने ही उन्होंने तेल का उत्पादन बढ़ाने पर कोई गारंटी दी और न ही रूस या चीन के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करने का मन बनाया। न ही बाइडेन को ये भरोसा दिलाया कि एयरस्पेस खोलने के बाद भी सऊदी अरब इजरायल के साथ संबंध सामान्य करना चाहता है। तेल निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और उसके सहयोगी देशों ने बुधवार को सितंबर में उत्पादन पिछले महीनों की तुलना में धीमी गति से बढ़ाने का फैसला किया। इतना ही नहीं ओपेक महासचिव ने कहा कि ओपेक+ में रूस की सदस्यता समझौते की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। इसी समय में एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम घटित हुआ। सऊदी अरबपति प्रिंस अलवलीद बिन तलाल ने तीन रूसी तेल कंपनियों ग्रैसप्रोम, रॉसनेट, और ल्यूकऑयल में 500 मिलियन से अधिक का निवेश किया।

**अफ्रीका:** अमेरिका की तरफ से कहा गया कि वो अपने कदम के लिए स्वतंत्र है, वहीं दूसरी तरफ आदेश देने की मुद्रा में भी नजर आया। जब उसने रूस से तेल खदीदने को लेकर अमेरिकी प्रतिबंधों का सम्मान करने की बात करते हुए चेतावनी का लहजा अपनाया। लेकिन वहीं अमेरिका यूरोप को उसी नियम को तोड़ने की छूट भी देता दिखा और रूस से गैस खरीदना जारी रखा। अफ्रीकी देशों ने इसे पाखंड करार दिया। साउथ अफ्रीका ने पिछले हफ्ते इसको लेकर बयान देते हुए कहा कि अगर कुछ देश रूस-यूक्रेन युद्ध में पक्ष लेने के लिए दबाव डालते हैं तो दक्षिण अफ्रीका धमकाया नहीं जा सकता है। अंतर्राष्ट्रीय संबंध और सहकारिता मंत्री नलेदी पंडोर ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध में देशों को पक्ष लेने के लिए धमकाने का प्रयास अस्वीकार्य है। कुछ इसी तरह का अंदाज रवांडा का भी देखने को मिला। उसने अमेरिका को उसकी संप्रभुता का सम्मान करने की बात कह डाली। जून के महीने में ही अफ्रीकन यूनियन के हेड रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ सूची शहर में एक मुलाकात करते हुए रूस के साथ अफ्रीकी देशों के संबंधों की प्रशंसा भी की।

अप्रैल के महीने में संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस को यूएनएचआरसी से बाहर करने के लिए वोटिंग हुई। जिसमें 54 में से केवल 10 अफ्रीकी देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। 9 देशों ने विरोध में वोट किया। जबकि 35 देशों ने वोटिंग में हिस्सा ही नहीं लिया।

# न्याय व्यवस्था को प्रभावित करना है अपराधियों के पक्ष में शक्ति प्रदर्शन व उनका महिमामंडन

**निर्मल रानी**

भारत के विश्व गुरु बनने के दावों के बीच हमारे देश में दुर्भाग्यवश एक नया चलन शुरू हो गया है। इसके अंतर्गत जाति,समुदाय व धर्म के आधार पर अपराधियों के पक्ष में जनसमर्थन जुटाते देखा जा रहा है। अपराधियों के पक्ष में किसी न किसी तरह का तर्क व कुतर्क गढ़कर अपराधियों की हौसला अफ़ज़ाई की जा रही है। सज़ायाफ़्ता अपराधियों के पक्ष में अनेक अख़बारों में आलेख प्रकाशित किये जा रहे हैं। धर्म विशेष,कथित उच्च जाति व दबंग क़िस्म के लोगों के समर्थन में प्रदर्शन,पंचायतें व रैलियां आयोजित की जा रही हैं। यहां यह कहने की ज़रुरत नहीं कि जहां जहां इसतरह की दुर्भाग्यपूर्ण व अन्यायपूर्ण घटनायें हो रही हैं उनमें राजनीति व राजनेताओं का खुला हाथ है। राजनैतिक लोग न्याय-अन्याय देखने के बजाये अपने वोट बैंक के नफ़े नुक़्सान के मद्देनज़र इसतरह के गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। यह उसी भारतवर्ष में हो रहा है जहाँ के बच्चे दशकों से %इंसाफ़ की डगर पे -बच्चों दिखाओ चल के - यह देश है तुम्हारा नेता तुम्हीं हो कल के जैसे आदर्श व प्रेरणादायक गीत सुनते आ रहे हैं। यह उस देश में हो रहा है जहां बलात्कारियों,हत्यारों व अन्य जघन्य क़िस्म के अपराध करने वालों का सामाजिक बहिष्कार किया जाता था,उनका हुक़्क़ा पानी बंद कर दिया जाता था,लोग ऐसे लोगों से मिलना जुलना व रिश्ते रखना पसंद नहीं करते थे। परन्तु आज उसी देश में अपराधियों का महिमामंडन किया जा रहा है। ज़ाहिर है इसतरह की गतिविधियों का जहाँ देश के न्यायप्रिय लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है वहीं विदेशों में भी इसकी चर्चा हो रही है नतीजतन ऐसी गतिविधियां देश की बदनामी का कारक भी बन रही हैं। विगत स्वतंत्रता दिवस को जिस तरह गुजरात सरकार द्वारा 11 दंगाई हत्यारों व बलात्कारियों को रिहा किया गया,उनके समर्थन व हमदर्दी में क़सीदे लिखे गये,मानवता के इन हत्यारों को एक विधायक द्वारा उनकी जाति के आधार पर उन्हें अच्छा संस्कारी तक बताया गया। गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर अदालत द्वारा दी गयी सज़ा का एक विधायक द्वारा यह कहकर अपमान किया गया कि संभव है कि उन्हें फंसाया गया हो, अपराधियों के महिमामंडन में उन्हें तिलक लगाकर,मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया देश के इतिहास में शायद पहले ऐसा नहीं देखा गया । जिस बिल्क़ीस का व उसके साथ उसकी मां व अन्य महिलाओं का बलात्कार किया गया जिसकी तीन वर्षीय बेटी व अन्य कई रिश्तेदारों की हत्या कर दी गयी वह बिल्क़ीस मुसलमान बाद में थी,पहले वह एक महिला थी। यह उसी समुदाय की महिला थी जिस समुदाय की महिलाओं को तीन तलाक़ जैसी व्यवस्था से मुक्ति दिलाकर मुस्लिम महिलाओं का हमदर्द जताने की सत्ता द्वारा कोशिश की गयी थी।

गुजरात सरकार के इस अन्याय पूर्ण फ़ैसले की गूंज आख़िरकार अमेरिका तक जा पहुंची।

और अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने इन 11 हत्यारों व बलात्कारियों की 'अनुचित' रिहाई की घोर निंदा की। आयोग के आयुक्त स्टीफन श्नेक ने यहां तक कहा कि यह रिहाई 'न्याय का उपहास' है, और 'सज़ा से मुक्ति के उस पैटर्न' का हिस्सा है, जिसका भारत में अल्पसंख्यक विरोधी हिंसा के आरोपी लाभ उठाते हैं। उन्होंने कहा, कि '2002 के गुजरात दंगों में शारीरिक और यौन हिंसा के अपराधियों को उनके कृत्य के लिए ज़िम्मेदार ठहराने में विफलता, न्याय का मज़ाक़ भी है। हद तो यह है कि इन 11 लोगों को दोषी ठहराने वाले जस्टिस यूडी साल्वी ने भी उनकी रिहाई पर सवाल उठाते हुए यह कहा कि दोषियों को रिहाई करने से पहले गुजरात सरकार को अपराधों की गंभीरता उन्हें दी गई सज़ा तथा पीड़िता के पक्ष को भी ध्यान में रखना चाहिए था। जघन्य अपराधियों को सत्ता के समर्थन,उनके पक्ष में धर्म व जाति के आधार पर भीड़ जुटाने और अपराधियों को महिमामंडित करने का यही चलन 2015 में उस समय दिखाई दिया था जब राजधानी दिल्ली के समीप दादरी में मोहम्मद अख़लाक़ के हत्यारों के पक्ष में सत्ताधारी नेता व हत्यारों की स्वधर्मी भीड़ इकट्ठी होकर पंचायतें करती दिखाई दी थी।




# सोनाली फोगाट का मर्डर या हार्ट अटैक, देश में राजनीतिक हत्याओं का दौर नया नहीं है?

हरियाणा की बीजेपी नेत्री सोनाली सोनाली फोगाट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. डॉक्टर्स ने मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना बताया है लेकिन परिवार ने दावा किया है कि सोनाली फोगाटकी हत्या हुई है. सोनाली की बहन रुपेश ने मीडिया से बताया है कि उन्होंने मौत से पहले ही अपनी मां से फोन में बात की थी और कहा था कि %खाने में कुछ गड़बड़ है, जिसका असर मेरे शरीर में पड़ रहा है% सोनाली फोगाट के परिवार का कहना है कि यह मौत नहीं बल्कि हत्या है और इसकी जांच सीबीआई को करनी चाहिए। सोनाली फोगाट का मर्डर हुआ या हार्ट अटैक से उनकी जान गई यह अब जांच का विषय बन गया है. सोनाली की बहन ने कहा है कि रविवार को ही सोनाली की उनकी माँ से बात हुई है. वह बिल्कुल ठीक थी और अपने फार्म हाउस में थीं. लेकिन माँ से उन्होंने कहा था कि उन्हें अपने शरीर में कुछ गड़बड़ लग रही है जैसे किसी ने मेरे साथ कुछ किया हो. शाम को भी सोनाली की अपनी माँ से बात हुई थी. जिसमे उन्होंने कहा था %मेरे खिलाफ साज़िश रची जा रही है. 22 से 25 अगस्त तक सोनाली फोगाट गोवा टूर में गई हुई थी. काम के सिलसिले में वह मुंबई से गोवा गई थीं. लेकिन जिस दिन वो वहां गईं ठीक उसी दिन की रात सोनाली की हार्ट अटैक से मौत हो गई. सोनाली की एक बेटी है जो अब अनाथ हो गई है क्योंकि कुछ सालों पहले ही सोनाली के पति की भी मौत हो चुकी है. आखिर इस नेता का क्या हुआ ये तो वक्त ही बताएगा. मगर देश में राजनीतिक हत्याओं का दौर नया नहीं है.

आज़ादी से पहले पुणे के लोगों द्वारा उठाए गए अन्याय को समाप्त करने के लिए, चापेकर भाइयों ने 22 जून 1897 को रैंड और उनके सैन्य अनुरक्षण लेफ्टिनेंट आयर्स्ट को गोली मार दी। ऑस्ट्रिया-हंगरी के आर्कड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या। गैवरिलो प्रिंसिप के हाथों उनकी मृत्यु - एक सर्बियाई राष्ट्रवादी, जो गुप्त सैन्य समूह से संबंध रखता है जिसे ब्लैक हैंड के रूप में जाना जाता है - ने प्रमुख यूरोपीय सैन्य शक्तियों को लाखों और लाखों मौतों के साथ युद्ध की ओर प्रेरित किया। टिकट मिलने या न मिलने, नेता की नजर में चढ़ने या गिरने, सत्ता में हिस्सेदारी की संभावना बनने या बिगड़ने के कारण गुस्से, इस्तीफों तथा नए आश्चर्यजनक गठबंधनों का दौर कभी खत्म नहीं होता। इन मतभेदों का एक गंभीर पक्ष है, राजनीतिक हिंसा।

शिखर नेताओं पर हुए खतरनाक हमलों से भारत की राजनीति भी विषाक्त है। अब्राहम लिंकन, जॉन एफ कैनेडी, इंदिरा गांधी और बेनजीर भुट्टो की जीवन ज्योति उनके राजनीतिक जीवन के चरम पर बुझा दी गई। आजादी के बाद से राजनीतिक हत्याओं का दौर भारत के राजनीतिक जीवन को भी लहूलुहान करता आया है। भारत को आजादी मिले छह महीने भी नहीं हुए थे कि महात्मा गांधी की हत्या ने दुनिया को हिला दिया। वर्ष 1953 में कश्मीर की शेष भारत के साथ एकता का आंदोलन करने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की श्रीनगर की जेल में रहस्यमय मृत्यु हो गई थी।

उसे अटल बिहारी वाजपेयी ने शेख और नेहरू की दुरभिसंधि से की गई राजनीतिक हत्या बताया था। उसकी तो जांच तक नहीं की गई, जबकि श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेहरू सरकार में पहले उद्योग मंत्री और भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष थे। जनसंघ के दूसरे अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय 1968 में मुगलसराय स्टेशन पर मृत पाए गए थे। उनकी रहस्यमय हत्या की साधारण जिला स्तरीय जांच हुई। पंजाब के ताकतवर मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों की 1965 में रोहतक में हत्या कर दी गई और इसका कारण व्यक्तिगत दुश्मनी बताया गया। तब यह मुद्दा भी उठा था कि अधिनायकवादी तौर पर काम करने वाले कैरों के राजनीतिक शत्रुओं की क्या कमी हो सकती है। फिर नागरवाला हत्याकांड हुआ। नागरवाला ने कथित तौर पर इंदिरा गांधी की आवाज बदलकर स्टेट बैंक से 60 लाख रुपये निकलवाए थे। नागरवाला पकड़े गए और हिरासत में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए और बाद में इस मामले में जांच कर रहे अधिकारी की भी रहस्यमय मृत्यु हो गई। भारत की तीसरी प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर 1984 को 09ः20 पर उनके सफदरजंग रोड, नई दिल्ली स्थित आवास पर हत्या कर दी गई थी। ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद, अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पर भारतीय सेना के जून 1984 के हमले के बाद, उसके दो अंगरक्षकों, सतवंत सिंह और बेअंत सिंह ने उसे मार डाला, जिससे सिख मंदिर को भारी नुकसान हुआ। अगले चार दिनों में, जवाबी हिंसा में हजारों सिख मारे गए।

यदि आप राजनीति का हिस्सा बनने की आकांक्षा रखते हैं तो आपको राजनीति विज्ञान का अध्ययन करना आवश्यक है। आधुनिक दौर में राजनीति अब नौसिखियों की समझ से परे हो रही है।

नतीजन राजनीति के मैदान में टिकना अब परंपरागत दिग्गजों तक सीमित रह गया है। शख्सियत का फायदा राजनीति में परंपरागत नजरिये से उचित माना जाता है। बदलावों के दौर में राजनीति करना किसी चुनौती से कम नहीं आंका जा सकता। अब तो राजनीति करने की लालसा, वंशवादिता और संपर्कवादिता तक सीमित रह गयी है। वंशवादिता में राजनीति का कमान मिलना वंशपरंपरा के अधीन रहता है तो दूसरी ओर संपर्कवादिता के जरिए किसी बडे राजनेता के संपर्क में आने से राजनीतिक कमान प्राप्त करने की अभिलाषा पूर्ण हो जाती है। कहावत है कि 卐राजनीति एक गंदा खेल है卐। मौजूदा समय में बड़े कारोबारी, फिल्मकार, खिलाडी, विद्वान सहित पत्रकार एवं नौकरशाह जैसे लोगों की राजनीति में न केवल रुचि बढी है अपितु वे राजनीति की महत्ता को भी समझने लगे हैं। अब राजनीति अपने अछूतपन से बरी हो चुकी है। सकारात्मक नजरिए से देखें तो नौजवानों की आवश्यकता राजनीतिक परिवेश में राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी है बर्शते वे नौजवान समाज और लोकतंत्र में सच्चे भाव एवं निष्ठा से राजनीति में आए और समाज को सही राह पर ले जाने की क्षमता रखें। प्रतिस्पर्धा पहले की तुलना अधिक बढ़ी है।

अब राजनीति करने की लालसा रखने वालों को अपनी क्षमता और कौशल के बलबूते पर ही राजनीति में प्रवेश मिल सकता है। लेकिन नए खिलाडियों के लिए यह सोनाली की तरह जान के खतरों से कम भी नहीं है।

### कब तक को अभी मैं बदले।

कब तक कल पर छोड़ेंगे ?
कब तक सपने तोड़ेंगे ?
कब तक झूठी आस पर जिए ?
कब तक जलाए उम्मीदों के दिए ?

कब तक करेंगे नई शुरुआत ?
कब तक रहेंगे यह हालात ?
कब तक असफलताओं से डरे ?
कब तक घुट घुट के मरे ?

कब तक नहीं खुद पर भरोसा ?
कब तक देंगे स्वयं को दिलासा ?
कब तक हकीकत को नहीं अपनाए ? कब तक काबिलियत को ना आजमाए ?

कब तक जीवन को हसीन ना बनाएं ? कब तक स्वयं को बेहतरीन ना बनाएं ? कब तक दूसरों की खामियां चुनेंगे ? कब तक आत्मा से यही सवाल पूछेंगे ?

इस कब तक में जीवन ना निकल जाए, आज से ही क्यों ना करके दिखाएं,
आज और अभी से ही संभले,
इस कब तक को अभी मैं बदले।।

## शार्ट न्यूज

### गोंडा में लाइसेंसी बन्दूक से पूर्व प्रधान के बेटे ने खुद को गोली मारी, मौत

**गोंडा।** गोंडा जिले में पंचायत विशुनपुर कला के मजरे रूपी पुरवा में पूर्व प्रधान पुत्र ने अपने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली गर्दन को भेदती हुई पार निकल गई। पिता की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया। इंस्पेक्टर समशेर बहादुर सिंह, सीओ मुन्ना उपाध्याय व फील्ड यूनिट टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घर से मिले केवल एक बारह बोर गोली का खोखा व शस्त्र को कब्जे में लिखा पढ़ी शुरू कर दी है। ग्राम रूपी पुरवा निवासिनी राजमती मिश्रा पत्नी धनलाल मिश्रा पंचायत विशुनपुर कला की पूर्व प्रधान रही है। तीन पुत्रों में ज्येष्ठ पुत्र संतोष मिश्रा घर के अंदर कुर्सी पर बैठा था। गोली की आवाज सुनकर बाहर सो रहे अन्य परिवारीजन उस तरफ दौड़ पड़े तो देखा गोली गले में पार कर गई थी। घटना के समय मृतक की पत्नी पूनम तीन बच्चों के साथ दूसरे कमरे में सो रही थी। पुलिस मामले के हर पहलुओं पर बरीकी से छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस इसे प्रथम दृष्टया आत्महत्या ही मान रही है।

### बदायूं में किशोरी से दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के कुंवरगांव क्षेत्र में मंगलवार रात शौच को गई किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि कुंवरगांव इलाके के एक गांव की निवासी नाबालिग किशोरी रात में शौच के लिए घर के पास स्थित गन्ने के खेत में गई थी जहां गांव के ही रहने वाले रजनेश ने उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख सुनकर ग्रामीण व परिजन पहुंचे और भाग रहे आरोपी को दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी समेत पीड़िता को थाने ले गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित किशोरी को आज सुबह मेडिकल के लिए भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि अर्ध रात्रि को खेत में गई किशोरी के साथ गांव के एक युवक ने दुष्कर्म किया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों ने मौके से आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया। परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।उसे दोपहर को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### चंडीगढ़ विश्वविद्यालय देगा 45 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति

**मेरठ।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय वर्ष 2022 के लिए सीयूसीईटी (प्रवेश सह छात्रवृत्ति परीक्षा) प्रोग्राम के तहत देश भर के छात्रों को 45 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति देगा। विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर डॉ आरएस बावा ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन देते हुए कहा कि इंजीनियरिंग,एमबीए,लॉ, फार्मेसी और एग्रीकल्चर कोर्सों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा देना अनिवार्य होगा। डॉ बावा ने सीयूसीईटी 2022 के दूसरे चरण का उद्घाटन करते हुए बताया कि यह एक ऑनलाइन परीक्षा है, जो छात्रों को अपना स्लॉट चुनने के लिए लचीलापन प्रदान करती है और उन्हें अपनी पसंद के पाठ्यक्रम में 100 प्रतिशत तक शैक्षणिक छात्रवृत्ति प्राप्त करने के योग्य बनाती है। उन्होंने बताया कि देश के मैरिटोरियस और प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई सीयूसीईटी स्कीम के तहत अब तक 63 हजार से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा चुकी है। इस वर्ष अब तक 15 हजार छात्रों ने सीयूसीईटी छात्रवृत्ति स्कीम का लाभ उठाया है। डॉ बावा ने बताया कि अपने नवीनतम एकेडमिक मॉडल और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त 150 से अधिक कोर्सों के साथ चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, गूगल, डेल टेक्नोलॉजी, विप्रो, कॉग्निजेंट और एमेजन जैसी टॉप मल्टीनेशनल कंपनियों की पहली पसंद बन गई है।

### पुलिस ने गिरफ्तार किया ईनामी गौ तस्कर

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के रक्सा थानाक्षेत्र में पुलिस ने 25 हजार के एक शातिर ईनामी गौ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि रक्सा थानाक्षेत्र में डेली पुल पर मंगलवार देर रात की जा रही चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर दो संदिग्धों को आते देखा गया। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगे ।बदमाशों को भागता देख पुलिस टीम ने उनका पीछा किया लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। पकड़े गये बदमाश की पहचान फारूक पुत्र मो. कादिर निवासी व्यापारी मोहल्ला कस्बा व थाना फरह जनपद मथुरा के रूप में की गयी है जो 27 साल का है और शातिर बदमाश है जिसका लंबा आपराधिक इतिहास है। फारूक गौ तस्करी के मामले में झांसी के थाना रक्सा और सीपरी बाजार से वांछित है। इस पर 25 हजार का ईनाम भी था। बदमाश के पास से एक तमंचा ,दो जिंदा कारतूस, एक खोखा , तमंचे में फंसा एक मिस कारतूस और बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी है।

### रमाकांत यादव से अखिलेश की मुलाकात पर मायावती ने उठाये सवाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव की गंभीर आपराधिक मामलों में आजमगढ़ जेल में बंद सपा विधायक रमाकांत यादव से मुलाकात पर सवाल उठाते हुये पूछा है कि वह मुस्लिम नेताओं से जेल में मिलने क्यों नहीं जाते हैं। मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा, समाजवादी पार्टी के प्रमुख द्वारा आज़मगढ़ जेल जाकर वहाँ कैद पार्टी के बाहुबली विधायक रमाकान्त यादव से मिलकर उनसे सहानुभूति व्यक्त करने पर हर तरफ से तीखी प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है जो इस आम धारणा को भी प्रबल करता है कि सपा इन्हीं प्रकार के आपराधिक तत्वों की संरक्षक पार्टी है। एक अन्य ट्वीट में मायावती ने कहा, साथ ही, विभिन्न संगठनों व आम लोगों द्वारा भी सपा प्रमुख से यह सवाल पूछना क्या अनुचित है कि वे मुस्लिम नेताओं से मिलने जेल क्यों नहीं जाते हैं, जबकि उनका ही आरोप है कि यूपी बीजेपी सरकार में सपा नेताओं को फर्जी मुकदमों में फंसाकर जेल में कैद रखा जा रहा है।

### भाजपा ऐसे स्थानों पर भी पहुंचेगी जहां अभी नहीं है : धर्मपाल

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को संगठन की शक्ति बताते हुये कहा कि पार्टी ऐसे स्थानों पर भी अपनी पहुंच सुनिश्चित करेगी जहां अभी उसकी पहुंच नहीं है। सिंह ने मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास में औपचारिक मुलाकात की जबकि बाद में पार्टी के प्रदेश दफ्तर में अवध, काशी, कानपुर व गोरखपुर क्षेत्र के प्रदेश व क्षेत्र के पदाधिकारियों जिला अध्यक्षों व जिला प्रभारियों की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, झारखंड के प्रदेश महामंत्री (संगठन) कर्मवीर,उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे। उन्होने कहा संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा पूरे प्रदेश में सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, सर्वव्यापी और सर्वग्राही दल के रूप में ख्याति प्राप्त है। मुझे संगठन द्वारा जो दायित्व मिला है उस पर मैं पूरी तरह खरा उतरने का काम करूंगा। भाजपा संगठन के विस्तार का आधार कार्यकर्ता हैं और कार्यकर्ताओं के बल पर संगठन का विस्तार अनवरत जारी रहेगा। संगठन ऐसे स्थानों पर भी अपनी पहुंच सुनिश्चित करेगा जहां अभी उसकी पहुंच नहीं है। सभी कार्यकर्ता संगठन की शक्ति हैं, जिनके प्रयास, सहयोग और जवाबदेही से संगठन की अनथक यात्रा जारी रहेगी। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि संगठनात्मक विकास व संख्यात्मक विस्तार की दृष्टि से उत्तर प्रदेश में भाजपा का मजबूत स्थान बना है। राजनैतिक, सामाजिक क्षेत्र में परिवर्तन स्वाभाविक है। इसलिए जीवन के हर क्षेत्र के परिवर्तन को सकारात्मक रूप में स्वीकार करना चाहिए। धर्मपाल जी बहुत लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश में काम कर चुके हैं। इसलिए वह उत्तर प्रदेश को बखूबी जानते हैं। धर्मपाल जी के नेतृत्व में प्रदेश संगठन आगे के चरणों में प्रवेश करने वाला है।

पुलिसकर्मी खाते रह गए खाना

# बिजनौर पेशी पर ले जाया जा रहा एक लाख इनामी आदित्य राणा शाहजहांपुर से फरार

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले से मंगलवार रात एक रेस्टोरेंट पर खाना खाने के दौरान बिजनौर का कुख्यात अपराधी आदित्य राणा फरार हो गया। उसकी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी खाना खाते रह गए और उन्हें बहुत देर में होश आया कि वह जिसकी सुरक्षा में लगे हैं, वही भाग गया है। पहले तो पुलिसकर्मियों ने आदित्य की खोज की, जब वह नहीं मिला, तब उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई। इस मामले का मुकदमा शाहजहांपुर के आरसी मिशन



थाना में दर्ज किया जा रहा है। बिजनौर निवासी आदित्य राणा पर करीब 28 मुकदमे दर्ज हैं, वह इस वक्त लखनऊ जेल में बंद था। पेशी के लिए उसे बिजनौर कोर्ट ले जाया गया था। वहां से वापसी पर मंगलवार रात शाहजहांपुर में आरसी मिशन क्षेत्र के रेड चिली रेस्टोरेंट पर उसने खाना खाया, साथ में पुलिसकर्मी भी खाना खाने में व्यस्त हो गए। इस दौरान करीब 11 बजे आदित राणा ने मौका देखते ही पुलिसवालों को चकमा दिया और भाग गया। काफी देर के बाद पुलिस वालों को पता लगा कि आदित्य भाग चुका है, क्योंकि वह खाना खाने में ज्यादा व्यस्त थे। आदित्य पर उनकी नजर नहीं थी। अभिरक्षा में लगे पुलिसकर्मी काफी देर तक आदित्य को तलाशते रहे, लेकिन उसका सुराग नहीं मिला। तब उन्होंने अपने उच्चाधिकारियों को मामले की पूरी जानकारी दी। इसके बाद शाहजहांपुर पुलिस इस मामले में सक्रिय हुई मामले की जानकारी बिजनौर पुलिस को भी दी गई, वहां भी अलर्ट किया गया है। सीओ सिटी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि फरार आदित्य राणा की तलाश में टीमें रवाना की गई है, मुकदमा दर्ज किया जा रहा है, जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## दर्जन भर आईएएस अधिकारी स्थानांतरित किये गये

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में भारतीय प्रशासनिक सेवा के दर्जन भर अधिकारियों को स्थानांतरित कर दिया गया है।

मंगलवार देर रात स्थानांतरित किये गये 13 अधिकारियों की सूची जारी की गयी। इनमें उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, के सचिव विपिन कुमार जैन को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है।

उनके अलावा प्रयागराज स्थित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव जगदीश को उप्र मेडिकल सप्लाई कार्पोरेशन का अपर प्रबंध निदेशक, आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अजय कुमार द्विवेदी को विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा और फिरोजाबाद के मुख्य विकास अधिकारी चर्चित गौड़ को आगरा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। गौड़ की जगह हरदोई की ज्वांइट मजिस्ट्रेट दीक्षा जैन को फिरोजाबाद का मुख्य विकास अधिकारी तैनात किया गया है।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मधुसूदन नागराज हुल्गी को विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के पद पर तैनात किया गया है। इसके अलावा झांसी के मुख्य विकास अधिकारी शैलेष कुमार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## कैंसर संस्थान में 500 पदों पर होगी भर्ती, फैसले को मिली मंजूरी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में मरीजों को और बेहतर इलाज मिलेगा। डॉक्टर व कर्मचारियों की कमी दूर होगी। इसके लिए शासन ने संस्थान में 500 पदों पर भर्ती का फैसला किया है। इसमें डॉक्टर, रेजिडेंट, नर्सिंग व दूसरे टेक्नीकल कर्मचारी शामिल हैं।

कैंसर संस्थान में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। यहां 24 नियमित डॉक्टर हैं। एक बॉन्ड के तहत डॉक्टर की तैनाती है। 18 सीनियर व 56 जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर काम कर रहे हैं। 219 आउटसोर्सिंग कर्मचारी तैनात हैं। करीब 70 बेड पर मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। मरीजों का दबाव बढ़



रहा है। ऐसी दशा में करीब 200 और बेड बढ़ाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए करीब 2000 डॉक्टर व कर्मचारियों की भर्ती का प्रस्ताव संस्थान प्रशासन ने शासन को भेजा था। शासन ने 500 डॉक्टर व कर्मचारियों की भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमान ने बताया कि बेहतर इलाज मुहैया कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

### नमामी गंगे परियोजना की चोरी 29 टन पाइप बरामद

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र के अनपरा क्षेत्र में पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नमामि गंगे परियोजना की चोरी की गई 29 टन पाइप बरामद की। पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह ने बुधवार को बताया की एक सूचना के आधार पर पुलिस ने धनखड़ मोड़ बैरपान के पास विकास कुमार पटेल, संदीप कुमार पटेल और अमित उर्फ अनुपम पाण्डेय को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 87 पाइप, दो ट्रक, दो डीसीएम, एक ट्रैक्टर, एक बोलोरो जीप और फर्जी बिल्टी ई वे बिल बरामद किया। बरामद पाइप का कुल वजन 29 टन और कीमत 12 लाख रूपये है।

## जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने वाराणसी में शुरू किया प्लास्टिक मुक्ति स्वच्छता अभियान

**वाराणसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बुधवार को वाराणसी में प्लास्टिक मुक्ति और स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। महावीर मंदिर से अर्दली बाजार तक खुद झाड़ू लगाई और प्लास्टिक की थैलियां बीनकर लोगों को इसका उपयोग न करने का संदेश दिया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अर्दली बाजार में चाय भी पी।

तीन दिवसीय दौरे पर बनारस पंहुचे जलशक्ति मंत्री गोइठहां एसटीपी भी पहुंचे। विकास भवन से स्वच्छता को लेकर निरीक्षण किया। तीन दिनों तक शहर से लेकर गांव तक स्वतंत्र देव सिंह प्लास्टिक मुक्त काशी का संदेश देंगे। चिरईगांव ब्लॉक के



सुल्तानपुर में हर घर नल योजना की प्रगति देखने के बाद सीवों आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक और कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण करेंगे। यहां से नरपतपुर पीएचसी, सीएचसी देखने के बाद अमौली में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों व किसानों से संवाद करेंगे। मलदहिया मलिन बस्ती में चौपाल भी लगाएंगे। अगले दिन 25 अगस्त को सुबह 10.30 बजे एमएलसी अशोक धवन के आवास पर पार्टी कोर कमेटी की बैठक लेंगे। दोपहर 12 बजे शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर में जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद दोपहर 2.30 बजे से गुलाबबाग स्थित कार्यालय में संगठन के पदाधिकारियों से मंत्रणा करेंगे। शाम 4.30 बजे सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। रात में राजघाट प्राथमिक स्कूल के पुनर्विकास कार्य और सिगरा स्टेडियम का निरीक्षण करेंगे। 26 अगस्त को सुबह 6.30 बजे पार्कों,जनसुविधाओं का हाल जानने निकलेंगे। सुबह 9 बजे आदर्श गांव जयापुर, नागेपुर, परमपुर और करहिया का दौरा करेंगे।

## मेरठ में ट्रैफिक तोड़ा तो सीधा घर पहुंचेगा चालान, इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम की शुरुआत

**मेरठ।** मेरठ में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की अब खैर नहीं। आपने ट्रैफिक नियम तोड़ा नहीं कि आपके घर पर ट्रैफिक विभाग का चालान पहुंच जाएगा। दरअसल मेरठ में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की शुरूआत हो चुकी है जिसके तहत शहर भर में 93 सीसीटीवी कैमरे के जरिए नजर रखी जाएगी। पुलिसकर्मी की नजर से बचकर निकलना तो आसान था लेकिन कैमरे की नजर से बचना नामुमकिन होगा। मेरठ नगर निगम ने हाईटेक कंट्रोल रूम बनाया है जो ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के घर पर सीधा ई-चालान भेजेगा।

मेरठ में ट्रैफिक मैनेजमेंट को दुरुस्त करने के लिए स्मार्ट सिटी मिशन के



तहत 8 चौराहों पर एनपीआर कैमरे लगाए गए हैं। अगर कोई किसी भी वजह से ट्रैफिक नियम तोड़ता है तो चालान सीधा उसके घर पर पहुंचेगा। पहले लोग ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान करने का विरोध करते थे। कोई अनुरोध करता था तो कोई अपने रसूख का इजहार करते हुए छोड़ने की चेतावनी देता था। आम तौर पर हर ट्रैफिक पुलिसकर्मी इस तरह की समस्याओं से हर रोज दो चार होते ही हैं। लेकिन इस व्यवस्था के बाद अब ये झंझट ही खत्म। आपने ट्रैफिक नियम तोड़ा तो चालान भुगतना ही पड़ेगा फिर चाहे आप कितने ही रसूखदार क्यों ना हो।

एक अनुमान के अनुसार मेरठ में हर रोज 35 हजार से ज्यादा लोग ट्रैफिक नियम तोड़ते है। कुछ लोग जेबका क्रॉसिंग पर चढ़ जाते हैं तो कुछ लोग रेड लाइट जंप कर देते हैं। इसके अलावा सीट बेल्ट ना लगाना और ट्रिपलिंग करना तो मेरठ में जैसे आम सी बात है।

लेकिन अब आपको मेरठ में ये आदतें बदलनी होगी वर्ना हर रोज आपके घर पर चालान पहुंचेगा।

### योगी 27 अगस्त को बुलंदशहर आयेंगे, प्रशासन जुटा तैयारियों में

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 27 अगस्त को एक दिन के प्रवास पर बुलंदशहर आयेंगे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की पुष्टि करते हुए बुधवार को बताया कि जिला प्रशासन ने इस बाबत तैयारियां शुरू कर दी हैं। मेरठ रेंज के अपर पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक ने यहां आकर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर उनके यात्रा मार्ग पर सड़कों के गड्ढे भरे जा रहे हैं। पुलिस लाइन पर बने हेलीपैड को दुरुस्त किया जा रहा है। हेलीपैड से मुख्यमंत्री का काफिला जिन सड़कों से गुजरेगा उन की भी मरम्मत की जा रही है।

## झांसी : गौशाला में निराश्रित गायों की नस्ल सुधार की पहल शुरू

**एजेंसी**

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में नगर निगम की गौशाला 'कान्हा उपवन' में गौ पालकों द्वारा दूध दुहने के बाद छोड़ दिये गये अन्ना गोवंश को न केवल आश्रय दिया जा रहा है, बल्कि कम दूध उत्पादन के कारण उपेक्षित घूम रही इन गायों की नस्ल सुधार कर इन्हें दुधारू बनाने के प्रयास भी शुरू किये गये हैं।

बुंदेलखंड में अन्ना प्रथा की बड़ी समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर झांसी नगर निगम के अधिकारियों ने राजगढ़ स्थित कान्हा उपवन गौशाला में अन्ना पशुओं की नस्ल सुधार की यह अनूठी योजना शुरू की है। इस योजना से जहां एक ओर अन्ना पशुओं का आर्थिक महत्व बढ़ेगा, वहीं गौशालाएं भी आर्थिक रूप से निर्भर होंगी। साथ ही अन्ना कुप्रथा की समस्या से भी निजात मिलेगी।

झांसी नगर निगम के नगर पशु कल्याण अधिकारी डा. राघवेंद्र सिंह ने बुधवार को बताया कि 2020 में शुरू हुई कान्हा उपवन गौशाला में अभी 653 गायों को आश्रय दिया गया है। यहां इस गौवंश के रहने ,खाने, साफ सफाई ,वैक्सीनेशन आदि के लिए सरकार द्वारा लगातार अनुदान दिया जाता है। नगर निगम भी इसमें खर्च करता है। इस तरह शासन प्रशासन के सहयोग से इस गौशाला को चलाया जा रहा है।

## बारात से लौट रही कार पुल से गिरी, दूल्हे के भाई सहित दो की मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के ग्रामसभा गौरैयाडीह मे आई बारात वापस लौटते समय कार सतहरिया के करीब पुल की रेलिंग तोड़ते हुए बुधवार को खाई मे जा गिरी। जिससे दूल्हे के भाई सहित दो लोगो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का प्राथमिक इलाज सीएचसी सतहरिया में करने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना मंगलवार की रात करीब 12 बजे की है।

पुलिस के अनुसार जिले में मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गौरैयाडीह मे मुन्ना राईन के यहां काली कुत्ती जौनपुर से बारात आई थी। बारात वापस लौटते समय एक कार मे दूल्हे के भाई शकलैन शिद्दीकी समेत पांच लोग जौनपुर जाने के लिए रवाना हुए। जैसे ही जौनपुर रायबरेली हाईवे पर सतहरिया के करीब कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए 10 फिट गहरी खाई मे जाकर पलट गई। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग वहां पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर सतहरिया चौकी प्रभारी अजय पांडेय भी मौके पर पहुंच गये। इस हादसे में जौनपुर शहर के ओलंदगंज निवासी कार सवार दूल्हे के भाई 28 वर्षीय शकलैन शिद्दीकी और 23 वर्षीय सर्वजीत उर्फ राजा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, कार मे सवार 23 वर्षीय कमलेश रावत , 24 वर्षीय आदित्य उर्फ रीशू , 22 वर्षीय आयुष श्रीवास्तव, निवासीगण काली कुत्ती जौनपुर गंभीर रूप से घायल हो गये।

## लखनऊ-कानपुर समेत 43 जिलों में खुलेंगे 86 फास्ट चार्जिंग स्टेशन, 50 मिनट चार्ज हो जाएगी कार

लखनऊ। लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर समेत सूबे के 43 जिलों में दो-दो फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन खोलने की तैयारी है। लखनऊ में प्रदेश का पहला फास्ट चार्जिंग स्टेशन खुल चुका है, जहां 50 मिनट में इलेक्ट्रिक कार या एसयूवी चार्ज हो जाएगी। आने वाले समय में हर जिले के चार कोनों में फास्ट चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे। इंडियन ऑयल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

लखनऊ में फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन टाटा के सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लगाया गया है। इंडियन ऑयल अधिकारियों के अनुसार वाहनों का दबाव ध्यान में रखते हुए यूपी के अन्य जिलों में चार्जिंग स्टेशन खोलने की तैयारी है।



उत्तर प्रदेश में फिलहाल 120 चार्जिंग स्टेशन हैं, लेकिन इनकी क्षमता सिर्फ आठ किलोवाट है। ऐसे में इन स्टेशनों पर एक कार या एसयूवी चार्ज होने में सात से आठ घंटे लग जाता है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत आशियाना में खुले फास्ट चार्जिंग स्टेशन की क्षमता 25 किलोवाट है। फास्ट चार्जिंग स्टेशन पर वाहन चार्ज के लिए मोबाइल ऐप डाउनलोड करनी होगी। इसके जरिए पता चल सकेगा कि कब का टाइम स्लॉट खाली है। तब स्टेशन पहुंच कर वाहन चार्ज कराए जा सकते हैं।

### कंपनी संचालित पम्पों से शुरुआत, अन्य कंपनियां भी बनाएंगी

इंडियन ऑयल अपने फास्ट चार्जिंग स्टेशनों की शुरुआत कोको यानी कंपनी संचालित पम्पों से करेगा। इन पम्पों पर उनके लिए अलग से स्थान बनाए जाएंगे। अभी एक समय एक ही वाहन चार्ज हो सकता है। मांग को देखते हुए इसकी संख्या दो की जा सकती है।

### फिलहाल 120 धीमी चार्जिंग के स्टेशन

मौजूदा समय आईओसी के यूपी-1 मुख्यालय के अन्तर्गत गोरखपुर मंडल में 23, वाराणसी मंडल में आठ, प्रयागराज में 31, लखनऊ में 31, कानपुर में 27 यानी कुल 120 धीमी चार्जिंग के स्टेशन बनाए गए हैं। समय ज्यादा लग रहा है इसलिए फिलहाल सफल नहीं हैं।

### यूपी में पौने तीन लाख के करीब ईवी

सूबे में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या पौने तीन लाख के करीब है। इनमें सबसे अधिक बिक्री दो पहिया की हो रही है। सिर्फ लखनऊ में ही आठ हजार दो पहिया और चार पहिया ई वाहन हैं। इनमें पांच हजार बाइक और स्कूटर हैं। वहीं, तीन हजार कार या एसयूवी हैं। इनके अलावा 35 हजार ई रिक्शा भी हैं। साथ ही 140 इलेक्ट्रिक बसें हैं।

## ज्ञानवापी मामले में अदालत ने सुनवाई पूरी की, 12 सितंबर को फैसला

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में श्रृंगार गौरी मंदिर की नियमित पूजा अर्चना करने की मांग करने वाली अर्जी पर जिला न्यायालय ने बुधवार को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित कर लिया है। अदालत इस मामले में आगामी 12 सितंबर को अपना फैसला सुनायेगी।

सुनवाई पूरी होने के बाद हिंदू पक्ष के एक वकील ने बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में वादी और प्रतिवादी पक्ष की सुनवाई पूरी हो गयी है। उन्होंने बताया कि अदालत ने मस्जिद परिसर में वादी पक्ष को श्रृंगार गौरी मंदिर में नियमित पूजा अर्चना करने की अनुमति दिये जाने की मांग से जुड़ी अर्जी पर दोनों पक्षों की



दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर मुकदमे की अगली तारीख 12 सितंबर मुकर्रर की है।

उन्होंने बताया कि अदालत इस महत्वपूर्ण मामले की अगली तारीख, 12 सितंबर को अपना फैसला सुनायेगी। गौरतलब है कि इस मामले की सुनवाई पहले वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में चल रही थी इस दौरान हिंदू पक्ष की मांग पर अदालत ने ज्ञानवापी परिसर का वीडियोग्राफी सर्वे कराये जाने की अनुमति दी थी, जिसमें मस्जिद के वजूखाने में शिवलिंग सहित अन्य स्थानों पर हिंदू प्रतीकों के अवशेष मिलने के बाद उच्चतम न्यायालय के आदेश पर इस मामले की सुनवाई जिला न्यायालय को सौंप दी गयी।

सुनवाई पूरी होने के बाद हरीशंकर जैन ने दावा किया कि मुस्लिम पक्ष ने ज्ञानवापी मस्जिद को वक्फ बोर्ड की संपत्ति साबित करने के लिये जो दस्तावेज अदालत के सम्मुख पेश किये वे वास्तव में ज्ञानवापी परिसर से डेढ़ किमी दूर स्थित आलमगीर मस्जिद के हैं। जैन ने कहा कि उन्होंने आज अदालत को इस हकीकत से अवगत कराते हुए साक्ष्य एवं दलीलों के आधार पर साबित किया कि उक्त दस्तावेजों का ताल्लुक मामले में प्रश्नगत स्थल से नहीं है। जैन ने आरोप लगाया कि मुस्लिम पक्ष ने फर्जी दस्तावेज पेश कर अदालत को गुमराह करने की कोशिश की।

## अपराधी को पुलिस का खौफ हो और आम आदमी के मन में सम्मान हो : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते पांच सालों के दौरान प्रदेश में पुलिस की छवि में बदलाव आने का दावा करते हुए कहा है कि पुलिस की बेहतर कार्यप्रणाली का परीक्षण तब होता है जब अपराधी के मन में पुलिस के प्रति खौफ हो और आम आदमी के मन में सम्मान का भाव हो। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को 190 आवासीय भवनों का पुलिस विभाग को तोहफा देते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधाओं से लैस किया जा रहा है जिससे उनकी कार्यक्षमता बेहतर हो सके। योगी ने यहां 190 आवासीय भवनों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए प्रदेश में अच्छे बैरक बनवा गये हैं। उन्होंने पुलिस तंत्र को अत्याधुनिक सुविधाओं से जोड़ने के लिये महकमे को बधाई दी। योगी ने कहा कि 05 साल पहले पुलिस और प्रदेश, दोनों की छवि अच्छी नहीं थी। योगी ने कहा, पहले कोई अपने आपको सुरक्षित नहीं समझता था। स्थिति को सुधारने के लिये मैनें पुलिस लाइनों का निरीक्षण किया। पुलिस महकमे में 1.62 लाख से ज्यादा भर्तियां की, पुलिसकर्मियों की उचित ट्रेनिंग की व्यवस्था कराई, पुलिस में आधुनिकीकरण की व्यवस्था कराई गई, 05 साल में कानून व्यवस्था को बेहतर किया।

## शार्ट न्यूज

### एमसीए 21 संस्करण-3 से संबंधित अपडेट

नयी दिल्ली। परिकल्पना प्रवर्तन को मजबूत करने, व्यवसाय करने में आसानी को प्रोत्साहित करने और उपयोगकर्ता को बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही परियोजना एमसीए 21 संस्करण-3.0 की शुरुआत चरणबद्ध तरीके से की जायेगी। वित्त मंत्रालय ने आज यहां बताया कि नियामक फाइलिंग की प्रक्रिया में कम से कम व्यवधान सुनिश्चित करने हेतु एमसीए21 संस्करण-3.0 की शुरुआत चरणबद्ध तरीके से करने की योजना बनाई गई है। 09 कंपनी फॉर्म (सीएचजी-1, सीएचजी-4, सीएचजी-6, सीएचजी-8, सीएचजी-9, डीआईआर-3 केवाईसी, डीआईआर-3 केवाईसी वेब, डीपीटी-3 और डीपीटी-4) को 01 सितम्बर 2022 को लाइव किया जाएगा। शेष कंपनी फॉर्म और ई-एडजुडिकेशन व अनुपालन प्रबंधन प्रणाली (कंप्लायन्स मैनेजमेंट सिस्टम) जैसे अन्य मॉड्यूल को वर्ष के भीतर पूरी तरह से लागू किया जाएगा। संस्करण-3 में 09 कंपनी फॉर्म की आगामी शुरुआत को ध्यान में रखते हुए, एमसीए21 वी-3 पोर्टल पर एलएलपी फाइलिंग की सुविधा 27 अगस्त से लेकर 28 अगस्त तक उपलब्ध नहीं होगी। हालांकि, एमसीए21 वी-2 पोर्टल कंपनी फाइलिंग के लिए उपलब्ध रहेगा। इन 09 फॉर्मों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और डेमो एमसीए की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ई-बुक, ई-परामर्श मॉड्यूल और एक संशोधित वेबसाइट के लॉन्च के साथ इसकी शुरुआत का पहला चरण 24 मई 2021 को संपन्न हुआ था। चरण -2 के हिस्से के रूप में, सभी एलएलपी फाइलिंग में सहयोग प्रदान करने हेतु एलएलपी मॉड्यूल 08 मार्च 2022 को लॉन्च किया गया था।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में टिकाव

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच घरेलू स्तर पर आज भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज लंदन ब्रेंट 1.07 प्रतिशत बढ़कर 101.29 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.00 प्रतिशत बढ़कर 94.68 डॉलर प्रति बैरल बोला गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन करने वाली कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर यथावत है। पिछले दो महीने से अधिक समय से तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमश: 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर हैं। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### रुपया तीन पैसे फिसला

मुंबई। आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे फिसलकर 79.86 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। वहीं, पिछले कारोबारी दिवस रुपया एक पैसे की बढ़त लेकर 79.83 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया एक पैसे उतरकर 79.84 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान लिवाली के दबाव में यह 79.87 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया लेकिन बिकवाली होने से यह 79.68 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 79.83 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में तीन पैसे गिरकर 79.86 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

### विस्तारा ने मुंबई और अबू धाबी के बीच दैनिक उड़ानों की घोषणा

नयी दिल्ली। विमानन कंपनी विस्तारा ने मुंबई और अबू धाबी के बीच एक अक्टूबर से दैनिक उड़ानें संचालित करने की बुधवार को घोषणा की। विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद कन्नन ने कहा, हमें विश्वास है कि मुंबई और अबू धाबी के बीच अधिक से अधिक संपर्क दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाएगा और पर्यटन के आवागमन को सुविधाजनक बनाएगा। विस्तारा के पास 53 विमानों का बेड़ा है जिनमें 41 एयरबस ए320, पांच एयरबस ए321 नियो, पांच बोइंग 737-800एनजी और दो बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर शामिल हैं।

### 16 माह बाद अमेरिकन एक्सप्रेस को भारत में मिली राहत, आरबीआई ने हटाए प्रतिबंध

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने लगभग 16 महीनों के बाद अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प पर लगाए गए व्यावसायिक प्रतिबंधों को हटा दिया है। आरबीआई के मुताबिक डेटा भंडारण मानदंडों पर अब अमेरिका के बैंकिंग फर्म की स्थिति संतोषजनक है। बता दें कि आरबीआई ने 23 अप्रैल, 2021 को अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प पर कार्रवाई करते हुए प्रतिबंध लगा दिए थे। आरबीआई ने कहा था कि 1 मई, 2021 से बैंक अपने कार्ड नेटवर्क पर नए घरेलू ग्राहकों को नहीं जोड़ सकेगा। आरबीआई के मुताबिक बैंक ने भुगतान प्रणाली के भंडारण पर नियमों का उल्लंघन किया था। बता दें कि मास्टरकार्ड, वीज़ा, अमेरिकन एक्सप्रेस और डाइनर्स क्लब जैसी कंपनियों को अक्टूबर, 2018 से भारतीय भुगतान डेटा को स्थानीय रूप से संग्रहीत करने की जरूरत है। हालांकि, आरबीआई ने पाया कि अधिकतर कंपनियों ने इस नियम का पालन नहीं किया है। यही वजह है कि अमेरिकन एक्सप्रेस समेत कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए। इससे पहले डाइनर्स क्लब इंटरनेशनल और मास्टरकार्ड पर भी इसी तरह का प्रतिबंध लगाया गया था। डाइनर्स क्लब पर से प्रतिबंध पिछले साल नवंबर में हटा लिया गया था, जबकि मास्टरकार्ड पर प्रतिबंध जुलाई में हटाया गया है।

# बदलते विश्व में घरेलू खनिज क्षेत्र को मजबूत बनाने के नए उपाय तलाशने पर जोर

नयी दिल्ली। राजधानी में खनिज और खनन क्षेत्र पर दो दिवसीय औद्योगिक सम्मेलन क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ बुधवार को समाप्त हुआ।

केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने समापन सत्र में इस क्षेत्र के सभी प्रतिभागियों को अपने खनिजों और खनन क्षेत्रों में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के तरीकों और साधनों का पता लगाने के साथ-साथ उनके विकास की गति बढ़ाने पर जोर देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग से ही भारत में खनन से मिलने वाले खनिजों और अन्य कीमती धातुओं का निर्यात बढ़ाया जा सकेगा।

सम्मेलन में इस उद्योग के विशेषज्ञों, औद्योगिक इकाइयों के प्रमुखों, नीति-निर्माताओं, हितधारकों और अन्य प्रतिनिधियों ने इस क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों, चुनौतियों और अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन में संकल्प लिया गया है कि खनिज और खनन क्षेत्र से संबंधित उद्योग के हितधारक इस क्षेत्र के विकस के लिए एक साझी दृष्टि विकसित करें।

खनन क्षेत्र के सरकारी उपक्रम एनएमडीसी और उद्योगमंडल फिक्की द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सम्मेलन के समापन सत्र में इस्पात मंत्रालय के सचिव संजय सिंह ने कहा कि भारत में 2030 तथा 2047 तक इस्पात उत्पादन क्षमता क्रमश- 30 करोड़ टन और 50 करोड़ टन तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इस्पात सचिव श्री सिंह ने कहा, इसका मतलब यह होगा कि अनुमानित लौह अयस्क के भंडार को संसाधनों में बदलना होगा क्योंकि तभी ये भंडार देश के नीति निर्माताओं द्वारा तय लक्ष्यों को को प्राप्त करने के लिए आदर्श होंगे।




नीति आयोग के सलाहकार कुंदन कुमार ने कहा कि भारतीय खानों और खनिज क्षेत्र के विकास और विस्तार और विविधीकरण के लिए नीतियां तैयार की जा रही हैं और कई को लागू भी किया जा चुका है।

एनएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब ने समापन सत्र की अध्यक्षता करने हुए प्रतिभागियों और नीति निर्माताओं से इस क्षेत्र को अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता के लिए अपना समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में अपने योगदान को अपने वर्तमान स्तर से करीब दो प्रतिशत तक काफी आसानी से बढ़ा सकता है। आदित्य बिड़ला समूह की मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. इला पटनायक ने बदलते अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक परिदृश्य के मद्देनजर भारत जैसे देशों के लिए खोज और खनन क्षेत्रों पर विशेष रूप से पहले से अधिक ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया।

# टाटा न्यू और एचडीएफसी बैंक की साझेदारी

मुंबई। टाटा न्यू और एचडीएफसी बैंक ने आज ज्यादा रिवार्ड देने वाले को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए साझेदारी की घोषणा की।

बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि ये कार्ड दो वैरिएंट- टाटा न्यू प्लस एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और टाटा न्यू इन्फिनिटी एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड में लॉन्च किए जाएंगे। टाटा न्यू के ग्राहक टाटा न्यू ऐप के द्वारा क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं और ऐप के द्वारा कार्ड के मुख्य विवरण देख सकते हैं, जिससे उन्हें ज्यादा सरल और बेहतर अनुभव प्राप्त होता है। कार्ड के दोनों वैरिएंट रुपे और वीज़ा नेटवर्क पर उपलब्ध होंगे।

HDFC BANK

इस कार्ड में दोनों ब्रांड की शक्ति का इस्तेमाल कर ग्राहकों के लिए बेहतर मूल्य एवं इंटीग्रेटेड अनुभव प्रस्तुत किया गया है। एचडीएफसी बैंक भारत में अग्रणी कार्ड जारीकर्ता है, तो वहीं टाटा न्यू विभिन्न श्रेणियों और विभिन्न चैनलों में मौजूद है। यह कार्ड इसलिए भी खास है क्योंकि इसके द्वारा ग्राहकों को ऑनलाईन एवं ऑफलाईन किए गए सभी खर्चों पर न्यू क्वाईन के रूप में रिवार्ड प्वाईंट मिलते हैं। ग्राहकों को ऑनलाईन एवं ऑफलाईन स्टोर से साझेदार टाटा ब्रांड्स से की गई हर खरीद पर टाटा न्यू प्लस एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड पर 2 प्रतिशत न्यू क्वाईन और टाटा न्यू इन्फिनिटी एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड पर 5 प्रतिशत न्यू क्वाईन मिलेंगे।

साझेदार टाटा ब्रांड्स के अलावा अन्य जगहों से की गई हर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय खरीद के लिए ग्राहकों को इन कार्ड वैरिएंट्स पर क्रमश: 1 प्रतिशत और 1.5 प्रतिशत न्यू क्वाईन मिलेंगे।

ये कार्ड टाटा न्यू द्वारा की गई हर खरीद पर टाटा न्यू ग्राहकों के लिए मौजूदा रिवार्ड प्वाईंट और ज्यादा बढ़ाएंगे। मौजूदा 5 प्रतिशत न्यू क्वाईंस के टाटा न्यू बेनेफिट्स के साथ ग्राहकों को अपने-अपने कार्ड वैरिएंट्स के लिए टाटा न्यू ऐप पर किए गए अपने खर्च के लिए कुल 7 प्रतिशत या 10 प्रतिशत वैल्यू प्वाईंट मिलेंगे।

## श्रीलंका ने परफ्यूम और शैंपू समेत 300 उपभोक्ता वस्तुओं के आयात पर लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** नकदी संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने विदेशी मुद्रा को बचाने के लिए चॉकलेट, परफ्यूम और शैंपू जैसी 300 उपभोक्ता वस्तुओं के आयात पर रोक लगा दी है। श्रीलंका वर्ष 1948 में अपनी आजादी के बाद से सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। देश में विदेशी मुद्रा संकट के कारण आवश्यक वस्तुओं की कमी हो गई है। श्रीलंका के वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी एक विशेष अधिसूचना में चॉकलेट, परफ्यूम, मेकअप और शैंपू समेत कुल 300 उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि आयात और निर्यात नियंत्रण नियमों के तहत खाद्य से लेकर मशीनरी उपभोक्ता वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला के आयात पर प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू है।

## जीएसटी कलेक्शन बढ़ने के बाद भी कम होगी रेवेन्यू ग्रोथ, राज्यों को लेकर क्रिसिल की आशंका

**नई दिल्ली।** जीएसटी कलेक्शन अच्छा रहने के बावजूद राज्यों के रेवेन्यु ग्रोथ में गिरावट आ सकती है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। यह रिपोर्ट ग्रॉस स्टेट डोमेस्टिक प्रोडक्शन (जीएसडीपी) में 90 प्रतिशत योगदान देने वाले 17 राज्यों के आकलन के बाद तैयार की गई। इसमें बताया गया कि 2020-21 में महामारी के प्रकोप के दौरान रेवेन्यु ग्रोथ कम थी और उसकी तुलना में 2021-22 में यह 25 प्रतिशत के बेहतर स्तर पर रही। क्रिसिल ने रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में टैक्स कलेक्शन अच्छा रहने से राजस्व वृद्धि को बल मिलेगा। राज्यों को मिलने वाले रेवेन्यु में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी जीएसटी कलेक्शन और केंद्र से हस्तांतरण को मिलाकर होती है और इसके दहाई अंक में बढ़ने का अनुमान है। एजेंसी के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि रेवेन्यु ग्रोथ को सबसे ज्यादा बल समूचे राज्य जीएसटी संग्रह से मिलेगा जो 2021-22 में 29 प्रतिशत बढ़ गया। उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि वृद्धि की गति कायम रहेगी और संग्रह चालू वित्त वर्ष में और 20 प्रतिशत बढ़ेगा। अनुपालन का स्तर बेहतर होने, उच्च मुद्रास्फीति का माहौल और सतत आर्थिक वृद्धि इसमें मददगार होगी।'' पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री से मिलने वाले टैक्स कलेक्शन की सपाट या निम्न एवं एकल अंक की वृद्धि और 15वें वित्त आयोग (13-15 फीसदी) की अनुदान अनुशंसा वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कारक होंगे।

# एनएचपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने 'राजस्थान राज्य में 10,000 मेगावाट अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क के विकास' के लिए राजस्थान सरकार के साथ समझौता किया

फरीदाबाद। एनएचपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनएचपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) ने राजस्थान राज्य में 10,000 मेगावाट अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क के विकास के लिए दिनांक 24.08.2022 को राजस्थान सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की गरिमामयी उपस्थिति में, श्री भास्कर ए. सावंत, प्रमुख शासन सचिव, उर्जा विभाग, राजस्थान सरकार और श्री बिश्वजीत बासु, अध्यक्ष, एनएचपीसी आरईएल, द्वारा नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। श्रीमती शकुंतला रावत, माननीय कैबिनेट मंत्री, उद्योग विभाग, राजकीय उपक्रम विभाग, देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार और श्री राजीव अरोड़ा, अध्यक्ष, राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड, राजस्थान सरकार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर इस अवसर की शोभा बढ़ाई। श्रीमती उषा शर्मा, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य, राजस्थान सरकार और श्री ओम प्रकाश कसेरा, आयुक्त, निवेश संवर्धन ब्यूरो, राजस्थान सरकार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।




हाल ही में गठित एनएचपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एनएचपीसी आरईएल अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के फलस्वरूप, एनएचपीसी आरईएल दोनों पक्षों के संसाधनों एवं ज्ञान आधार का सर्वाधिक उपयोग करते हुए राजस्थान राज्य में 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा पार्क/ परियोजनाओं का विकास करने के लिए राजस्थान सरकार के सहयोग से एक नई शुरुआत करेगी।

# गलगोटियाज में आज से शुरू होगा स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

गौतमबुद्धनगर। आज प्रात: 10 बजे से गलगोटियाज विश्वविद्यालय ग्रेटर नॉएडा अपने प्रांगण में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 5 दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन करने जा रहा है। जिसका उद्घाटन भारत सरकार के माननीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ0 सुभास सरकार, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो0 अनिल सहस्त्रबुद्धे, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मुख्य नवाचार अधिकारी डॉ0 अभय जेरे, उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख सचिव श्रीमती मोनिका एस0 गर्ग और विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति सुनील गलगोटिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव गलगोटिया एवं कुलपति प्रो0 डॉ0 प्रीति बजाज करेंगें। यह हैकाथॉन प्रतियोगिता आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर और आत्म निर्भर भारत अभियान के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की इनोवेशन सैल के संरक्षण में आयोजित की जाएगी। भारत सरकार के द्वारा स्मार्ट इंडिया हैकथॉन को 2017 में दोनों विधाओं हार्डवेयर और सॉफ्टवेर के रूप में शुरू किया गया था। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2022 प्रतियोगिता के इस पाँचवे हार्डवेयर संस्करण को गलगोटियाज विश्वविद्यालय नोडल सेंटर के रूप में आयोजित करेगा। जिसमें आंध्रा- प्रदेश, उड़ीसा, केरला, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना इन सभी राज्यों से कुल 22 टीमों के 140 प्रतिभागी भाग लेंगें। ये सभी छात्र अगले पांच दिनों तक शिक्षा मंत्रालय, इलैक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय (भारत सरकार) के द्वारा निर्धारित स्मार्ट एजुकेशन, स्मार्ट ऑटोमेशन, कृषि खाद्य तकनिकी और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करेंगें। यह स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सैल के द्वारा छात्रों को सरकार, मंत्रालयों, विभागों, उद्योगों और अन्य संगठनों की गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन दुनिया के सबसे बड़े ओपन इनोवेशन मॉडल के रूप में प्रसिद्ध है। और यह छात्रों के बीच उत्पाद नवाचार और समस्या-समाधान की संस्कृति को विकसित करता है। इस वर्ष स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन दोनो विधाओं सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर रूप से पेश किया गया है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2022 हार्डवेयर ग्रैंड फिनाले 25 अगस्त से 29 अगस्त 2022 तक निर्धारित किया गया है। जिसमें 2033 टीमों के 15000 से अधिक छात्र राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और निजी सहित कुल 62 संगठनों से प्राप्त 476 समस्याओं के समाधान पर कार्य करेंगें। सभी पांचों प्रॉब्लम स्टेटमेंट की विजेता टीमों को 1 लाख रूपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर हम सभी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं यह एक संयोग ही है कि इस प्रतियोगिता के दौरान भी विश्वविद्यालय के 75 शिक्षक स्वयं सेवक और 75 छात्र स्वयं सेवक दिन रात अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।




# जिंसों में टिकाव

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा 65 रिंगिट बढ़कर 4292 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इस दौरान अमेरिकी सोया तेल का सितंबर वायदा 0.20 सेंट उठकर 67.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, चना दाल, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भी स्थिरता रही। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। दाल-दलहन : चना 4550-4650, दाल चना 5550-5650, मसूर काली 8300-8400, मूंग दाल 8000-8100, उड़द दाल 9850-9950, अरहर दाल 8650-8750 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2400-2500 रुपये और चावल : 2600-2700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3530-3660, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3410-3510 और गुड़ 3900-4000 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 16849 रुपये, मूंगफली तेल 19413 रुपये, सूरजमुखी तेल 19780 रुपये, सोया रिफाइंड 15751 रुपये, पाम ऑयल 13773 रुपये और वनस्पति तेल 14652 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# शक्कर मजबूत, खाद्य तेलों में तेजी, दलहनो में गिरावट, दालें घटी, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मजबूती दर्ज की गई। खाद्य तेलों में सुधार रहा। सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका। दलहनो में नरमी रही। आज मसूर सस्ती बिकी वहीं दालों में भाव मंदे बोले गए। चावल में कामकाज सामान्य रहा।

### किराना बाजार

शक्कर में उठाव रहा। आज शक्कर में कामकाज 3650 से 3700 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। खोपरा गोला, खोपरा बूरा में मांग दर्ज की गई। हल्दी में कामकाज सामान्य बताया गया।

### तेल -तिलहन

खाद्य तेल में पूछपरख रही। आज सोयाबीन रिफाइंड में भाव ऊंचे बोले गए। तिलहन में प्लान्टो की लिवाली बताई गई इससे तेजी रही।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में नरमी दर्ज की गई। आज मसूर सस्ती बिकी। दालों में मांग सुस्ती से भाव गिरावट लिए बताए गए। आज चावल में उठाव साधारण रहा।

### किराना

शक्कर 3650 से 3700 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 175 से 190 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2000 से 3500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 100 से 162 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 5800 से 7400, पैकिंग में 7600 से 7800 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6000 से 6200, रायडा 5700 से 5900 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1700 से 1720, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 1235 से 1240, सोयाबीन साल्वेंट 1205 से 1210, पाम तेल 1245 से 1250 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 4950 से 5000, मसूर 6400 से 6475, तुअर निमाड़ी 6800 से 7400, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 7600 से 7900, तुअर (कर्नाटक) 7800 से 8000, मूंग 6400 से 6500, मूंग हल्की 5500 से 5900, उड़द 7400 से 7600, उड़द मीडियम 6300 से 6800, उड़द नया 7000 से 7600, हल्का 2500 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 6200 से 6700, तुअर दाल सवा नंबर 9600 से 9700, तुअर दाल फूल 9800 से 10000, तुअर दाल बोल्ड 10300 से 11000, आयातित तुअर दाल 9400 से 9500, मसूर दाल 7500 से 7800, मूंग दाल 8400 से 8700, मूंग मोगर 8700 से 9000, उड़द दाल 9100 से 9400, उड़द मोगर 9600 से 9900 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 10500 से 11500, तिबार 8500 से 9500, दुबार 7500 से 8500, मिनी दुबार 6500 से 7500, मोगरा 4000 से 6000, बासमती सैला 7500 से 9500, कालीमूंछ 7500 से 8000, राजभोग 6500 से 7000, दूबराज 3500 से 4500, परमल 2550 से 2700, हंसा सैला 2500 से 2675, हंसा सफेद 2450 से 2500, पोहा 4200 से 4600 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1520 से 1530, मैदा 1490 से 1500, आटा 1370 से 1380, चना बेसन 3375 से 3400 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

## राधाकिशन दमानी के इस स्टॉक ने बदली निवेशकों की किस्मत, एक साल में पैसा डबल

**नई दिल्ली।** पिछले एक साल में जिन कुछ स्टॉक ने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। उसमें राधाकिशन दमानी का स्टॉक भी शामिल है। एस्ट्रा माइक्रोवेव प्रोडक्ट के शेयर का भाव पिछले एक साल के दौरान 157.65 रुपये से बढ़कर 322.65 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। यानी जिन निवेशकों ने एक साल पहले इस स्टॉक पर दांव लगाया होगा उनका पैसा अब डबल हो गया। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से इस साल शेयर बाजार में काफी उतार और चढ़ाव देखने को मिला है। आइए जानते हैं इस साल एस्ट्रा माइक्रोवेव प्रोडक्ट के शेयरों ने कैसा रिटर्न दिया है? बुधवार (24 अगस्त 2022) को कंपनी के शेयर 2.50 प्रतिशत की उछाल के साथ 52 सप्ताह के उच्चतम 322.65 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। हांलाकि इसके बाद कंपनी मुनाफावसूली का शिकार हो गई। और देखते ही देखते कंपनी के शेयर का भाव एनएसई में लुढ़क कर 316.50 रुपये के लेवल पर आ गया। सुबह 11:40 बजे कंपनी के शेयर 323.45 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे।

# शेयर बाजार में तेजी जारी

एजेंसी

मुंबई। विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर रियल्टी, कैपिटल गुड्स, बैंकिंग, दूरसंचार और इंडस्ट्रियल्स समेत चौदह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी जारी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 54.13 अंक की बढ़त लेकर 59085.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27.45 अंक बढ़कर 17604.95 अंक पर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.80 प्रतिशत उठकर 24,969.34 अंक और स्मॉलकैप 0.73 प्रतिशत मजबूत होकर 28,266.64 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3546 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2112 में लिवाली जबकि 1292 में बिकवाली हुई वहीं 142 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 26 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 24 में गिरावट रही।

बीएसई के चौदह समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान रियल्टी 1.74, कैपिटल गुड्स 0.80, बैंकिंग 0.67, दूरसंचार 0.91, इंडस्ट्रियल्स 0.92, वित्त 0.64, एफएमसीजी 0.11, सीडीजीएस 0.30, बेसिक मैटेरियल्स 0.37 और पावर समूह के शेयर 0.37 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35, जर्मनी का डैक्स 0.19, जापान का निक्केई 0.49, हांगकांग का हैंगसेंग 1.20 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.86 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 178 अंक गिरकर 58,853.32 अंक पर खुला और भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 58,760.09 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। हालांकि लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 59,170.87 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने में सफल रहा।

संभलने की कोशिशों के तहत कारोबार के अंतिम चरण में इसमें एक बार फिर लिवाली हुई और अंत में पिछले दिवस के 59,031.30 अंक के मुकाबले 0.09 प्रतिशत बढ़कर 59,085.43 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 52 अंक फिसलकर 17,525.45 अंक पर खुला। कारोबारी सत्र के दौरान यह 17,499.25 अंक के निचले जबकि 17,623.65 अंक के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,577.50 अंक की तुलना में 0.16 प्रतिशत चढ़कर 17,604.95 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की 16 कंपनियों में लिवाली जबकि शेष 14 में बिकवाली हुई। इंडसइंड बैंक ने सर्वाधिक 2.86 प्रतिशत का मुनाफा कमाया वहीं टाटा स्टील सबसे अधिक 0.93 प्रतिशत के नुकसान में रही।

तेजी पर रहने वाली अन्य प्रमुख कंपनियों में एनटीपीसी 1.29, आईसीआईसीआई बैंक 0.91, एचडीएफसी 0.69, एक्सिस बैंक 0.56, टेक महिंद्रा 0.42, एचडीएफसी बैंक 0.37, एचसीएल टेक 0.19, भारती एयरटेल 0.18 और बजाज फिनसर्व 0.12 प्रतिशत शामिल रही।

# शार्ट न्यूज

## प्रशिक्षण के लिये अमेरिका रवाना हुआ भारोत्तोलन दल

नयी दिल्ली। भारत की 10-सदस्यीय भारोत्तोलक टीम विदेशी प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिये बुधवार को अमेरिका रवाना हुई। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) ने इसकी जानकारी देते हुए ट्वीट किया, 10 सदस्यीय मजबूत भारतीय भारोत्तोलन दल स्काट यूनिवर्सिटी, सेंट लुइस में विदेशी प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना हो गया है। इस दल में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पदक जीतने वाली मीराबाई चानू, संकेत सरगार, बिंद्यारानी देवी, अचिंता श्यूली और लवप्रीत सिंह शामिल हैं। गौरतलब है कि अमेरिका में प्रशिक्षण लेने वाले भारोत्तोलक छह अक्टूबर से शुरू होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे और दिसंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जो पैरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। एसएआई ने कहा, दिसंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए तैयारी शिविर के रूप में टीम अमेरिका में 24 दिनों तक अपनी स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और रिहैबिलिटेशन जारी रखेगी।

## पर्ली-मुरलीधरन ने लगातार चौथी बार त्रीशा-गायत्री को हराया

टोक्यो। भारत की त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 में बुधवार को मलेशिया की टैन पर्ली और तिनाह मुरलीधरन के हाथों 2-0 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयीं। पर्ली-मुरलीधरन की जोड़ी ने महिला युगल के दूसरे दौर में त्रीशा और गायत्री को 21-8, 21-17 से हराया। मलेशियाई युगल ने पहला गेम मात्र 14 मिनट में 21-8 से जीत लिया था और दूसरे गेम में भी वह 17-11 से आगे चल रहे थे, लेकिन भारतीय जोड़ी ने वापसी का प्रयास करते हुए गेम को 17-14 तक पहुंचा दिया। पर्ली और मुरलीधरन ने 20-14 पर मैच पॉइंट हासिल करने के बाद तीन पॉइंट गंवाए, लेकिन अंततः 21-17 से गेम जीतते हुए प्री-क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। पर्ली और मुरलीधरन ने त्रीशा और गायत्री को इस साल चौथी बार मात दी है। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भी अपने भारतीय प्रतिद्वंदियों को दो बार हराया था।

## बड़े फेरबदल में अर्जुन-ध्रुव ने रैसमुसन-एस्ट्रप को हराया

टोक्यो। भारत के अर्जुन एमआर और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 में बुधवार को बड़े फेरबदल में डेनमार्क के ए रैसमुसन और किम एस्ट्रप को 2-0 से मात दी। अर्जुन और ध्रुव ने दूसरे दौर में विश्व की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-17, 21-16 के सीधे गेमों में हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। यह एक शीर्ष-10 जोड़ी के खिलाफ अर्जुन और ध्रुव की पहली जीत है। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में गत चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता जोड़ी को 21-17 से हराने के बाद दूसरे गेम में भी अच्छी शुरुआत की, मगर उनके डेनिश प्रतिद्वंदियों ने मैच में वापसी का प्रयास किया और स्कोर 14-14 पर आ गया। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने गियर बदला और अर्जुन ने शानदार सर्व की बदौलत गेम को 21-16 पर समाप्त किया। इसी बीच, अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी को महिला युगल के दूसरे दौर में जापान की चेन क्विंग चेन और जिया यी ने 21-15, 21-10 से मात दी। दक्षिण कोरिया की एस सी शिन और एस एच ली ने पूजा और संजना की महिला युगल जोड़ी को 21-15, 21-7 से हराकर चैंपियनशिप में उनका सफर समाप्त किया।

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन का ऐलान, ये खिलाड़ी हुआ बाहर

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले के लिए मेजबान इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही इस टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड की टीम को करारी हार मिली थी और अब इसी वजह से कप्तान बेन स्टोक्स ने एक बड़ा बदलाव टीम में कर दिया है। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने जानकारी देते हुए बताया कि मैथ्यू पॉट्स दूसरे टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं होंगे। उनकी जगह दूसरे मैच में ओली रॉबिन्सन खेलेंगे। मैथ्यू पॉट्स का प्रदर्शन अभी तक इतना खराब भी नहीं रहा, लेकिन फिर भी उनको ड्रॉप किया गया है। 5 मैचों में पॉट्स ने 20 विकेट निकाले हैं और वे हर पारी में कम से कम एक विकेट निकालने में सफल रहे हैं, लेकिन फिर भी उनको बाहर किया गया। वहीं, ओली रॉबिन्सन की बात करें तो वे आखिरीबार जनवरी 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने उतरे थे। इसके बाद उनको चोट लग गई और वे टीम से बाहर हो गए। हालांकि, काउंटी क्रिकेट में उन्होंने अपनी फिटनेस साबित की और अच्छा प्रदर्शन करने के बाद टीम में जगह बनाई, लेकिन पहले मैच में मैथ्यू पॉट्स को तरजीह दी गई थी, जो न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किए थे।

## वाटिका की दूसरे चरण में जीत से शुरुआत

**नयी दिल्ली।** आशा थापा के दो शानदार गोलों की मदद से हंस एफसी ने बुधवार को गढ़वाल एफसी को 5-3 से हराकर महिला प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किये। अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए पुरुषों की लीग के दूसरे चरण के पहले मैच में वाटिका एफसी ने हिंदुस्तान एफसी को एक गोल से हराया। वाटिका पहले चरण में अव्वल रही। नेहरू स्टेडियम में खेले गये संघर्षपूर्ण मुकाबले में गढ़वाल को पहले हाफ की गलतियां भारी पड़ीं। हंस की प्लेयर ऑफ द मैच आशा ने दो जबकि अनिता, मुस्कान खान और प्रेरणा नेगी ने एक-एक गोल जमाए। गढ़वाल की ओर से मोनिषा सिंघा ने दो और सांफिदा ने एक गोल किया। वाटिका और हिंदुस्तान के बीच खेला गया मैच स्तरीय नहीं रहा। दोनों तरफ से उद्देश्य हीन फुटबाल खेली गई। बिजोय गोसाईं का गोल निर्णायक साबित हुआ, हालांकि ऋषभ जोशी को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। बड़ी बात यह रही कि विजेता टीम ने जीत के साथ दूसरे चरण की शुरुआत की। अब उत्तराखण्ड को रोयल रेंजर्स से और वायुसेना को फ्रेंड्स यूनाइटेड से गुरुवार को खेलना है।

## न्यूज़ीलैंड-ए के खिलाफ पंचाल करेंगे भारत-ए की कप्तानी



मुंबई। अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने न्यूज़ीलैंड-ए के खिलाफ होने वाली लाल गेंद शृंखला के लिये भारत-ए टीम की घोषणा बुधवार को की, जिसमें प्रियांक पंचाल को कप्तानी सौंपी गयी है। पंचाल पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत-ए की कप्तानी कर चुके हैं। अब वह न्यूज़ीलैंड-ए के खिलाफ होने वाली तीन चार-दिवसीय मैचों की शृंखला में टीम की कमान संभालेंगे। यह मैच बेंगलुरु और हुबली में खेले जाएंगे। इसके अलावा दोनों टीमें चेन्नई में एक वनडे मैच भी खेलेंगी, जिसके लिये टीम की घोषणा बाद में होगी। चार दिवसीय मैचों के लिए भारत-ए टीम : प्रियांक पंचाल (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, रुतुराज गायकवाड़, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, श्रीकर भरत (विकेटकीपर), उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, सौरभ कुमार, राहुल चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, उमरान मलिक, मुकेश कुमार, यश दयाल, अर्जन नागवासवाला।

### विराट कोहली ने एशिया कप 2022 से पहले आलोचकों को जमकर लगाई लताड़

# मुझे पता है मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली को उम्मीद है कि आगामी एशिया कप 2022 क्रिकेट टूर्नामेंट में उनका खोया हुआ फॉर्म वापिस आ जाएगा। कोहली करीब डेढ महीने के बाद क्रिकेट में वापसी करने जा रहे हैं। टूर्नामेंट में भारत को अपना पहला मुकाबला 28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है और इस मुकाबले में सभी की नजरें कोहली की बल्लेबाजी पर टिकी होंगी। यह मुकाबला विराट के करियर का 100वां ट्र20 इंटरनेशनल मुकाबला होगा। पूर्व कप्तान ने पिछले 1000 दिनों से भी ज्यादा समय से कोई सेंचुरी नहीं लगाई है। उन्होंने अपना पिछला मैच इंग्लैंड दौरे पर खेला था, जहां उनका सर्वोच्च स्कोर 20 रन था।

33 साल के विराट ने पिछले करीब तीन साल से जारी खराब फॉर्म पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। पूर्व कप्तान ने इंग्लैंड में की गई गलतियों को स्वीकार करते हुए कहा कि खराब फॉर्म की एक वजह एक समान पैटर्न था और उन्होंने इसे सुधारने के लिए काफी मेहनत की है। विराट ने स्टार स्पोर्ट्स के शो गेम प्लान में कहा, इंग्लैंड में जो हुआ वह एक पैटर्न था, यह कुछ ऐसा था जिस पर मैं काम कर सकता था, कुछ ऐसा जिसे मुझे दूर करना था। अभी ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे आप यह कह सकें कि यहां समस्या हो रही है। इसलिए, मेरे लिए वास्तव में प्रक्रिया करना आसान है क्योंकि मुझे पता है कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। कई बार जब मुझे लगने लगता है कि लय वापस आ गई है तो मुझे पता चलता है कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। खराब फॉर्म के चलते कोहली को एक्सपर्ट और फैंस से आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है और दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने आलोचकों को भी जवाब दिया है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि मेरा खेल कहां खड़ा है और आप अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में परिस्थितियों और विपरीत परिस्थितियों का सामना करने तथा विभिन्न प्रकार की गेंदबाजी का मुकाबला करने की क्षमता रखे बिना इतनी दूर तक नहीं चल सकते हैं।

विराट ने आगे कहा, मेरे लिए यह प्रक्रिया करने का एक आसान चरण है, लेकिन मैं इसे अपने पीछे नहीं रखना चाहता। मैं इससे सीखना चाहता हूं और मैं समझना चाहता हूं कि एक खिलाड़ी और एक इंसान के रूप में मेरे मूल मूल्य क्या हैं। जब तक मैं उन सभी चीजों को सही कर रहा हूं, मुझे पता है कि उतार-चढ़ाव हैं। लेकिन जब मैं इस चरण से बाहर आता हूं, तो मुझे पता है कि मैं कितना सुसंगत हो सकता हूं।

# एशिया कप के लिये अंतरिम कोच बने लक्ष्मण

एजेंसी



मुंबई। भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज़ और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण राहुल द्रविड़ की अनुपस्थिति में एशिया कप 2022 के लिये भारत के अंतरिम मुख्य कोच होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने बुधवार को यह जानकारी दी।

भारतीय टीम के स्थायी कोच राहुल द्रविड़ का मंगलवार को किया गया कोरोना परिक्षण पॉजिटिव आया था, जिसके बाद वह टीम के साथ एशिया कप के लिये संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) रवाना नहीं हो सके।

जय शाह ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ज़िम्बाब्वे में हुई एकदिवसीय शृंखला में भारतीय टीम के साथ सफर करने वाले लक्ष्मण द्रविड़ की अनुपस्थिति में टीम का कार्यभार संभालेंगे। द्रविड़ एक बार कोरोना मुक्त होने और बीसीसीआई मेडिकल टीम द्वारा मंजूरी मिलने के बाद टीम में शामिल हो जाएंगे।

लक्ष्मण हरारे से यात्रा करके उप-कप्तान केएल राहुल, दीपक हुड्डा और आवेश खान सहित दुबई में टीम के साथ जुड़ चुके हैं।

## टीम इंडिया में वापसी को लेकर ओपनर मयंक अग्रवाल ने कहा- मैं हारने मानने वाला नहीं हूं

**नई दिल्ली।** मयंक अग्रवाल का इंटरनेशनल करियर इस समय खतरे में नजर आ रहा है। टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने पर उनको लगातार मौके मिले। यहां तक कि वनडे टीम में भी उनको जगह मिली, लेकिन कुछ टेस्ट मैचों में खराब प्रदर्शन के कारण उनको प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप कर दिया गया और फिर टीम से भी छुट्टी हो गई। इसके बाद उनका आईपीएल 2022 का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा, जिससे उनका टीम में आना मुश्किल हो गया। हालांकि, 31 वर्षीय मयंक का मानना है कि वे नेशनल टीम में वापसी कर सकते हैं। क्रिकइंफो से बात करते हुए अपनी इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी को लेकर उन्होंने कहा, मैं कोई ऐसा व्यक्ति हूं जो हार मानने वाला नहीं है। मैं इसका पीछा करता रहूंगा और हर गुजरते दिन के साथ अपने खेल में सुधार करूंगा। मेरे रास्ते में जो कुछ भी आएगा मैं उससे बहुत खुश रहूंगा, लेकिन आकांक्षाएं और सपने कभी नहीं मरते। यह बस मैदान पर जाने, उन कुछ चीजों को सुधारने और बॉक्स टिक करने के बारे में है। आईपीएल 2022 में 12 पारियों में 196 रन बनाने वाले बल्लेबाज ने कर्नाटक के लोकल टी20 टूर्नामेंट में महाराजा ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। 11 पारियों में उन्होंने दो शतकों के साथ 167.24 के स्ट्राइकरेट से 480 रन बनाए। मयंक अग्रवाल ने सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपने प्रदर्शन को लेकर कहा, पिछले चार महीनों में, मैंने अपनी बल्लेबाजी पर काफी मेहनत की है। जैसा कि आप देख सकते हैं, मैंने गेंद को स्वीप करना और रिवर्स स्वीप करना शुरू कर दिया है, वह भी तेज गेंदबाजों के खिलाफ। उन्होंने आगे कहा, मैंने अपने खेल में चार-पांच क्षेत्र खोले हैं, जो भरपूर लाभदे रहे हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैंने जो मेहनत की है वह अब रंग ला रही है। महाराजा ट्रॉफी जैसे टी20 टूर्नामेंट में दो शतक लगाना अद्भुत है। यह वास्तव में अच्छा लगता है जब खिलाड़ी आपको जिस तरह से चाहते हैं, उसका जवाब देते हैं।

# लक्ष्य, प्रणय प्री-क्वार्टरफाइनल में, श्रीकांत बाहर

एजेंसी

टोक्यो।भारत के युवा सनसनी शटलर लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2022 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी, जबकि पिछली बार के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गये।

सेन ने दूसरे दौर के मुकाबले में स्पेन के लुइस पेनल्वर को 21-17, 21-10 के सीधे गेमों में परास्त किया। एचएस प्रणय ने तीसरे दौर में पहुंचने के लिये दो बार के विश्व चैंपियन जापान के केंटो मोमोटा को 21-17, 21-16 से मात दी।

दूसरी ओर, श्रीकांत चीन के ज़्हाओ जुन पेंग के हाथों 9-21, 17-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

सेन ने पिछली बार गैर वरीयता प्राप्त विश्व चैंपियनशिप में प्रवेश किया था, लेकिन टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनलिस्ट केविन कॉर्डन सहित कई बड़े खिलाड़ियों को मात देने में सफल रहे थे। उन्होंने सेमीफाइनल में हमवतन श्रीकांत से हारकर कांस्य पदक से संतोष किया था।

पुरुष एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय प्रणय ने अपने जापानी प्रतिद्वंदी मोमोटा को पहली बार मात दी है। इससे पहले दोनों सात बार आमने-सामने आये थे, जहां हर बार प्रणय को हार का मुंह देखना पड़ा था।

अब लक्ष्य और प्रणय क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिये एक-दूसरे से मुकाबला करेंगे।

साथ ही, भारत के अर्जुन एमआर और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने बड़े उलटफेर में डेनमार्क के ए रैसमुसन और किम एस्ट्रप को 2-0 से मात दी।

अर्जुन और ध्रुव ने दूसरे दौर में विश्व की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-17, 21-16 के सीधे गेमों में हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। यह एक शीर्ष-10 जोड़ी के खिलाफ अर्जुन और ध्रुव की पहली जीत है।

भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में गत चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता जोड़ी को 21-17 से हराने के बाद दूसरे गेम में भी अच्छी शुरुआत की, मगर उनके डेनिश प्रतिद्वंदियों ने मैच में वापसी का प्रयास किया और स्कोर 14-14 पर आ गया। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने गियर बदला और अर्जुन के शानदार सर्व की बदौलत गेम को 21-16 पर समाप्त किया।

चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी को ग्वाटेमाला के जॉनथन सोलिस और अनिबल मारोक्विन को 21-8, 21-10 से हराने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

इसी बीच, दक्षिण कोरिया की एचवाई कॉन्ग और एसवाई किम ने कड़े मुकाबले में अश्विनी भट्ट और शिखा गौतम की युवा भारतीय जोड़ी को 21-5, 18-21, 21-13 से हराया।

अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी को महिला युगल के दूसरे दौर में जापान की चेन क्विंग चेन और जिया यी ने 21-15, 21-10 से मात दी।

त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद मलेशिया की टैन पर्ली और तिनाह मुरलीधरन के हाथों लगातार चौथी बार 21-08, 21-17 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुईं, वहीं दक्षिण कोरिया की एस सी शिन और एस एच ली ने पूजा डी और संजना संतोष की महिला युगल जोड़ी को 21-15, 21-7 से हराकर चैंपियनशिप में उनका सफर समाप्त किया।

# ‘परमाणु बम का बटन दबाने में देर नहीं करूंगी’ ब्रिटिश पीएम की उम्मीदवार बोलीं



नई दिल्ली। ब्रिटेन में इन दिनों प्रधानमंत्री के चुनाव को लेकर काफी गहमागहमी चल रही है। भारतीय मूल के ऋषि सुनक और उनकी प्रतिद्वंद्वी लिज ट्रस मैदान में हैं। दोनों नेता बोरिस जॉनसन के उत्तराधिकारी की दौड़ में शामिल हैं।

अपने चुनाव प्रचार में दोनों तेज तर्रार भाषण देते नजर आ रहे हैं। इसी बीच लिज ट्रस ने ऐसा बयान दे दिया कि उसकी चर्चा होने लगी। उन्होंने रूस यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध और परमाणु बम को लेकर बयान दिया है।

### जरूरत पड़ने पर बटन दबाने के लिए तैयार

दरअसल, ऋषि सुनक और लिज ट्रस दोनों अपने-अपने लिए जोरदार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसी बीच सोमवार को लिज ट्रस ने बर्मिंघम में एनईसी हस्टिंग्स इवेंट में कहा कि अगर जरूरत पड़ती है तो वह जरूरत पड़ने पर तत्काल परमाणु बम का बटन दबाने के लिए तैयार हैं, वे पीछे नहीं हटेंगी। उन्होंने यह बात तब कही जब कार्यक्रम के होस्ट ने उनसे परमाणु युद्ध से जुड़े फैसले को लेकर सवाल किया।

मिरर की एक रिपोर्ट के मुताबिक लिज ट्रस ने कहा कि अगर वह पीएम बनती हैं तो परमाणु युद्ध करने के लिए भी तैयार हैं।

लिज ट्रस ने बिना किसी इमोशन के कहा कि वह परमाणु हमले के आदेश देंगी। हालांकि लिज ने यह जरूर कहा कि यह कोई विकल्प नहीं होगा बल्कि प्रधानमंत्री की ड्यूटी होगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं ऐसा करने के लिए हमेशा तैयार रहूंगी।

### पुतिन के खिलाफ खड़े होने के इरादों को जताया

लिज ट्रस का बयान एक ऐसे समय में आया है जब रूस-यूक्रेन का युद्ध चल रहा है।

इससे पहले भी ट्रस ने पुतिन के खिलाफ खड़े होने के अपने इरादों को जताया था। एक तथ्य यह भी है कि फरवरी में यूक्रेन पर हमले के बाद से ही ब्रिटेन के परमाणु बम हाई अलर्ट पर हैं।

### लिज ट्रस और ऋषि सुनक के बीच टक्कर

बता दें कि ब्रिटिश पीएम के चुनाव में लिज ट्रस और ऋषि सुनक के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। हालांकि सर्वे बताते हैं कि लिज प्रधानमंत्री बन सकती हैं। उधर अपने चुनाव प्रचार में ऋषि सुनक ने कहा कि मैं आखिरी दिन तक एक-एक वोट के लिए लड़ता रहूंगा।

पिछले 30 दिनों में चुनाव प्रचार अभियान में सुनक 16000 पार्टी सदस्यों से संपर्क साधने के लिए 100 कार्यक्रम कर चुके हैं।

## बाढः पाकिस्तान ने अघोषित आपातकाल से निपटने के लिए मांगी विश्विक सहायता

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत एवं पुनर्वास और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक वीडियो संदेश में कहा,मौजूदा राहत अभियान में 80 अरब रुपये की जरूरत है और नुकसान से उबरने के साथ-साथ पीड़ितों के पुनर्वास के लिए भी सैकड़ों अरबों रुपये की जरूरत है। पाकिस्तान में जुलाई से अब तक आई भारी बाढ़ में कम से कम 830 लोगों की जान जा चुकी है, ऐसे में सरकार ने मंगलवार को एक अंतरराष्ट्रीय अपील शुरू करने का फैसला किया जिसमें बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत एवं पुनर्वास और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए धन की मांग की गई। समाचारपत्र ‘डान’ की बुधवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक यह निर्णय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा पाकिस्तान में बाढ़ आपातकाल पर तत्काल ब्रीफिंग के दौरान किया गया।

# यूक्रेन युद्ध को 6 महीने पूरे, खुल गई रूस की सेना और अर्थव्यवस्था की पोल



मॉस्को। यूक्रेन पर रूस के हमले को 6 महीने पूरे हो गए हैं। इस युद्ध ने रूस की सेना और अर्थव्यवस्था दोनों की ही पोल खोलकर रख दी है। जब युद्ध शुरू हुआ था तब अमेरिका और पश्चिमी देशों के भी जानकारों को भी यही लगता था कि रूस की उन्नत सेना के आगे यूक्रेन कुछ दिन भी नहीं टिक पाएगा। अमेरिका के एक सैन्य अधिकारी ने यह भी कहा था कि 72 घंटे के अंदर ही कीव घुटने टेक देगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हालांकि आधा साल बीत जाने के बाद भी यूक्रेन ने हार नहीं मानी है। वहीं रूस की सेना और अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहंचा है। हमला करने के पीछे रूस ने भले ही सोचा हो कि वह दुनिया के सामने अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगा लेकिन उसको इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हो पाया। स्कॉटलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट ऐंड्रूज के प्रोफेसर ओ ब्रायन ने कहा कि रूस की सेना अमेरिका के सामने कुछ भी नहीं है। इस युद्ध में यूक्रेन को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। बहुत सारी इमारतें गिर गईं, लोग मारे गए और अर्थव्यवस्था भी खराब हो गई। युद्ध में राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की एक वॉरटाइम लीडर के रूप में उभरकर सामने आए। उन्होंने कई देशों को रूस के खिलाफ एकजुट करने का काम किया और रूस की सेना को भारी नुकसान भी पहुंचाया। बढ़ते आर्थिक दबाव के साथ ही अमेरिका और यूके जैसे देश उसके साथ खड़े हैं और सैन्य सहायता भी दे रहे हैं।

### क्या अब है ‘नाटो’ की बारी

युद्ध शुरू होने के बाद से ही रूस ‘नाटो’ देशों को धमकी देता रहा है। माना जाता था कि रूस अपने पड़ोसी देशों पर भी हमला कर सकता है। लेकिन अब रूस की अर्थव्यवस्था देखकर ऐसा नहीं लगता है। हाल के आंकड़ों के मुताबिक प्रतिबंधों के चलते रूस की अर्थव्यवस्था 12 फीसदी तक सिकुड़ गई है। वहीं यूरोप में भी नेचुरल गैस की भारी किल्लत पैदा हो गई है। यहां प्राकृतिक गैस की कीमतों में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। अगस्त में किए गए एक सर्वे के मुताबिक 98 फीसदी यूक्रेनियों का कहना है कि वे रूस से युदध जीत सकते हैं। वहीं रूस लंबे समय तक टिकने के लिए रूस के पास ताकत नहीं है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक रूस के 70 से 80 हजार सैनिक हताहत हुए हैं। अफगानिस्तान युदध के समय सोवियत संघ ने एक दशक में उतने सैनिक गंवाए थे जितने कि यूक्रेन में आधे साल में ही गंवा दिए हैं।

## थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री प्रयुत को किया निलंबित

बैंकॉक। थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने बुधवार को प्रधानमंत्री प्रयुत चान-ओ-चा को उनके पद से अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया। जापान के निक्केई एशिया ने यह जानकारी दी। अदालत का यह प्रभावी आदेश आज विपक्ष द्वारा दायर एक याचिका के बाद आया है। साथ ही प्रधानमंत्री के आठ साल के कार्यकाल की अवधि की समीक्षा का फैसला भी किया। थाईलैंड के संविधान में प्रधानमंत्री का कार्यालय आठ साल का होता है। श्री प्रयुत का निलंबन न्यायालय के अगले आदेश तक जारी रहेगा। याचिका सोमवार को मुख्य विपक्षी दल द्वारा दायर की गई थी, जिसमें तर्क दिया गया था कि 2014 में थाईलैंड के सेना प्रमुख के रूप में तख्तापलट करने के बाद सैन्य सरकार के प्रमुख के रूप में बिताया गया समय उनके संवैधानिक रूप से निर्धारित आठ साल के कार्यकाल से ज्यादा है। श्री प्रयुत के पास जवाब देने के लिए 15 दिनों का समय है।

## कोविड की तीनों खुराक लेने वालों को जापान आने की अनुमति : प्रधानमंत्री

टोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने बुधवार को कोविड-19 के नियमों में ढील देते हुए कहा कि कोरोना की तीनों खुराक लेने वालों को देश में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। जापानी प्रसारणकर्ता एनएचके ने यह जानकारी दी। श्री किशिदा की घोषणा के मुताबिक जापान द्वारा मान्यताप्राप्त कोविड-19 टीकों की तीनों खुराक लेने वालों को सात सितंबर से देश में प्रवेश करने की अनुमति दी गयी है और उन्हें 72 घंटे पहले पीसीआर जांच की निगेटिव रिपोर्ट दिखाने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रधानमंत्री किशिदा रविवार को कोविड-19 से संक्रमित पाए गए और उनका अपने अधिकारिक आवास में उपचार किया जा रहा है।

## वैश्विक सुरक्षा के लिए संवाद और सहयोग अनिवार्य : गुटेरेस


न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि विश्व वर्तमान में सर्वाधिक खतरनाक दौर से गुजर रहा है और वैश्विक शांति का एक मात्र रास्ता आपसी संवाद तथा सहयोग है। श्री गुटेरेस मंगलवार को सुरक्षा परिषद में ‘अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा अनुरक्षण: संवाद और सहयोग के माध्यम से सामान्य सुरक्षा को बढ़ावा देना’ के मुद्दे पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। महासचिव ने कहा, इस वक्त दुनिया के सामने सबसे अधिक खतरा है। सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संवाद और सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हमारी सामूहिक सुरक्षा की मांग है कि हम अपने सामने आने वाले खतरों और चुनौतियों की एक सामान्य समझ बनाने के लिए हर पल का उपयोग करें। श्री गुटेरेस ने कहा,सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम चुनौतियों के प्रति अपने संयुक्त उत्तरदायित्व को वास्तविकता की धारतल पर साकार करने के लिए प्रयत्नशील रहें। इस बैठक का मुख्य मुद्दा है कि शांति का मार्ग संवाद और सहयोग से बनता है।

## इजरायल,अमेरिका ने पहले साइबर वित्तीय सहयोग समझौते पर किए हस्ताक्षर

**यरुशलेम।** इजरायल और अमेरिका ने साइबर-वित्तीय सहयोग के लिए पहले समझौते पर हस्ताक्षर किए। इजरायल के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को इजरायली मंत्रालय और अमेरिकी ट्रेजरी विभाग द्वारा हस्ताक्षरित समझौता दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों और सहयोग को मजबूत करने में योगदान देगा। समझौते में वित्तीय साइबर सूचनाओं को साझा करना शामिल है, जैसे कि साइबर सुरक्षा, खतरे और वित्तीय प्रणालियों की लचीलापन को मजबूत करने के लिए कार्य पद्धति। बयान में कहा गया है कि दोनों देश संयुक्त सीमा पार साइबर-वित्तीय अभ्यास करने के लिए भी सहमत हैं। पहला अभ्यास इस साल के अंत में होने की उम्मीद है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा





# प्रकृति की गोद में बसा है चांगलांग

अरुणाचल प्रदेश का चांगलांग प्राकृतिक सौंदर्य, विविधतापूर्ण संस्कृति, अनूठी परंपराओं और सुरम्य पहाड़ियों के लिए जाना जाता है। सुंदर घाटियों के बीच और ऊंचे पहाड़ों से घिरे चांगलांग की ऊंचाई 200 मीटर से 4500 मीटर है। चांगलांग मानव जाति के लिए प्रकृति के किसी उपहार से कम नहीं है। चांगलांग की लंबी पर्वत श्रृंखलाओं की गोद में पर्यटक ताजगी और सुकून महसूस करते हैं।

### चांगलांग आने का सही समय

चांगलांग में पूरे साल सुखद जलवायु रहती है। हालांकि, नवंबर से फरवरी के सर्दियों के महीने में यहां का 12 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस तक रहता है।

## चांगलांग के दर्शनीय स्थल

### द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की कब्र



प्राचीन प्राकृतिक सौंदर्य और जीवंत संस्कृति से समृद्ध चंगलांग ऐतिहासिक युद्धों का गवाह रह चुका है। द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गए सैनिकों के लिए यहां कब्रिस्तान बना है, जिसे जयरामपुर कब्रिस्तान के रूप में भी जाना जाता है। निराशाजनक यादों और भयावहता का एक रूप चांगलांग के मैदान में दफन है जहां द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की कब्र हैं। यहां दफन शहीद भारत, चीन, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कई देशों के हैं। यह स्थान न केवल अतीत में लिए गए मानव के गलत एवं घातक निर्णयों का साक्षी है, बल्कि आपको उस समय असहायता और नुकसान का भी सामना करवाता है।

### नामदफा नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व

इसे वर्ष 1983 में सरकार द्वारा एक प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व घोषित किया गया। भारत के चांगलांग में स्थित नामदफा नेशनल पार्क एक आश्चर्यजनक पार्क है, जो बड़े पैमाने पर 1985.25 वर्ग किलोमीटर भूमि के क्षेत्र में फैला हुआ है। पराक्रमी हिमालयी पर्वतमाला के करीब स्थित यह पार्क 200 मीटर से 4500 मीटर के बीच विभिन्न ऊंचाइयों पर फैला हुआ है। वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के अद्भुत आकर्षण के साथ इस पार्क में बाघ, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, हाथी और हिमालयी काले भालू जैसे वन्यजीवों के कुछ बेहतरीन किस्में मौजूद हैं। पर्यटकों को इस पार्क में रहने वाले जानवर बहुत आकर्षित करते हैं।

### मियाओ

नोआ-देहिंग नदी के तट पर एक छोटा सा कस्बा है मियाओ। यह चांगलांग की सबसे सुरम्य बस्तियों में से एक है। यह स्थान कुछ तिब्बती शरणार्थियों का भी घर है, जो आश्चर्यजनक डिजाइन और बेहतरीन ऊनी कालीनों का उत्पादन करते हैं। चांगलांग में स्थित मियाओ आपको अपने मंत्रमुग्ध करने वाले नजारों से विस्मित कर देगा है।

### लेक ऑफ नो रिटर्न

लेक ऑफ नो रिटर्न का न केवल नाम अनूठा है, बल्कि इसके पीछे एक दिलचस्प कहानी भी है। इतिहास के अनुसार झील द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दुश्मनों द्वारा मारे गए हवाई जहाजों की आसान लैंडिंग में सहायता करती थी। इसी काम के लिए झील का उपयोग करने के दौरान कई एयरक्राफ्ट लैंडिंग करते समय इसी जगह पर मारे गए और इसलिए इस झील का ये नाम पड़ा।


### चांगलांग कैसे पहुंचें?

**हवाई मार्ग द्वारा:** चांगलांग का निकटतम हवाई अड्डा असम के डिब्रूगढ़ में स्थित मोहनबाड़ी है, जो शहर से लगभग 182 किमी की दूरी पर है। हवाई अड्डे से चांगलांग के लिए नियमित कैब सेवाएं उपलब्ध हैं।

**रेल मार्ग द्वारा:** चांगलांग का निकटतम रेलवे स्टेशन असम के तिनसुकिया में स्थित है, जो शहर से लगभग 141 किमी की दूरी पर स्थित है और देश के अन्य हिस्सों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।

**सड़क मार्ग द्वारा:** चांगलांग बस स्टेशन देश के सभी प्रमुख हिस्सों से रोडवेज के माध्यम से जुड़ा हुआ है।

## अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन और दर्शनीय स्थल



अगर आप अरुणाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं तो आप निम्न पर्यटन स्थलों को अपनी यात्रा की सूची में शामिल कर सकते हैं।

### प्रमुख के पर्यटन स्थल तवांग

तवांग अरुणाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी खूबसूरती से पर्यटकों को बेहद आकर्षित करता है। लगभग 3048 मीटर की ऊंचाई पर स्थित तवांग महत्वपूर्ण और सुंदर मठों के लिए जाना जाता है और दलाई लामा के जन्म स्थान के रूप में प्रसिद्ध है। तवांग एक ऐसी जगह है, जो आध्यात्मिकता की खुशबू में लिपटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता से आपको रोमांचित करेगी। सुंदर आर्किड अभयारण्य और टिपी ऑर्किड अभयारण्य तवांग में घूमने की अच्छी जगहों में शामिल हैं। यात्रा के दौरान इस क्षेत्र के अनूठे व्यंजनों का लुत्फ उठाना न भूलें।

### प्रमुख दर्शनीय स्थल ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर एक प्राकृतिक स्वर्ग है, जो हिमालय के पर उत्तरी छोर पर स्थित है। हाल ही में इटानगर को सरकार द्वारा पर्यटकों के लिए खोला गया है। शहर की विरासत और आदिवासी संस्कृति, जो दशकों और सदियों पुरानी है वो आज भी यहां बरकरार है। 15 वीं शताब्दी का इटा-किला, पौराणिक गंगा झील, जिसे ग्यार सिनि और बुद्ध विहार के नाम से जाना जाता है, दलाई लामा द्वारा संरक्षित यह महत्वपूर्ण आकर्षण हैं। यहां का मौसम पर्यटकों को आकर्षित करता है। यूपिया शहर राज्य का प्रमुख आकर्षण है। आप दोनों शहरों को एक साथ कवर कर सकते हैं। आप अरुणाचल प्रदेश की यात्रा करने जा रहे हैं तो आपको इटानगर को यात्रा सूची में जरूर शामिल करना चहिए।

### घूमने लायक जगह जीरो

जीरो अरुणाचल प्रदेश में एक विचित्र पुराना शहर है, जो अपा तानी जनजाति का घर है और अपनी देवदार की पहाड़ियों और चावल के खेतों के लिए प्रसिद्ध है। जीरो में जलवायु हल्की होती है, जिससे पूरे वर्ष यात्रा करना आरामदायक होता है।

### देखने लायक जगह बोमडिला

बोमडिला अरुणाचल प्रदेश का एक सुंदर शहर है। बोमडिला कई स्थानों जैसे मंदिरों और वन्यजीव अभयारण्यों से भरपूर है। यहां पर बौद्ध और हिंदू दोनों मंदिर यहां पाए जाते है। इसके अलावा यहां पर्यटक सेब के बगीचे और ईगल नेस्ट वाइल्डलाइफ अभयारण्य की सैर भी कर सकते हैं।

### आकर्षण स्थल भालुकपोंग

भालुकपोंग अरुणाचल प्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो प्रकृति प्रेमी का स्वर्ग होने के अलावा कई वन्यजीवों को एक्स्प्लोर करने का मौका देता है। भालुकपोंग वातावरण से कई गतिविधियों की मेजबानी करता है। यहां जगल में बहने वाली कामेंग नदी शहर को और आकर्षक बनाती है। भालुकपोंग में आप पैदल यात्रा, ट्रेकिंग, कैंपिंग और फिशिंग का मजा ले सकते हैं। पखुई खेल अभयारण्य में बाघों, हाथी। बार्किंग डियर के साथ पक्षियों को देख सकते हैं।

### दर्शनीय स्थल रोइंग

रोइंग यहां का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो बर्फ से ढकीं पहाड़ियों, गहरी घाटियों, अशांत नदियों, झरने, शांत झीलों, पुरातात्विक स्थल, शांति स्थलों से भरा है। जो भी पर्यटक यहां आता है, वो कभी निराश होकर नहीं जाता। रोइंग में प्रकृति प्रेमियों के लिए कई झीलें और घाटियां हैं, जो इसे स्वर्ग बनाती हैं। भीष्मनगर किला और नेहरू उद्योग इसके ऐतिहासिक महत्व को बताते हैं।

### पर्यटन स्थल खोंसा

समुद्र तल से 1,215 मीटर औसत ऊंचाई पर, खोंसा एक सुंदर सा हिल स्टेशन है, जो प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। खोंसा अरुणाचल प्रदेश में तिरप जिले का मुख्यालय है और यह हिमालय पर्वतमाला से घिरे तिरप घाटी में स्थित है। खोंसा के मुख्य आकर्षण धाराएं, गहरी घाटियां, घने जंगल और बर्फ से ढकी पहाड़ियां हैं, जो पर्यटकों को यहां आने के लिए मजबूर करती हैं। पूर्व में म्यांमार की सीमा के साथ खोंसा एक सैन्य क्षेत्र है।



## अरुणाचल प्रदेश का खूबसूरत कमलंग वन्यजीव अभयारण्य

अगर आप प्रकृति के करीब जाकर कुछ अलग अनुभव करना चाहते हैं, तो आप अरुणाचल प्रदेश की यात्रा का प्लान बना सकते हैं। अरुणाचल प्रदेश, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में से एक है, जो पूर्व में भूटान, उत्तर और पूर्वोत्तर में चीन, दक्षिणपूर्व में म्यांमार और दक्षिण में असम और नागालैंड राज्यों से घिरा हुआ है। पर्यटन के लिहाज से यह राज्य काफी खास माना जाता है, जहां दूर-दूर से सैलानी अपने मनोरंजन और रोमांच को दोगना करने के लिए आते हैं। एक शानदार अवकाश के लिए आप यहां का प्लान अपने परिवार या दोस्तों के साथ बना सकते हैं। इस राज्य का इतिहास कई हजार साल पुराना है, जिसका उल्लेख हिंदू धर्म के महाकाव्यों में भी मिलता है। यहां चारों तरफ फैले पहाड़ और हरियाली को देखकर पर्यटक काफी रोमांचित हो उठते हैं। यहां स्थित बौद्ध मठ विश्व भर में प्रसिद्ध हैं, आत्मिक और मानसिक शांति के लिए यहां दुनिया भर से नामचीन लोगों का भी आगमन होता है। अरुणाचल प्रदेश में पक्षियों की 500 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से कई अत्यधिक लुप्तप्राय हैं। अरुणाचल प्रदेश निर्मल पहाड़ों से भरा हुआ है जो सर्दियों के दौरान पर्यटकों की यात्रा को यादगार बनाते हैं और लुहावने दृश्य प्रस्तुत करते हैं। पहाड़ी आकर्षण से अलग यहां के वन्यजीव अभयारण्य सैलानियों को काफी ज्यादा प्रभावित करते हैं। इस आलेख में जानिए अरुणाचल प्रदेश के खूबसूरत कमलंग वन्यजीव अभयारण्य के बारे में, यह अभयारण्य आपको किस प्रकार आनंदित कर सकता है।

### कमलंग वन्यजीव अभयारण्य

कमलंग वाइल्ड लाइफसेंचुरी, अरुणाचल प्रदेश का एक खूबसूरत वन्यजीव अभयारण्य है, जो राज्य के लोहित जिले में स्थित है। इस अभयारण्य को 1989 में स्थापित किया गया था। चूंकि यह आरक्षित वन क्षेत्र यहां की कमलंग नदी के आसपास विकसित है, इसलिए इसका नाम नदी के नाम पर रखा गया था। यह सेंचुरी न सिर्फ वनस्पति और जंगली जीवों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करती है, बल्कि मिसमी, दिगारु, मिजो जैसी कई जनजातियां भी इसी अभयारण्य के आसपास रहती हैं।



इन जनजातियों को मानना है कि ये महाभारत के रुकमो नामक राजा के वंशज हैं। हालांकि इस बात में कितनी सच्चाई है, इस बात का कोई सटीक प्रमाण नहीं मिलता। उष्णकटिबंधीय और उप उष्णकटिबंधीय जलवायु क्षेत्रों में स्थित यह अभयारण्य भारत की चार बड़ी बिल्ली प्रजातियों (बाघ, तेंदुआ, स्नो लेपर्ड और क्लाउडेड लेपर्ड) का निवास स्थान भी है। कमलंग वन्यजीव अभयारण्य लोहित जिले के दक्षिण-पूर्व भाग में स्थित है और 783 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है। यहां कई खूबसूरत जलाशय भी मौजूद हैं, जिनमें ग्लो झील और परशुराम कुंड काफी लोकप्रिय हैं। ये जलाशय काफी ऊंचाई पर स्थित है, जहां पहुंचने के लिए आपको ट्रेकिंग का सहारा लेना होगा। परशुराम कुंड के दर्शन करने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं का भी आगमन होता है। आगे जानिए इस अभयारण्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां।

### आने का सही समय

कमलंग वाइल्ड लाइफ सेंचुरी का भ्रमण आप किसी भी समय कर सकते हैं, यहां का मौसम सालभर शानदार बना रहता है, लेकिन यहां आने का आदर्श समय अक्टूबर से लेकर अप्रैल के मध्य का बताया जाता है, क्योंकि इस दौरान यह अभयारण्य हरियाली से भरा रहता है। इस दौरान आप यहां अपने आनंद को दोगना कर सकते हैं।

पूर्वोत्तर भारत का अरुणाचल प्रदेश हमेशा से ही देश के अनन्वेषित (अनिक्स्प्लॉर्ड) स्थलों में रहा है। इसके पीछे का कारण यातायात और कनेक्टिविटी की कमी है, लेकिन इसके बावजूद इस पर्वतीय राज्य की प्राकृतिक खूबसूरती को नकारा नहीं जा सकता है। अरुणाचल प्रदेश पर्यटन के लिहाज से एक समृद्ध भूखंड है, यहां घूमने-फिरने और देखने के लिए कई शानदार स्थल मौजूद है। जायकेदार व्यंजनों से लेकर आप यहां शानदार बायोडायवर्सिटी स्पॉर्ट्स का भी आनंद उठा सकते हैं।

एक ट्रैवलर की यात्रा को यादगार बनाने के लिए यहां बहुत कुछ उपलब्ध है। यहां के जलप्रपात भी सैलानियों को काफी ज्यादा प्रभावित करते है। इस लेख में जानिए अरुणाचल प्रदेश के चुनिंदा सबसे खास जलप्रपातों के बारे में, जिन्हें आप अपनी पूर्वोत्तर की यात्रा डायरी का हिस्सा बना सकते हैं।

### नूरानंग जलप्रपात

अरुणाचल प्रदेश के जलप्रपातों की सैर आप यहां से सबसे प्रसिद्ध नूरानंग फॉल से कर सकते है। यह झरना राज्य का लोकप्रिय पर्यटन स्थल गिना जाता है। 100 मीटर की अपनी ऊंचाई के साथ यह निस्संदेह पूर्वोत्तर भारत में सबसे खूबसूरत झरनों में से एक है। इस जलप्रपात को बोंग-बोंग फॉल्स के नाम से भी जाना जाता है। नूरानंग जलप्रपात बोमडिला और तवांग को जोड़ने वाली सड़क के पास जंग से कुछ किमी की दूरी पर स्थित है। जलप्रपात के आधार पर एक छोटा विद्युत संयंत्र भी लगाया गया है। तवांग नदी से जुड़ा यह जलप्रपात चट्टानी पहाड़ियों की ढलान से नीचे गिरता है। जिसकी आवाज बहुत दूर से भी सुनी जा सकती है। इस झरने का नाम एक नूरा नाम की एक मोन्पा लड़की पर पड़ा है, जिसने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान एक भारतीय सैनिक की मदद की थी। इसके अलावा इसके दृश्यों को बॉलीवुड की फिल्मों में भी दर्शाया गया है, अगर आपको फिल्म कोयला याद है, तो उसमें एक गीत की पृष्ठभूमि के लिए इस जलप्रपात का चयन किया गया था। यह एक खास झरना है, आपको यहां जरूर आना चाहिए।

### बिरसा मुंडा झरना

नूरानंग जलप्रपात के अलावा भी आप अरुणाचल प्रदेश के अन्य जलप्रपातों की सैर का प्लान बना सकते हैं। आप यहां के बिरसा मुंडा झरने की सैर कर सकते हैं। यह जलप्रपात राज्य के मेचुका जाने वाले रास्ते के दौरान पड़ता है। हालांकि यह एक अज्ञात झरना, जिसके विषय में अधिकांश ट्रैवलर नहीं जानते हैं। यहां तक आप स्थानीय निवासियों की मदद से पहुंच सकते हैं। प्राकृतिक खूबसूरती के मध्य बसा यह झरना आत्मिक और मानसिक शांति का अनुभव कराता है। खासकर प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए यह एक आदर्श जगह है। अगर आप अज्ञात स्थलों की सैर के साथ रोमांच का शौक रखते हैं, तो यहां जरूर आएं। बिरसा मंडा जलप्रपात की खूबसूरत आपको सच में वशीभूत कर लेगी।

### बाप तेंग कांग


अगर आप अपने पर्यटन क्षेत्र का विस्तार करना चाहते हैं तो अरुणाचल प्रदेश के तवांग से 82 किमी दूर स्थित बाप तेंग कांग जलप्रपात की सैर कर सकते हैं। 100 फीट की ऊंचाई वाला यह झरना यहां के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले पर्यटन स्थलों में से एक है, जहां सैलानी जाना पसंद करते हैं। यह झरना प्रकृति प्रेमियों को अपने अद्भुत दृश्यों के साथ आकर्षित करता है। यह जलप्रपात बीटीके वॉटरफॉल के नाम से भी प्रसिद्ध है। यहां साफ पानी आपको नहाने के लिए जरूर मजबूर करेगा। एक शानदार अनुभव के लिए आप इस स्थल को अपनी यात्रा डायरी का हिस्सा बना सकते हैं।

### सिर्की जलप्रपात

बिरसा मुंडा जलप्रपात की तरह है, सिर्की जलप्रपात एक अज्ञात झरना है, जहां ज्यादातर ट्रैवलर पहुंच ही नहीं पाते। यह जलप्रपात राज्य के पासीघाट में स्थित है। यह एक खास स्थल है, जहां आप प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने के साथ-साथ ट्रेकिंग, हाइकिंग, पिकनिक जैसी रोमांचक गतिविधियों का भी आनंद उठा सकते हैं। इसके अलावा एडवेंचर के शौकीन यमबंग और सिर्की से पासीघाट तक राफ्टिंग का रोमांचक अनुभव भी ले सकते हैं। अपनी अरुणाचल प्रदेश की यात्रा को यादगार बनाने के लिए आप यहां जरूर आएं।

### जलप्रपातों की अलावा : गंगा झील

जलप्रपातों के अलावा आप यहां जलीय आकर्षणों में राज्य की गंगा झील की सैर का प्लान भी बना सकते हैं। यह एक प्रसिद्ध झील है, जो राजधानी इटानगर से कुछ किमी दूर स्थित है। इस झील को इसके आसपास का प्राकृतिक माहौल खास बनाने का काम करता है। यहां की पहाड़ियां इस झील को जीवंत रूप प्रदान करती है। पर्यटन को ध्यान में रखते हुए यहां बोटिंग सुविधा उपलब्ध है। एक शानदार अनुभव के लिए आप यहां जा सकते हैं।



## अरुणाचल प्रदेश के जलप्रपात

CMYK CMYK CMYK CMYK